# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

रविवार, 17 मार्च, 2024 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 76, पेज 12, 2.00 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com


## लक्षद्वीप में पेट्रोल व डीजल 15.3 रुपये सस्ता

लक्षद्वीप में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 15 .3 रुपये प्रति लीटर तक की कटौती की गयी है। } 11

## तीन देशों के दौरे पर विदेशमंत्री जयशंकर

विदेश मंत्री एस. जयशंकर 23 से सिंगापुर, फिलीपीन व मलेशिया की यात्रा पर जायेंगे। यात्रा का उद्देश्य भारत व इन देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देना और आपसी चिंता के मुद्दों पर चर्चा करना है। } 12



# लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी

## 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में होंगे चुनाव, चार जून को आयेंगे परिणाम







**लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम** — नतीजे 04 जून

| चरण | पहला | दूसरा | तीसरा | चौथा | पांचवां | छठा | सातवां |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीटें | 102 | 89 | 94 | 96 | 49 | 57 | 57 |
| राज्य | 21 | 13 | 12 | 10 | 8 | 7 | 8 |
| अधिसूचना | 20 मार्च | 28 मार्च | 12 अप्रैल | 18 अप्रैल | 26 अप्रैल | 29 अप्रैल | 7 मई |
| नामांकन | 27,28 मार्च | 04 अप्रैल | 19 अप्रैल | 25 अप्रैल | 03 मई | 06 मई | 14 मई |
| जांच | 28,30 मार्च | 5,6 अप्रैल | 20 अप्रैल | 26 अप्रैल | 04 मई | 07 मई | 15 मई |
| नाम वापसी | 30 मार्च, 02 अप्रैल | 8 अप्रैल | 22 अप्रैल | 29 अप्रैल | 06 मई | 09 मई | 17 मई |
| मतदान | 19 अप्रैल | 26 अप्रैल | 07 मई | 13 मई | 20 मई | 25 मई | 01 जून |

नोट: मणिपुर की एक सीट पर दो चरण में चुनाव इसलिए कुल सीटों का जोड़ 544 है।

एजेंसी

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा कर दी। इस बार चुनाव 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में होंगे और मतगणना चार जून को होगी। इस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में आने का प्रयास करेंगे, वहीं विपक्षी दल उनका विजय रथ रोकने के लिए पूरा दमखम लगाएंगे।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने यहां संवाददाता सम्मेलन में चुनाव की तारीखों का ऐलान किया। इसके साथ ही आयोग ने घोषणा की कि अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव 19 अप्रैल को और आंध्र प्रदेश में 13 मई को होंगे। ओडिशा विधानसभा के चुनाव चार चरणों में 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को होंगे। कुमार ने दो नए चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 26 विधानसभा क्षेत्रों के लिए उपचुनाव भी होंगे। उन्होंने कहा कि बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में सभी सात चरणों में मतदान होगा। पहले चरण में 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीट पर मतदान होगा। कुमार ने बताया कि दूसरे चरण में 26 अप्रैल को 13 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 89 सीट पर मतदान होगा। सात मई को तीसरे चरण में, 12 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 94 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। चौथे चरण में 13 मई को 10 राज्यों के 96 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। पांचवें चरण में 20 मई को आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीट पर मतदान होगा। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 25 मई को सात राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 57 सीट पर मतदान होगा। सातवें और अंतिम चरण में एक जून को आठ राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की 57 सीट पर मतदान होगा। कुमार ने बताया कि 18वीं लोकसभा के गठन के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही देश में आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। इसके साथ ही सरकार ऐसा कोई नीतिगत फैसला नहीं कर सकेगी, जो मतदाताओं के फैसले को प्रभावित कर सके। कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 में कुल 97 करोड़ पंजीकृत ...शेष पृष्ठ 10 पर

## देश के 12 राज्यों में महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ी

एजेंसी

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने शनिवार को कहा कि देश के 12 राज्यों में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है और देश में कुल 47.1 करोड़ महिलाएं मतदाता सूची में पंजीकृत हैं। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि देश में लिंगानुपात 1000 पुरुषों पर 948 महिलाओं का है जो चुनावी चक्र में महिलाओं की भागीदारी का बहुत अच्छा संकेत है। उन्होंने कहा 12 राज्य ऐसे हैं जहां लिंगानुपात 1000 से अधिक है। इसका मतलब है कि इन राज्यों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों की तुलना में अधिक है। करीब 1.89 करोड़ नए मतदाता शामिल हुए हैं, जिनमें ...शेष पृष्ठ 10 पर



संक्षेप

## प्रसार भारती के चेयरमैन बने नवनीत सहगल



नयी दिल्ली। सेवानिवृत्त नौकरशाह नवनीत कुमार सहगल को प्रसार भारती का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया है। यह पद चार साल से खाली था। वह ए. सूर्य प्रकाश का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल फरवरी 2020 में समाप्त हो गया था। प्रकाश 70 वर्ष के हो गए थे, जो इस पद के लिए अधिकतम ...शेष पृष्ठ 10 पर

## स्टाफ नर्स समेत चार भर्तियों की परीक्षा स्थगित

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित होने वाली स्टाफ नर्स भर्तीऔर अपर निजी सचिव, सहायक नियोजक सहित कई परीक्षा स्थगित कर दी गई है। परीक्षा की नई तिथि अभी घोषित नहीं की गई है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से परीक्षाएं स्थगित करने का सिलसिला जारी है। अब स्टॉफ नर्स, अपर निजी सचिव समेत चार भर्तियों की परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। आयोग की ओर से इस बाबत सूचना भी जारी कर दी गई है।

## बुजुर्ग व 40% से अधिक दिव्यांगता वाले लोग घर से ही दे सकेंगे वोट

एजेंसी

नयी दिल्ली। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को घोषणा की कि लोकसभा चुनाव में पहली बार 85 वर्ष से अधिक आयु के लोग और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले लोग घर से मतदान कर सकेंगे। उन्होंने कहा हम 85 वर्ष से अधिक आयु वालों के लिए घर पर वोट देने की सुविधा के लिए तैयार हैं और नामांकन से पहले हम विकल्प चुनने के लिए उनके घरों में फॉर्म 12डी भेजेंगे।

कुमार ने यहां लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा हमने पहले भी विधानसभा चुनावों में देश के कुछ हिस्सों में यह कोशिश की थी लेकिन यह पहली बार है जब इसे पूरे देश में लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा अगर वे घर से मतदान का विकल्प चुनते हैं तो हम उनके आवास पर उनके लिए मतदान की व्यवस्था करेंगे। हमारा अनुभव है कि इनमें से अधिकांश लोग बूथों पर आना चाहते हैं क्योंकि वे लगातार हमारे लोकतंत्र का हिस्सा रहे हैं अगर वे बूथ पर आते हैं तो उन्हें स्वयंसेवक और व्हीलचेयर की सुविधा मिलेगी। कुमार के अनुसार, 82 लाख पंजीकृत मतदाता 85 वर्ष से अधिक आयु के हैं जबकि दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 88.4 लाख है। कुल 2.18 लाख मतदाता ऐसे हैं जो सौ साल या उससे ऊपर के हैं। कुमार ने कहा कि देश में 97.8 करोड़ पात्र मतदाता हैं, जिनमें से 49.72 करोड़ पुरुष मतदाता हैं और 47.1 करोड़ महिलाएं हैं। कुल 543 लोकसभा ...शेष पृष्ठ 10 पर

## यूपी में सात चरणों में होंगे लोकसभा चुनाव

○ प्रदेश में 15.34 करोड़ मतदाता ○ 8.17 करोड़ पुरूष ○ 7.17 करोड़ महिला ○ 6,638 तृतीय लिंग ○ 12,51,827 दिव्यांग मतदाता

| | यूपी का पहला चरण | यूपी का दूसरा चरण | यूपी का तीसरा चरण | यूपी का चौथा चरण | यूपी का पांचवां चरण | यूपी का छठा चरण | यूपी का सातवां चरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अधिसूचना | 20 मार्च | 28 मार्च | 12 अप्रैल | 18 अप्रैल | 26 अप्रैल | 29 अप्रैल | 7 मई |
| नामांकन | 27 मार्च | 4 अप्रैल | 19 अप्रैल | 25 अप्रैल | 3 मई | 6 मई | 14 मई |
| नाम वापसी | 30 मार्च | 8 अप्रैल | 22 अप्रैल | 29 अप्रैल | 6 मई | 9 मई | 17 मई |
| मतदान | 19 अप्रैल | 26 अप्रैल | 7 मई | 13 मई | 20 मई | 25 मई | 1 जून |
| सीटें | आठ | आठ | दस | 13 | 14 | 14 | 13 |
| | सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, नगीना, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत, | अमरोहा, मथुरा, मेरठ, अलीगढ़, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बागपत, बुलंदशहर, | (संभल, एटा, हाथरस, आगरा, बदायूं, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, आंवला, बरेली) | लखीमपुर धौरहरा, उन्नाव, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, अकबरपुर, कन्नौज, कानपुर, फरुर्खाबाद, इटावा, बहराइच, शाहजहांपुर | मोहनलालगंज, बांदा, झांसी, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, हमीरपुर, फतेहपुर, कौशाम्बी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज, गोंडा | सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, भदोही, जौनपुर, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकरनगर, लालगंज, बस्ती, श्रावस्ती, डुमरियागंज, आजमगढ़, मछलीशहर, संतकबीरनगर, | महराजगंज, गोरखपुर, घोसी, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिजार्पुर, रोबर्ट्सगंज |

विशेष संवाददाता

लखनऊ। लोकसभा के लिए निर्वाचन आयोग ने चुनाव कार्यक्रम का एलान कर दिया है। इसके साथ ही देशभर में आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गई। चुनाव आयोग ने सात चरणों में चुनाव कराने का एलान किया। उत्तर प्रदेश में सभी सात चरणों में मतदान होगा।

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने शनिवार को पत्रकारों को लोकसभा चुनाव की जानकारी देते हुए बताया कि 19 अप्रैल से शुरू होने वाले लोकसभा चुनाव में आखिरी फेज की वोटिंग एक जून को होगी। वहीं 4 जून को नतीजे आएंगे। 19 अप्रैल को पहले चरण की मतगणना होगी। 26 अप्रैल को दूसरे चरण का मतदान होगा। सात मई को तीसरा चरण होगा। 13 मई को चौथा चरण होगा। 20 मई को पांचवां चरण होगा। छठा चरण 25 मई को होगा। एक जून को सातवां चरण में मतदान होगा। चार जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आएंगे। रिनवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के 24 घंटे के भीतर सरकारी सम्पत्तियों 48 घंटे के भीतर सार्वजनिक स्थलों एवं 72 घंटे के ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सपने नहीं, हकीकत बुनती डबल इंजन की सरकार : योगी

### मुख्यमंत्री ने रामपुर को 610 करोड़ और मुरादाबाद को दी एक हजार करोड़ की सौगात

जिला संवाददाता

रामपुर/ मुरादाबाद । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को रामपुर को जहां 610 करोड़ सौगात दी, वहीं मुरादाबाद में एक हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार सपने नहीं, हकीकत बुनती है, तभी सब मोदी को चुनते हैं। रामपुर में उन्होंने कहा कि प्रदेश में 2017 के पहले कर्फ्यू एवं दंगे होते थे जबकि आज यहां नो कर्फ्यू, नो दंगा है, क्योंकि यूपी में सब चंगा है। योगी आदित्यनाथ ने रामपुर के लिए 610 करोड़ रुपये की 84 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के बाद यहां महात्मा गांधी स्टेडियम (फिजिकल ग्राउंड) में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि



सारे पर्व-त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जा रहे हैं, गुरु पर्व हो या होली, ईद हो या दीपावली-क्रिसमस, सभी खुशहाली से मनाए जा रहे हैं। लखनऊ में जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने सर्किट हाउस का निर्माण कराया है, इसका नाम संत शिरोमणि रविदास जी के नाम पर होगा, जिन्होंने कर्म की साधना को महत्व दिया था। योगी ने कहा हर कोई अपने तरीके से पर्व-त्योहार मनाने के लिए स्वतंत्र है। यहां सुरक्षा है तो समृद्धि भी है। आज बेटियों एवं व्यापारियों की सुरक्षा में कोई सेंध नहीं लगा सकता, यदि किसी ने कोशिश की तो यमराज उसे अगले चौराहे पर दबोच डालेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार सुरक्षा और सुविधा भी दे रही है, सरकार जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही है और जब ऐसी सरकार होती है तो देश विकास की नई बुलंदियों को छूता हुआ दिखाई देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले किसानों को बिजली नहीं मिलती थी, इस साल किसानों को फ्री नलकूप में सिंचाई के लिए 26 सौ करोड़ ...शेष पृष्ठ 10 पर

## बख्शा नहीं जायेगा एक भी भ्रष्टाचारी : मोदी

### वंशवादी दलों में भ्रष्टाचार की साझेदारी बहुत मजबूत, राजग को मिलेंगी 400 सीटें

एजेंसी

हैदराबाद। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता के धन शोधन के मामले में गिरफ्तार होने के एक दिन बाद शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आरोप लगाया कि बीआरएस ने अन्य अति भ्रष्ट दलों के साथ साझेदारी कर ली है और कहा कि कोई भी भ्रष्टाचारी बच नहीं पाएगा।

हैदराबाद से करीब 135 किलोमीटर दूर नगरकुरनूल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कांग्रेस और बीआरएस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि दोनों ने मिलकर तेलंगाना के विकास के हर सपने को चकनाचूर कर दिया है। उन्होंने कहा बीआरएस ने राज्य (तेलंगाना) से बाहर जाकर दूसरे महा भ्रष्ट दलों के साथ साझेदारी की। यह सच भी रोज बाहर आ रहा है। उन्होंने कहा किसी भी भ्रष्टाचारी को नहीं बख्शा जाएगा। आज, मैं तेलंगाना के लोगों से वादा कर रहा हूं कि कोई भी भ्रष्टाचारी बच नहीं पाएगा। मुझे भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में तेलंगाना के सहयोग की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और बीआरएस के कथित ...शेष पृष्ठ 10 पर



रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:27 | 4:47 | 6:17 | 4:57 |

भीतर पढ़ें


○ किसानों के लिए बनेंगे 63 नये गोदाम (पृष्ठ-02)
○ अंतर्राष्ट्रीय रामायण व वैदिक शोध संस्थान के निदेशक हटे (पृष्ठ-02)
○ दिल्ली कैपिटल्स की नजरें पहले डब्ल्यूपीएल खिताब (पृष्ठ-11)
○ भारत में ही कराया जायेगा पूरा आईपीएल : जय (पृष्ठ-11)
○ उड़ान सेवा मानदंडों की समय सीमा पर कायम (पृष्ठ-11)


विशेष खबर

### पीटीएस में 889 महिला दरोगा के बैच को एडीजी ए सतीश गणेश ने दिलायी शपथ

## यूपी पुलिस को मिले 8362 दारोगा, योगी ने ली सलामी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। शनिवार को सीएम यूपी योगी आदित्या नाथ ने मुरादाबाद पुलिस अकादमी, पहुंचकर पीटीएस और पीटीसी में पासिंग आउट परेड की सलामी ली और इसी के साथ 2764 दरोगा उत्तर प्रदेश पुलिस का हिस्सा बन गए। इस दौरान पीटीएस में 889 महिला दरोगा के बैच को एडीजी ए सतीश गणेश ने शपथ दिलाई।

पीटीसी में आयोजित परेड की सलामी एडीजी अमित चंद्रा ने ली और शपथ दिलाई। लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेश के 11 प्रशिक्षण केंद्रों में लगभग आठ हजार दरोगा प्रदेश पुलिस को मिले। शनिवार को प्रदेश के सभी 11 पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों में पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया।



मुरादाबाद के तीनों प्रशिक्षण संस्थानों में 2764 दरोगा पास आउट हुए। इसमें 889 महिला दरोगा पासिंग आउट परेड में प्रतिभाग किया। पुलिस अकादमी में पासिंग आउट परेड की सलामी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ली। पीटीएस में एडीजी सतीश गणेश व पीटीसी में अमित चंद्रा ने पासिंग आउट परेड की सलामी ली। इस दौरान डीजी प्रशिक्षण तिलोत्तमा वर्मा और पुलिस अकादमी के एडीजी राजीव सभरवाल मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने चंदन कुमार मिश्र सर्वांग सर्वोत्तम, खुर्शीद आलम आउट डोर और सौरभ कुमार इनडोर टॉपर को सम्मानित किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी चौक चौबंद रही।

डॉ. बीआर आंबेडकर पुलिस अकादमी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशिक्षु दरोगाओं की पासिंग आउट परेड में भाग लिया। उनके इस संबोधन का उत्तर प्रदेश के 11 ट्रेनिंग सेंटरों पर लाइव प्रसारण किया गया। डॉ. बीआर आंबेडकर पुलिस अकादमी में 749 प्रशिक्षु दरोगा, पीटीसी में 1136 और पीटीएस में 889 प्रशिक्षु महिला ...शेष पृष्ठ 10 पर

## भारतीय नौसेना ने विफल किया जहाजों के अपहरण का प्रयास

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय नौसेना ने सोमालिया के पूर्वी तट पर जहाजों के अपहरण के सोमालियाई समुद्री डाकुओं के एक प्रयास को विफल कर दिया। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि समुद्री डाकू रुएन नामक एक मालवाहक जहाज पर सवार थे जिसका करीब तीन महीने पहले अपहरण किया गया था।

नौसेना ने कहा समुद्र में अपहरण के कृत्यों को अंजाम देने के लिए एमवी रुएन का समुद्री डाकुओं के जहाज के रूप में इस्तेमाल किये जाने की जानकारी है। इस जहाज का 14 दिसंबर को सोमालिया के समुद्री डाकुओं ने अपहरण कर लिया था। उसने बताया कि भारतीय नौसेना के एक युद्धपोत ने 15 मार्च को इस जहाज का पीछा किया और रोका।

नौसेना ने बताया कि जहाज से भारतीय युद्धपोत पर गोलीबारी की गई और भारतीय जहाज की ओर से आत्म रक्षा में और नौवहन तथा नाविकों को समुद्री डाकुओं के खतरे से बचाने के लिए आवश्यक न्यूनतम बल के साथ समुद्री डकैती से निपटने के वास्ते अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार कार्वाई की गई। नौसेना ने एक बयान में कहा, जहाज पर सवार समुद्री डाकुओं से आत्मसमर्पण करने तथा उनके द्वारा बंधक बनाए जहाज तथा नागरिक को रिहा करने का ...शेष पृष्ठ 10 पर

## कांग्रेस चुनाव के लिए तैयार : अंशू अवस्थी

**लखनऊ।** आम चुनाव की आचार संहिता लागू होने के बाद कांग्रेस के प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने शनिवार को बयान जारी करते हुए कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन 2024 के चुनाव में पूरी तैयारी के साथ, जनता के मुद्दों के साथ जा रहा है। जनता ने भाजपा को हराने का मन बना लिया है। भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झूठ और भ्रष्टाचार से देश के युवा, किसान, गरीब, कमजोर वर्ग, मध्यम व्यापारी, छोटे व्यापारी, दलित और पिछड़े परेशान हो चुके हैं। देश की जनता ने भाजपा को 10 साल का एक अच्छा खासा समय दिया लेकिन उन्होंने देश को आगे ले जाने के बजाय सिर्फ कुछ उद्योगपतियों के लिए काम किया। देश के लोगों के ऊपर महंगाई की मार पड़ी और भाजपा के मंत्री और सांसद जनता का मजाक उड़ाते रहे, नोटबंदी और जीएसटी ने देश को बहुत पीछे धकेल दिया यह सिर्फ इसलिए किया गया ताकि मोदी के चुनिंदा एक-दो उद्योगपति मित्रों को फायदा पहुंचाया जा सके। कांग्रेस के पास शानदार राहुल गांधी जैसा नेतृत्व है, मल्लिकार्जुन खरगे जैसा लोकप्रिय नेतृत्व है। राहुल गांधी ने पूरे देश में भारत जोड़ो यात्रा उसके बाद भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालकर एकता भाईचारे और मोहब्बत का संदेश फैलाया है। देश अब समझ चुका है की कांग्रेस और राहुल गांधी ही इस देश की एकता-अखंडता को सुरक्षित रख आम आदमी का विकास कर सकते हैं इसलिए देश के जो आधार स्तंभ है युवा, किसान और महिलाएं, श्रमिक उनकी उचित भागीदारी और हक के लिए युवा न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय, भागीदार न्याय की घोषणा कांग्रेस कर चुकी है जिसे 2024 में कांग्रेस सरकार बनने पर हम लागू करेंगे। युवाओं के हित में केंद्र में खाली पड़े 30 लाख पदों को भरा जाएगा। देश की आधी आबादी महिलाओं का केंद्र सरकार की नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण होगा और प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला को एक लाख साल मिलेगा। किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा, और किसानों के उत्पाद को जीएसटी कानून में संशोधन कर जीएसटी मुक्त किया जाएगा।

# किसानों के लिए बनेंगे 63 नये गोदाम

## लोस चुनाव से पहले योगी सरकार की बड़ी घोषणा, लखनऊ में कृषि विज्ञान अन्वेषण केंद्र बनेगा

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव से पहले योगी सरकार ने किसानों को लेकर बड़ी घोषणा की है। योगी सरकार किसानों के लिए 63 नए गोदाम बनाएगी। सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने शनिवार को सहकारिता भवन पीसीयू सभागार में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत यूपी में बनाए जाने वाले गोदामों का किया वर्चुअल शिलान्यास भी कर दिया है।

इन गोदामों की कुल भंडारण क्षमता 16050 मीट्रिक टन होगी। शिलान्यास कार्यक्रम के पश्चात राज्यमंत्री जेपीएस राठौर ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लि. और यूपीसीएलडीएफ द्वारा गोदामों का निर्माण किया जाएगा। 100 एमटी क्षमता के 43,250 एमटी क्षमता के 11 और 1000 एमटी क्षमता के नौ गोदाम बनेंगे। इनके बन जाने पर राज्य में खाद्यान भंडारण की क्षमता बढ़ेगी। गोदामों का उपयोग साधन सहकारी समितियों के माध्यम से किसान अपनी उपज के भंडारण के लिए कर सकेंगे। उर्वरकों के भंडारण में भी सुविधा होगी। राज्यमंत्री जेपीएस राठौर ने जिला सहकारी बैंक लि. शाहजहांपुर की शाखा सिधौली का वर्चुअल लोकार्पण भी किया। इसके अलावा इंस्टीट्यूट ऑफ कोआपरेटिव एंड कारपोरेट मैनेजमेंट रिसर्च एंड ट्रेनिंग (आईसीसीएमआरटी) रिंग रोड, इंदिरानगर के प्रांगण में कृषि विज्ञान अंवेषण केन्द्र का भी शिलान्यास किया।

कार्यक्रम में दीपिका सिंह व शहरीन सिद्दीकी को ड्रोन तथा इलेक्ट्रानिक वाहन दिया गया। उ.प्र. राज्य निर्माण सहकारी संघ के प्रबंध निदेशक एके सिंह ने कहा कि अभी कई और गोदाम बनाए जाने हैं, जिसका शिलान्यास कार्यक्रम दूसरे चरण में होगा। अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक सहकारिता श्रीकांत गोस्वामी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता अनिल कुमार, अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक (बैंकिंग) एकता सिंह आदि उपस्थित रहे।

# आजमगढ़ से चुनाव लड़ेंगे धर्मेंद्र यादव

## सपा ने छह उम्मीदवारों की सूची की जारी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सपा ने छह उम्मीदवारों की सूची शनिवार को जारी कर दी है। पार्टी ने एक और प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में पहली सूची में बदायूं से प्रत्याशी घोषित होने के बाद धर्मेंद्र यादव की जगह शिवपाल यादव को सपा ने टिकट दे दिया था।

वहीं, अब धर्मेंद्र यादव आजमगढ़ से प्रत्याशी बनाये गये हैं। इसके अलावा गौतमबुद्ध नगर से डॉ. महेंद्र नागर, मिश्रिख से मनोज कुमार राजवंशी, सुल्तानपुर से भीम निषाद, इटावा से जितेंद्र दोहरे और जालौन से नारायण दास अहिरवार को सपा ने प्रत्याशी घोषित किया है। इससे पहले सपा की ओर से उम्मीदवारों की चार सूची जारी की जा चुकी है। यह सपा उम्मीदवारों की पांचवीं सूची है।

# अंतर्राष्ट्रीय रामायण व वैदिक शोध संस्थान के निदेशक हटे

● 75 जिला 75 इतिहास लेखन को लेकर आये थे विवाद के घेरे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/ अयोध्या।** अन्तर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान के कार्यवाहक निदेशक डॉ. लवकुश द्विवेदी को अचानक दायित्व मुक्त कर दिया गया है। निदेशक का पदभार अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के सीईओ व नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा को सौंपा गया है।

उत्तर प्रदेश संस्कृति एवं पर्यटन के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम की ओर से यह आदेश सात मार्च 2024 को किया गया था लेकिन उसके बाद लगातार तीन छुट्टियां पड़ गईं। इसके कारण इस आदेश का अनुपालन 12 मार्च को हुआ। इसी तिथि पर सीईओ व नगर आयुक्त शर्मा ने कार्यभार भी ग्रहण कर लिया। निदेशक के रूप में नगर आयुक्त शर्मा ने बताया कि शोध संस्थान के भवन के निर्माण में कुछ बाधाएं थी, शीघ्र ही निर्माण ईकाई के साथ मीटिंग कर अगले एक महीने में निर्माण पूरा कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि संस्थान की ओर से संचालित योजनाओं के माध्यम से राम, रामायण व अयोध्या से सम्बन्धित शोध कार्य को बढ़ावा देने की कार्य योजना बनाई जाएगी। इसके साथ रामायण के मानवीय मूल्यों को समाज में प्रसारित व प्रचारित करने की भी योजनाओं पर अमल किया जाएगा। इसके पहले रामोत्सव के आयोजन के बीच निदेशक द्विवेदी को हटाए जाने पर कई की चचाओं का बाजार गर्म है। मिली जानकारी के अनुसार सात मार्च को ही निदेशक द्विवेदी ने शोध संस्थान के कार्यकारिणी की बैठक आहूत की थी। फिर भी इस बैठक से पहले कार्यकारिणी के चेयरमैन व प्रमुख सचिव संस्कृति मेश्राम ने उन्हें दायित्व मुक्त करने का आदेश जारी कर दिया। बताया गया कि निदेशक पद पर डा. द्विवेदी का कार्यकाल 30 जून 2023 को ही समाप्त हो गया था। इसके बाद विभाग की ओर से संस्कृति विभाग के अधीन कार्यरत स्वायत्त शासन संस्थाओं के निदेशकों के चयन प्रक्रिया प्रारम्भ की थी। इसके लिए विज्ञापन जारी कर आवेदन आमंत्रित भी किया गया लेकिन अयोध्या शोध संस्थान को छोड़कर शेष संस्थाओं के निदेशकों की नियुक्ति कर दी गयी। बताया गया कि शोध संस्थान के लिए साक्षात्कार को स्थगित कर दिया गया था।




डा. द्विवेदी संस्कृति विभाग में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के पद पर तैनात थे। उत्तर प्रदेश में इस पद को ही समाप्त कर कार्यरत एक दर्जन अधिकारियों को निदेशालय से सम्बद्ध कर अन्य जिम्मेदारियां दी गई थीं। डा. द्विवेदी वर्ष 2020 में अपना कार्यकाल पूरा कर सेवानिवृत्त हो गये। इसके पहले अयोध्या शोध संस्थान के निदेशक के रूप में कार्यरत डा. वाईपी सिंह की कोरोना संक्रमण से आकस्मिक मृत्यु के बाद यह पद रिक्त था। डा. द्विवेदी ने सेवानिवृत्त के बाद रिक्त पद के लिए आवेदन किया और शासन की ओर से तीन वर्ष के लिए उनकी नियुक्ति हो गयी। इस बीच 75 जिला 75 इतिहास लेखन के मामले में वह विवादों में घिर गये।

# रक्षा मंत्रालय के सेवानिवृत्त निदेशक व पूर्व विधायकों ने ली सपा की सदस्यता



● सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पार्टी में दिलायी सदस्यता

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव के नेतृत्व में रक्षा मंत्रालय के सेवानिवृत्त अधिकारी सहित रालोद के कई प्रमुख नेताओं और बसपा के पूर्व विधायक ने सपा की सदस्यता शनिवार को ग्रहण कर ली है। उन्होंने उम्मीद जतायी है कि इन साथियों के आने से सपा को मजबूती मिलेगी।

सपा के राज्य मुख्यालय में शनिवार को रक्षा मंत्रालय से सेवानिवृत्त निदेशक आदर्श कुमार सपा में शामिल हुए। मेरठ के हंसापुर गांव निवासी आदर्श कुमार केन्द्र सरकार में वाणिज्य मंत्रालय में भी रह चुके हैं। रालोद छोड़कर सपा में रालोद के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री/पूर्व विधायक अकीलुर्रहमान खां सम्भल बहजोई असमौली विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे है।

बसपा के हाजी रिजवान चार बार के पूर्व विधायक है। वे दो बार कुंदरकी से और दो बार सम्भल के बिलारी क्षेत्र से विधायक रहे है। बागपत के रालोद की महिला सभा की जिलाध्यक्ष तथा बड़ौत के तीन बार पार्षद रही रेनू तोमर पत्नी आशुतोश तोमर शामिल हुई।

# योगी ने मतदाताओं का किया अभिनंदन

## बोले- जनता के आशीर्वाद से अबकी बार एनडीए 400 पार

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** चुनाव आयोग ने शनिवार 16 मार्च को लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का ऐलान कर दिया है। आम चुनाव की तारीखों के ऐलान पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि जनता-जनार्दन के आशीर्वाद से 'अबकी बार एनडीए 400 पार' के संकल्प की सिद्धि अवश्य प्राप्त होगी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर लिखा, कि 'विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में आज से प्रारंभ हो रहे 'महापर्व' आम चुनाव में आप सभी मतदाताओं का हार्दिक अभिनन्दन'। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों से समवेत होते हुए आज पूरे देश में जन गण का मन फिर एक बार मोदी सरकार की गूंज से ओतप्रोत है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि जनता-जनार्दन के आशीर्वाद से 'अबकी बार एनडीए 400 पार' के संकल्प की सिद्धि अवश्य प्राप्त होगी। आप सभी मतदाता इस महायज्ञ में 'मतदान' रूपी आहुति देकर इसे सफल बनाएं। भारत माता की जय! इससे पहले सीएम योगी ने रामपुर को शनिवार को 610 करोड़ की सौगात दी।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी जुटें कार्यकर्ता : अखिलेश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

● सपा प्रमुख ने आम चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर कहा आम चुनाव लोकतंत्र की अग्नि परीक्षा

● कहा–जनता महंगाई, बेरोजगारी से निराश और हताश है। किसान, नौजवान सभी आक्रोशित है।

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। इस चुनाव से भारत का भविष्य तय होना है। लोकतंत्र की अग्नि परीक्षा का भी यह चुनाव है इसलिए आज से ही सभी को चुनाव प्रचार में जुट जाना है। 2024 के चुनावों के बाद जनता को भाजपा वोट का अधिकार भी नहीं मिलने देगी इसलिए आज से ही सभी को प्रचार में जुट जाना है। जनता भाजपा को हराकर लोकतंत्र को बचाने के लिए तैयार है। हमें, पीडीए के माध्यम से भाजपा को परास्त करना है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में अपराध और भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा घोटाले और घपले हुए हैं। लोगों को फर्जी केसों में फंसाने और विपक्षी नेताओं को बदनाम करने के लिए ईडी, सीबीआई, इन्कम टैक्स का दुरूपयोग किया जा रहा है। भाजपा सरकार में कालाधन और बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था चौपट है। भाजपा सरकार में किसी की भी जान जा सकती है। कोई भी सुरक्षित नहीं है। नौजवानों को नौकरी और रोजगार देने का वादा जुमला निकला। न प्रदेश में निवेश हुआ और नहीं कोई फैक्ट्री उद्योग लगा। नौकरी देने वाली भर्ती परीक्षा का भाजपा सरकार ने जानबूझकर पेपर लीक कराके नौजवानों को बर्बाद कर दिया है। भाजपा सरकार किसी को नौकरी नहीं देना चाहती है। विकास कार्य ठप्प है। समाजवादी सरकार में जो विकास कार्य हुआ था उसी को अपना बताकर या नाम बदलकर सरकार अपनी वाहवाही कर रही है। फूट डालो और राज करो अंग्रेजों वाली नीति के तहत भाजपा समाज में नफरत फैलाने और बांटने का काम कर रही है। भाजपा का एजेण्डा साम्प्रदायिकता फैलाना है। अब जनता सब जानने लगी है। भाजपा अपने एजेण्डा में कभी सफल नहीं होगी। भाजपा सरकार में लोगों को न्याय मिलने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। फर्जी केसों में बेकसूरों को जेल में डाला जा रहा है। पुलिस थानों में भी कोई सुरक्षित नहीं है। जनता की अभिव्यक्ति की आजादी पर भी किसी न किसी बहाने नए-नए प्रतिबंध लगाए जा रहे है। किसानों का दमन किया जा रहा है। हजारों शिक्षक न्याय की गुहार सालों से कर रहे है, उनकी नियुक्तियां नहीं की जा रही है। धरना-प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों पर लाठियां बरसाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि जनता का हर वर्ग भाजपा सरकार में परेशान है। जनता महंगाई, बेरोजगारी से निराश और हताश है। किसान, नौजवान सभी आक्रोशित है। भाजपा सबसे कायर पार्टी है। वह जनाक्रोश से डरी है इसलिए भाजपा सत्ता के लिए सभी मयार्दायें तोड़ रही है। सत्ता के लिए भाजपा कुछ भी कर सकती है। भाजपा संवैधानिक संस्थानों को कमजोर कर रही है। ऐसे में राष्ट्रीय अस्मिता को बचाने, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए भाजपा सरकार को हटाना समाजवादी पीडीए और इंडिया गठबंधन का एक मात्र लक्ष्य है।

# कई दलों के नेताओं ने रालोद का थामा दामन



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रालोद के प्रदेश मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय की अध्यक्षता तथा राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव की उपस्थिति में विभिन्न राजनैतिक एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शनिवार को रालोद का दामन थामा। शामिल होने वालों में मुख्य रूप से कायस्थ महासभा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त स्तर के पूर्व राज्य मंत्री राजीव रंजन ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ रालोद में शामिल होने की घोषणा की। लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरे राम चौबे तथा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लोजपा आशुतोष राय के साथ जगन्नाथ तिवारी, अमर सिंह अर्कवंशी, श्रीचंद्र भार्गव, आसाराम कनौजिया, उमाशंकर पाण्डेय, शिवगोपाल अवस्थी, रामाशीष ठाकुर, विद्या सागर त्रिपाठी, रामचंद्र पूर्व प्रधान, संतराम यादव पूर्व प्रधान, पुरूषोत्तम चैबे, बसपा नेता हनुमान गौतम सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### रालोद की तीन सदस्यीय ज्वॉइनिंग कमेटी बनी

**लखनऊ।** रालोद ने शनिवार को तीन सदस्यीय ज्वानिंग कमेटी गठित की है। यह कमेटी विभिन्न राजनैतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों से आये हुए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को रालोद में शामिल कराते हुए जॉइनिंग प्रक्रिया को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से सम्पन्न करेगी। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष वसीम हैदर, प्रदेश महासचिव रजनीकांत मिश्रा, प्रदेश महासचिव अम्बुज पटेल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने मयंक त्रिवेदी को प्रदेश सह मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। यह जानकारी रालोद के प्रदेश प्रवक्ता सम्राट सिंह चौहान ने दी।

# लविवि ने शुरू किया ऑनलाइन शिक्षा प्रोग्राम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** देश में उच्च शिक्षा सर्वसुलभ हो, इस स्वप्न को वास्तविकता में परिणित करने के लिए और शिक्षा के क्षेत्र में नित्य नवीन आयाम जोड़ने के लिए शताधिक वर्षीय लविवि ने ऑनलाइन शिक्षा प्रोग्राम एलयूकोड (लखनऊ यूनिवर्सिटी सेंटर ऑफ ऑनलाइन एंड डिस्टेंस एजुकेशन) का शुरुआत कर दिया है।

लविवि उत्तर प्रदेश का प्रथम राज्य विवि है जो रेगुलर और ऑनलाइन शिक्षा प्रोग्राम दोनों ही ऑफर कर रहा है। लविवि जो कि नैक ए++ तथा कैटेगरी 1 विवि है, को ऑनलाइन एजुकेशन के लिए दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो, विवि अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदन प्राप्त है।

वर्ष 2023-24 के फरवरी 2024 से शुरू होने वाले सेमेस्टर में बीकॉम तथा एमकॉम ऑनलाइन एजुकेशन प्रोग्राम के प्रथम सेमेस्टर के अंतर्गत प्रवेश प्रक्रिया हो गयी है। इन उपाधियों की मान्यता विविकी रेगुलर उपाधियों के समकक्ष है। बीकॉम उपाधि के लिए विद्यार्थियों को छः सेमेस्टर (तीन वर्ष) उत्तीर्ण करने होंगे। प्रत्येक सेमेस्टर में छः विषय होंगे जिनका पाठ्यक्रम विवि के रेगुलर बीकॉम जैसा ही है। विद्यार्थियों को सभी व्याख्यान का पीडीएफ तथा वीडियो ऑनलाइन ही उपलब्ध कराया जाएगा। उनकी समस्यायों और प्रश्नों का समाधान भी शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन ही किया जाएगा। एसाइनमेंट भी ऑनलाइन होगा। छः माह में मात्र सेमेस्टर परीक्षा के लिए ही विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय आना होगा, जो कि प्रत्यक्ष लिखित माध्यम से संपन्न होगी। बी कॉम की रजिस्ट्रेशन फीस 250 रुपये तथा शिक्षा शुल्क पांच हजार रुपये प्रति सेमेस्टर है। इसी प्रकार एमकॉम चार सेमेस्टर (दो वर्ष) उत्तीर्ण करने होंगे तथा फीस आठ हजार रुपये प्रति सेमेस्टर है। रजिस्ट्रेशन फीस 250 रुपये ही है। इन प्रोग्रामों में प्रवेश के लिए सम्पूर्ण भारत देश के सभी नागरिक आवेदन कर सकेंगे तथा अधिकतम आयु सीमा नहीं रहेगी। जो छात्र किसी कारणवश रेगुलर रूप से विवि नहीं आ सकते, उनके लिए यह प्रोग्राम एक वरदान स्वरूप है। आगामी वर्ष में विवि अन्य पाठ्यक्रम जैसे अंग्रेजी, संस्कृत, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर तथा अन्य स्नातक प्रोग्राम भी आरम्भ करेगा। दोनों कक्षाओं के लिए रजिस्ट्रेशन करने तथा प्रवेश फॉर्म भरने की अंतिम तिथि मार्च 31 है। यूजीसी के नियमानुसार इस तिथि के उपरान्त प्रवेश बन्द कर दिए जायेंगे।



● बीकॉम और एमकॉम ऑनलाइन एजुकेशन प्रोग्राम के प्रथम सेमेस्टर के तहत प्रवेश प्रक्रिया शुरू

### एकेटीयू के संबद्ध संस्थनों में बनेगा हेरिटेज क्लब

**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) से संबद्ध संस्थानों में हेरिटेज क्लब की स्थापना के लिए कुलपति प्रो जेपी पांडेय के निर्देश पर पत्र जारी किया गया है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो ओपी सिंह ने सभी संस्थानों को क्लब बनाने के लिए पत्र जारी किया है। एआईसीटीई ने सभी संस्थानों में हेरिटेज क्लब बनाने का आग्रह किया है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय ने अपने संस्थानों में क्लब की स्थापना करने को कहा है। इस क्लब को बनाने का मकसद छात्रों में भारतीय शास्त्रीय संगीत, संस्कृति और विरासत को प्रचारित प्रसारित करना है।

**लोकसभा चुनाव 2024** टोल फ्री नम्बर 1950 के माध्यम से भी मतदाता हासिल कर सकता है जानकारी

# यूपी में 15 करोड़ से अधिक मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आगामी लोकसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश के 15 करोड़ से अधिक मतदाता सात चरणों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। निर्वाचन आयोग (ईसी) ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 के कार्यक्रम की घोषणा की।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने शनिवार को यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, कि मौजूदा समय में यूपी में 15.34 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 8.17 करोड़ पुरुष और 7.17 करोड़ महिलाएं शामिल हैं। इसके अलावा 6,638 तृतीय लिंग (ट्रांसजेंडर) मतदाता और 12.51 लाख से अधिक दिव्यांग मतदाता भी हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य में 1.62 लाख से अधिक मतदान केंन्द्र हैं। लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा और उसकी सहयोगी अपना दल (सोनेलाल) के गठबंधन ने समाजवादी पार्टी (सपा), बहुजन समाज पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के महागठबंधन के अंकगणित को गलत साबित करते हुए 80 लोकसभा सीटों में से 64 पर जीत हासिल की थी। वहीं कांग्रेस ने एकमात्र लोकसभा सीट रायबरेली पर जीत हासिल की थी। महागठबंधन में बसपा को 10 तो अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी ने पांच सीटों पर जीत हासिल की थी। वहीं रालोद चुनाव में अपना खाता भी नहीं खोल सकी थी।




जनपद सचिवालय निर्वाचन कार्यालय पर प्रेस वार्ता करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा

**मतदाता के नाम विलोपन के लिए ईआरओ लेगा निर्णय :** आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरान्त किसी भी मतदाता के नाम विलोपन की कार्यवाही नहीं की जाएगी। आदर्श आचार संहिता लागू होने की तिथि तक विलोपन के लिए प्राप्त फार्म-7 पर संबंधित ईआरओ द्वारा निर्णय लिया जाएगा। ऐसे मतदाता जिनका मतदाता सूची में नाम नहीं है वे मतदाता नाम परिवर्धन की कार्यवाही के लिए वोटर डॉट ईसीआई डॉट गवर्नमेंट डॉट इन पोर्टल पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से भी आनलाइन फार्म भरकर नाम परिवर्धित कराये जाने की कार्यवाही की जा सकती है। नाम परिवर्धन की कार्यवाही नामांकन की अन्तिम तिथि तक की जा सकती है। वोटर डॉट ईसीआई डॉट गवर्नमेंट डॉट इन पोर्टल के माध्यम से मतदाता द्वारा एपिक क्रमांक डालकर अपने मतदेय स्थल एवं क्रम संख्या के बारे में भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। अब तक लगभग 54 लाख मतदाता पहचान पत्र पोस्ट आफिस के माध्यम से मतदाताओं को उपलब्ध करा दिये गये हैं तथा मतदान से पूर्व समस्त शेष मतदाताओं को भी मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध करा दिये जायेंगें। टोल फ्री नम्बर 1950 के माध्यम से भी मतदाता द्वारा अपने मतदेय स्थल एवं नाम परिवर्धन के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

सभी विधान सभा क्षेत्रों में डेडीकेटेड एईआरओ नियुक्त किये गये हैं, जो अपने विधान सभा क्षेत्र में स्थित सभी स्कूल/ कालेज/ महाविद्यालय में ईएलसीएसस को सक्रिय करके उनके माध्यम से स्वीप गतिविधियों का पर्यवेक्षण करते हैं। अभियान रुमैं हूँ ना !! संचालित है, जिसके द्वारा प्रत्येक अर्ह व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में चेक कर सकता है, यदि उसका नाम मतदाता सूची में नहीं है तो फार्म 6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करा सकते हैं। लोक सभा चुनाव के लिए सभी मतदेय स्थलों पर वीवीपैट का प्रयोग किया जा रहा है। सभी जनपदों में ईवीएम एवं वीवीपैट पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हैं तथा उनकी एफएलसी करा ली गई है।

संक्षेप

## चिन्मय ग्रामोदय विद्यालय के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**अयोध्या।** दीन दयाल शोध संस्थान जय प्रभा ग्राम ग्रामोदय प्रकल्प के प्रभारी श्रीराम कृष्ण तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में चिन्मय ग्रामोदय विद्यालय-गोण्डा के छात्रों ने अयोध्या धाम तीर्थ क्षेत्र का शैक्षणिक भ्रमण किया। पूरे दिन छात्र- छात्राओं ने अयोध्याधाम के विभिन्न पौराणिक महत्व के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कर अपनी सांस्कृतिक विरासत का सूक्ष्म अवलोकन किया।

अयोध्याधाम के प्रकाण्ड ज्योतिषाचार्य राकेश तिवारी ने छात्रों के जीवन में ज्योतिष के अंगीकरण व महत्व को प्रकाशित किया। विद्यालय के प्रबंधक विक्रमा प्रसाद पाण्डेय ने छात्रों को अयोध्याधाम में संरक्षित प्राचीन मंदिरों के साथ-साथ भगवान रामलला व माँ सरयू के बारे में विस्तृत रूप से बताया। तत्पश्चात अयोध्याधाम के प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय के सार्थक प्रयास से सभी छात्रों व शिक्षकों के लिए सायं जलपान की व्यवस्था की गई। संपूर्ण कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाचार्य रमापति जी व उनके सहयोगी शिक्षकों के सहयोग से संपन्न हुआ।

# चित्रकला शिविर के जरिये चित्रकारों को योगी सरकार ने दिया मंच




**अयोध्या।** अयोध्या में श्रीरामलला के अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होने के उपरांत योगी सरकार नवोदित कलाकारों को श्रीराम के जीवन दर्शन से रूबरू कराई। रामोत्सव-2024 के अंतर्गत राज्य ललित कला अकादमी की ओर से 11 से 16 मार्च तक राष्ट्रीय चित्रकला शिविर इसका माध्यम बना। इसमें देश के विभिन्न प्रदेशों से अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों ने हिस्सा लिया। अयोध्या में देश के सभी प्रदेशों से आए सुप्रसिद्ध कलाकार भगवान श्रीराम के जीवन दर्शन एवं उनसे संबंधित पात्रों को चित्र के माध्यम से जीवंत एवं मूर्त रूप में सृजित किया। चित्रकला शिविर में नवोदित कलाकार एवं कला के विद्यार्थियों को चित्रकला की बारीकियों को देखने एवं सीखने का सुअवसर भी प्राप्त हुआ।

देश-प्रदेश के सुप्रसिद्ध 40 नामचीन चित्रकार ने किया प्रतिभाग

राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा राम उत्सव 2024 के अंतर्गत शनिवार को राष्ट्रीय चित्रकला शिविर का आयोजन बस स्टेशन अयोध्या धाम में स्थित निषाद राज गुह अतिथि गृह में आयोजित किया गया। इस शिविर में देश भर के 51 कलाकारों को आमंत्रित किया गया था। जिसमें 40 कलाकारों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागी कलाकार महाराष्ट्र कोलकाता दिल्ली भोपाल कुरुक्षेत्र वाराणसी शिमला उदयपुर भुवनेश्वर आदि से पधारे और उन्होंने राम आधारित चित्रों का सुंदर संयोजन करते हुए चित्रांकन किया। प्रतिभागी कलाकारों में डगलस जान मुंबई आनंद पांचाल, विनय शर्मा जयपुर शिव बालन तमिलनाडु सुकांता दास कोलकाता उत्तर प्रदेश से प्रणाम सिंह वाराणसी राजेंद्र प्रसाद लखनऊ। समापन समारोह की मुख्य अतिथि प्रोफेसर प्रतिभा गोयल, डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय विशेष अतिथि नीतीश कुमार, जिलाधिकारी अयोध्या एवं विशिष्ट अतिथि अश्वनी कुमार पांडे उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण अयोध्या की उपस्थिति में संपन्न हुआ।प्रतिभागी कलाकारों को अकादमी की ओर से अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

स्लाइड शो, कलाकृतियों के जरिए युवा छात्र-छात्राओं को कराया गया परिचितराज्य ललित कला अकादमी की निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला ने बताया कि रामोत्सव 2024 के जरिए अयोध्या में देश-प्रदेश के कलाकारों को कला-संस्कृति, साहित्य का बड़ा मंच उपलब्ध कराया गया है। इसी क्रम में कलाकृतियों के जरिए भी दिग्गज कलाकारों की शैली और तकनीक को जानने का अवसर भी छात्र छात्राओं को मिला। राममय अयोध्या को कलाकार किस दृष्टि से देखते हैं, इस शिविर का आयोजन भी इसी उद्देश्य के साथ किया गया है। शिविर अवधि में वरिष्ठ कलाकारों द्वारा अपने कार्यों का स्लाइड शो व व्याख्यान भी दिया गया। शिविर में स्थानीय स्तर पर डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों का सहयोग भी मिल।

## लोकसभा सामान्य निर्वाचन का कार्यक्रम जारी

**बहराइच ।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही सम्पूर्ण जनपद में आदर्श आचार संहिता के सुसंगत प्राविधान लागू हो गये हैं। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु चतुर्थ चरण में होने वाले निर्वाचन की अधिसूचना 18 अप्रैल 2024 को जारी की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 25 अप्रैल 2024 होगी। नामांकन-पत्रों की जॉच का कार्य 26 अप्रैल 2024 को होगा जबकि नामांकन पत्रों को वापस लेने की तिथि 29 अप्रैल 2024 निर्धारित है। मतदान 13 मई 2024 को सम्पन्न होगा तथा मतगणना का कार्य 04 जून 2024 किया जायेगा।इसी प्रकार 57-कैसरगंज (आंशिक) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु पंचम चरण में होने वाले निर्वाचन की अधिसूचना 26 अप्रैल 2024 को जारी की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 03 मई 2024 होगी। नामांकन-पत्रों की जॉच का कार्य 04 मई 2024 को होगा ।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य विद्यार्थी के व्यक्तिव का विकास करना: अरुण वर्मा



**जैदपुर,बाराबंकी।** सहयोगी आर0बी0पी0जी कॉलेज खुशहालपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ चयनित ग्राम खुशहालपुर व रहिमाबाद में महाविद्यालय के प्रबंधक इं0 अरुण कुमार वर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर प्रबन्धक इं0 श्री वर्मा ने शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य समाजसेवा के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तिव का विकास करना है। इन सात के दिनों के भीतर आपको ग्रामवासियों को विभिन्न कुरीतियों व समस्याओं के प्रति जागरूक करते हुए बेहतर समाज का निर्माण करना है। शिविर में सरस्वती वंदना क्रांति देवी, प्रियाशी वर्मा, लक्ष्य गीत सोनी वर्मा, ज्योति वर्मा व संकल्पगीत संगीता देवी, विनीता देवी ने प्रस्तुत किया। शिविर के कार्यक्रम अधिकारी विनोद कुमार गौतम व अनीता कुमारी के नेतृत्व में 22 मार्च 2024 तक चलेगा। कार्यक्रम मे कार्यवाहक प्राचार्य डॉ0 दारा सिंह, प्रवक्ता अनुज वर्मा, चंद्रकांत सिंह, हनुमान ज्ञानी, प्रतिभा वर्मा, गीता वर्मा, निधि शर्मा, आकांक्षा सिंह, दिनेश चंद्र, रामरूप, जितेंद्र सहित छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

## छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**अयोध्या।** दीन दयाल शोध संस्थान जय प्रभा ग्राम ग्रामोदय प्रकल्प के प्रभारी श्रीराम कृष्ण तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में चिन्मय ग्रामोदय विद्यालय-गोण्डा के छात्रों ने अयोध्या धाम तीर्थ क्षेत्र का शैक्षणिक भ्रमण किया। पूरे दिन छात्र- छात्राओं ने अयोध्याधाम के विभिन्न पौराणिक महत्व के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कर अपनी सांस्कृतिक विरासत का सूक्ष्म अवलोकन किया। अयोध्याधाम के प्रकाण्ड ज्योतिषाचार्य राकेश तिवारी ने छात्रों के जीवन में ज्योतिष के अंगीकरण व महत्व को प्रकाशित किया। विद्यालय के प्रबंधक विक्रमा प्रसाद पाण्डेय ने छात्रों को अयोध्याधाम में संरक्षित प्राचीन मंदिरों के साथ-साथ भगवान रामलला व माँ सरयू के बारे में विस्तृत रूप से बताया। तत्पश्चात अयोध्याधाम के प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय के सार्थक प्रयास से सभी छात्रों व शिक्षकों के लिए सायं जलपान की व्यवस्था की गई। संपूर्ण कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाचार्य रमापति जी व उनके सहयोगी शिक्षकों के सहयोग से संपन्न हुआ।

## मतदाता जागरूकता निकली मशाल रैली




**बाराबंकी।** मतदाता जागरूकता अभियान ह्यस्वीपह्न के अंतर्गत एक मशाल रैली जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर से पुलिस लाइन तक निकाली गई। लोकतांत्रिक महोत्सव यानी चुनाव के इस अवसर पर कलेक्ट्रेट से लेकर पुलिस लाइन तक मशाल को सभी ने एक दूसरे के हाथों से लेकर पहुंचाया। पुलिस लाइन में जिलाधिकारी ने उपस्थित जन को मतदान में सम्मिलित होने एवं चुनावी प्रक्रिया के प्रति जागरूकता की शपथ भी दिलाई।

## नव निर्मित ट्रैफिक कण्ट्रोल रूम व चौकी के जीर्णोद्धार का डीएम व एसपी ने किया लोकार्पण



जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** पुलिस लाइन स्थित नवनिर्मित ट्रैफिक कण्ट्रोल रूम एंव थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत सिविल लाइन चैकी के जीर्णोद्धार का लोकार्पण जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने संयुक्त रुप से किया। नव निर्मित ट्रैफिक कण्ट्रोल रूम से शहर क्षेत्र में लगे आल्ट्रा मार्डन 44 आईटीएमएस कैमरे एवं इसके अतिरिक्त जनपद में जनसहयोग व विभिन्न योजनाओं के तहत लगे कैमरों की मानीटरिंग/फीड ली जायेगी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर जगतराम कन्नौजिया, क्षेत्राधिकारी सदर सुमित त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक सुभाषचन्द्र मिश्र, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अजय महिला थानाध्यक्ष मुन्नी देवी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

## तहसील कैसरगंज में डीएम की अध्यक्षता में समाधान दिवस सम्पन्न

जिला संवाददाता




**बहराइच ।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में माह मार्च के तृतीय शनिवार को तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. उप जिलाधिकारी पंकज दीक्षित, सीओ रूपेन्द्र कुमार गोड़ व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई के दौरान डीएम ने राजस्व व पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस व थाना समाधान दिवस में भूमि से सम्बन्धित प्राप्त होने वाले प्रकरणों को नियमानुसार गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय। विशेषकर संवेदनशील प्रकरणों का वरिष्ठ अधिकारी स्वयं अपने देख-रेख में निस्तारण कराये। डीएम ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत आयोग के निदेर्शानुसार आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करेंगे। उल्लेखनीय है कि तहसील कैसरगंज में सम्पन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 171 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 07 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसी प्रकार अन्य तहसीलों मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 16 में 02, सदर बहराइच में प्राप्त 16 में 03, महसी में प्राप्त 22 में 04, नानपारा में प्राप्त 42 में 07 तथा पयागपुर में प्राप्त 70 में 06 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया।

## इण्डिया गठबंधन सरकार बनी तो देश में किसान न्याय गारण्टी लागू होगी: पुनिया



**बाराबंकी।** कांग्रेस पार्टी की किसान न्याय गारण्टी से देश के अन्नदाता के परिवार में खुशहाली आयेंगी और उसकी तकदीर बदल जायेंगी। देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ मजबूत होगी। इण्डिया गठबन्धन की सरकार बनने पर किसानों का कर्जा माफ होगा और कृषि उत्पाद जीएसटी मुक्त होंगे। आन्दोलित अन्नदाता की एमएसपी की मांग भी इण्डिया गठबन्धन की सरकार पूरी करेंगी। उक्त आशय की जानकारी पूर्व सांसद डॉ0पी0एल पुनिया ने ओबरी आवास पर चुनावी तैयारी बैठक में कांग्रेसियो के बीच व्यक्त किये। पूर्व सांसद डॉ0पुनिया ने आगे कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद देश में जब इण्डिया गठबन्धन की सरकार बनेगी। तो देश में किसान न्याय गारण्टी लागू होगी। किसान के उत्पाद को जी0एस0टी से मुक्त रखा जायेंगा। इण्डिया गठबन्धन की सरकार बनने के बाद किसान न्याय गारण्टी कानून लागू होगा यह क्रान्तिकारी कदम होगा जिससे देश के अन्नदाता का हित होगा और उनके परिवारों में खुशहाली आयेंगी।

## काव्य पाठ का हुआ आयोजन




**अयोध्या।** शहर के एक होटल में साहित्यिक सांस्कृतिक संस्था क्लब सेपियंस द्वारा सम्मान समारोह एवं काव्य पाठ का आयोजन किया गया ।संस्थापक डॉ कंचन जायसवाल ने शहर की विदुषी एवं सक्रिय शख्सियतों डॉक्टर सुमति दुबे, डॉक्टर शोभा सत्यदेव ,डॉक्टर कुमुद सिंह को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया।

तत्पश्चात काव्य पाठ का आयोजन हुआ । इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉक्टर सुमति दुबे ने राजनीति में महिलाओं की भागीदारी पर प्रकाश डाला और उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने हक के लिए जागरूक होना चाहिए । कार्यक्रम संचालिका व संस्थापक कंचन लता जायसवाल ने बताया कि यह आयोजन काव्य पाठ को लेकर किया गया जिसमें शहर की प्रतिष्ठित विदुषी व उभरती महिलाओं ने अपनी-अपनी बात रखी जिससे सभागार में हंसी के ठहाके भी खूब लगे इस मौके पर अंकित तिवारी, सुप्रिया मिश्रा ,गरिमा सिंह ,बुशरा खातून एवं अरुणिमा मिश्रा ने अपनी कविताएं प्रस्तुत की। अंत में डॉक्टर कंचन जायसवाल ने आमंत्रित सभी अतिथियों एवं श्रोताओं को धन्यवाद ज्ञापन किया।

## वेयर हाउस में सुरक्षित रखवायी ईवीएम व वीवी पैट मशीन

जिला संवाददाता




**बहराइच ।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम अन्तर्गत ई.वी.एम. (इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन) तथा वी.वी. पैट संचालन की जनजागरूकता हेतु विधानसभावार आवंटित ईवीएम व वीवी पैट को जिला निर्वाचन कार्यालय, बहराइच स्थित वेयर हाउस में सुरक्षित रखवा दिया गया है ।जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर प्रिन्स वर्मा, नानपारा के अश्वनी पाण्डेय, कैसरगंज के पंकज दीक्षित, महसी के अखिलेश कुमार सिंह, पयागपुर के दिनेश कुमार, मिहींपुरवा के संजय कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी शिखा श्रीवास्तव, भाजपा के सुनील श्रीवास्तव, सपा के जफरउल्लाह खां बंटी, कांग्रेस के गोपीनाथ, बसपा के अशर्फी लाल गौतम व अन्य की उपस्थिति मतदाता जागयकता कार्यक्रम के लिए निकाली गई इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन व वी.वी. पैट को सुरक्षित रखवा दिया गया है।

## उर्वरक वेयर हाउसों एवं गोदामों के स्टाक का होगा सत्यापन

**बहराइच ।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार आई.एफ.एम.एस. पोर्टल मे प्रदर्शित उर्वरकों के सम्भार के आधार पर जनपद के समस्त उर्वरक बफर गोदामों, थोक उर्वरक बिकी गोदामों, फुटकर उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर उपलब्ध भौतिक स्टाक का जनपद में 25 मार्च 2024 तक शत प्रतिशत सत्यापन कराया जायेगा, ताकि प्रक्रिया का विचलन कर बिकी करने वाले उर्वरक विक्रेताओं के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जा सके।

सत्यापन अभियान के सफल संचालन हेतु कृषि, सहकारिता व राजस्व विभाग के कार्मिकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है इसके अलावा नोडल व पर्यवेक्षण अधिकारी भी नामित किये गये हैं।

डीएम ने बताया कि सहकारिता एवं निजी क्षेत्र के कम्पनी वेयर हाउस एवं गोदामों एवं थोक विक्रेताओं के गोदामों का सम्यापन जिला कृषि अधिकारी व ए.आर. को-आपरेटिव द्वारा सम्बन्धित तहसील के एसडीएम, तहसीलदार व नायब तहसीलदार के साथ किया जायेगा। डीएम ने बताया कि सत्यापन अवधि में यदि किसी बफर/थोक गोदाम एवं बिकी केन्द्र पर आई.एफ.एम.एस. पोर्टल में प्रदर्शित सम्भार तथा बिकी केन्द्र पर उपलब्ध भौतिक सम्भार मे भिन्नता पायी जाती है तो सम्बन्धित उर्वरक विक्रेता के विरूद्ध जांचोपरान्त उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 व आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। डीएम ने सचेत किया है कि सत्यापन कार्य में किसी प्रकार की अनियमितता या त्रुटि प्रकाश में आने पर सत्यापनकर्ता अधिकारी कर्मचारी का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

### बच्चों का कराया अन्नप्रासन्न

**बहराइच ।** तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये पण्डालों का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते हुए आईसीडीएस विभाग के स्टाल पर 04 गर्भवती महिलाओं यासमीन, लक्ष्मी, निशां व पिंकी की गोद भराई की तथा 04 बच्चों जुबेर, अब्दुल्ला, अविनाश व सोनाक्षी को अन्नप्रासन्न कराया।

## भाजपा की धारणा में गांव तीर्थ कृषि मंत्र व किसान देवता:वेद प्रकाश गुप्ता



जिला संवाददाता

**अयोध्या।** विकासखंड पूरा बाजार के कार्यालय प्रांगण में क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का लोकार्पण मुख्य अतिथि विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार ने सदैव गांव को तीर्थ कृषि को मंत्र व किसान को देवता मानकर कार्य किया है और इसी अवधारणा को ध्यान में रखकर गांव गांव में विकास की गंगा बहाई जा रही है उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपना संकल्प पूरा किया है अब आप लोग भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए मोदी सरकार को पुनः स्थापित करें ।विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने कहा कि स्कूलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर उन्होंने 102 वाटर कूलर लगवाया है जिससे राहगीर वह स्कूली बच्चे स्वच्छ और ठंडा पानी पी सके साथ ही साथ सार्वजनिक 42 स्थान पर हाई मास्क लाइट लगाई गई है शिवेंद्र सिंह ने विकासखंड के उत्तरोत्तर विकास में योगदान के लिए विधायक वेद प्रकाश का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह को ऐतिहासिक मतों से विजई बनाएं जिससे देश अयोध्या के गौरव के अनुरूप हमारे फैसले को देख सके ।इस अवसर पर गन्ना समिति के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह ब्लॉक महामंत्री ओम प्रकाश यादव प्रदीप सिंह लाल साहब सिंह लखपति सिंह रमेश सिंह लाल साहब सिंह अरविंद सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किया कार्यक्रम की नंदकुमार सिंह व संचालन पूर्व जिला महामंत्री शारदा यादव ने किया इस अवसर पर क्षेत्रीय गणमान्य लोगों के साथ-साथ ग्राम प्रधान गण व क्षेत्र सदस्यगण उपस्थित थे ।

## मूक बधिर बच्चों के लिए सुनहरा अवसर दे रहा है मुस्कान

**अयोध्या।** मुस्कान पुनर्वास केंद्र के होनहार मूक बधिर दिव्यांग विगत कई वर्षों से संस्था से इंटर कि परीक्षा पास करके कई मल्टीनेशनल कंपनियों में नौकरी कर रहे हैं। ज्ञात हो की मुस्कान पुनर्वास केंद्र के बच्चों को संस्था द्वारा कंप्यूटर प्रशिक्षण भी दिया जाता है और साथ ही विभिन्न ट्रेंडों में व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर ई.इंटरव्यू की तैयारी करायी जाती है तथा 100% जॉब बच्चों को दिलवाया जाता है। डॉ रानी अवस्थी ने बताया कि इस वर्ष भी 20 बच्चों को अमेजॉन में नौकरी मिली है। इस प्रकार से चार पांच वर्षों से केवल अमेजॉन में ही 80 के लगभग बच्चे काम कर रहे हैं। जॉब मिलने की खुशी में बच्चों ने आज केक काटकर जश्न मनाया। ज्ञात हो कि यहां के बच्चे होटल मैनेजमेंट की ट्रेनिंग प्राप्त करके 3 स्टार एवं फाइव स्टार होटलो में भी काम कर रहे हैं। इस संबंध में प्रबंधक राघवेंद्र अवस्थी का कहना है कि एक समय था जब मूक बधिर दिव्यांग बच्चों को अभिभावक पूर्व जन्मों का पाप तथा सर का बोझ समझते थे। आज वही बच्चे नौकरी करके माता-पिता की सेवा कर रहे हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी की सफलता के लिए चल रहे धार्मिक अनुष्ठान के अन्तिम चरण में

अयोध्या ।बीते दस वर्षों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदर दास मोदी की सफलता के लिए चल रहे धार्मिक अनुष्ठान के अन्तिम चरण में आगामी लोकसभा चुनावों में प्रचण्ड विजयश्री को लेकर चल रहे त्रैलोक्य विजयी बगला ब्रह्मास्त्र महायज्ञ के बीच देश के कई राज्यों में रामादल ट्रस्ट परिवार से जुड़े लोगों को दी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी। महाराष्ट्र का प्रभार प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य मनोज कुमार मिश्र, गाजियाबाद के प्रसिद्ध समाजसेवी संजीव कुमार मिश्र को दिल्ली का प्रभार देने के साथ ही तमिलनाडु,कर्नाटक,पंजाब,उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश,हिमाचल प्रदेश,मिजोरम, उड़ीसा,बंगाल,असम में रह रहे रामादल परिवार के सदस्यों को उत्तरदायित्व दिया गया है ।जानकारी देते हुए रामादल अध्यक्ष पण्डित कल्कि राम ने बताया की सनातन समाज को दिग्भ्रमित करने के लिए सनातन विरोधी गतिविधियों के मन गढ़न्त अफवाहों से समाज को सचेत रखकर आलस्य का परित्याग करते हुए शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराना रामादल के हर परिवार का कर्तव्य है,वर्ष 2023 अक्षय तृतीया से 2024लोकसभा चुनाव में 400+ के साथ विजयश्री का संकल्प लेकर महायज्ञ संचालित कर रखा है ।इसी तरह 2019 लोकसभा चुनावों में भी 315+ का लक्ष्य निर्धारित किया था जिसके सकारात्मक परिणाम जगजाहिर है ।पण्डित कल्कि राम ने कहा कि सनातन संस्कृति का यह स्वर्णिम काल खण्ड है और राष्ट्र विरोधी आसुरी शक्तियों में भारत के बढ़ते वर्चस्व को लेकर खलबली अपने चरम पर वाला पूजित विजय ध्वज इसी उद्देश्य को लेकर सभी राज्यों में पहले ही रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजा जा चुका है।

## जनप्रतिनिधियों व डीएम का प्रयास लाया रंग

बहराइच । जनपद बहराइच की तहसील मिहीपुरवा (मोतीपुर) के वन ग्राम महबूब नगर को शासन द्वारा राजस्व ग्राम घोषित किया गया है।

यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जनप्रतिनिधियों के प्रयासों की सराहना करते हुए राजस्व ग्राम घोषित होने पर ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि नवसर्जित राजस्व ग्राम को शासन की।

संक्षेप

## मानकों को ताक पर रख बिक रही देशी शराब

**शिकोहाबाद।** रेलवे स्टेशन स्थित एक शराब के ठेके पर मानकों को ताक पर रख कर शराब की बिक्री की जा रही है। शराब दुकान खोलने का समय सुबह दस से रात 11 बजे तक है। लेकिन स्टेशन रोड स्थित एक ठेका स्वामी सुबह सात बजे ही ठेका को खोल कर बिक्री शुरू कर देता है और रात के 12 बजे तक बिक्री की जा रही है। जिससे आए दिन इस ठेका पर झगड़ा फंसाद होता है। कुछ लोगों का कहना है कि ठेका स्वामी ने कुछ असमाजिक तत्व भी पाल रखे हैं, जो शराब लेने आता है उसके साथ अभद्रता करते हैं और फिर उसके पास रखी नकदी छीन कर उसे भगा देते हैं। जब कोई विरोध करता है तो उसके साथ मारपीट भी करते हैं। हालांकि ठेका के सामने ही पुलिस पिकेट भी रहती है। लेकिन इन लोगों पर कोई कार्यवाही नहीं होती है। जब कोई व्यक्ति शिकायत करने जाता है तो उसे ही उलटा फटकार कर भगा दिया जाता है।

## सीडीओ ने किया बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की प्रतिमा का अनावरण

**मथुरा।** जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चन्द्र ने अवगत कराया है कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार लगातार बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ को बढ़ावा देने हेतु वृहद स्तर पा प्रचार-प्रसार कर रही है। साथ बालिकाओ के उत्थान हेतु विभिन्न प्रकार की योजनाओं का संबालन भी किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 16 मार्च, 2024 को राजीव भवन, मथुरा में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस दौरान श्रीमती बुद्धि मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं अन्य कर्मचारिगण उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना द्वारा बताया गया कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की प्रतिमा का अनावरण करने का उद्देश्य लोगों को कन्या भ्रूण हत्या से रोकना, बालिकाओं को समान अधिकार देना एवं उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चन्द्र द्वारा बताया गया है कि विभाग द्वारा बालिकाओं के संरक्षण हेतु विभिन्न प्रकार की योजनाओं चलायी जा रही है जिससे बालिकायें आत्मनिर्भर बन रही हैं।

# अब संस्कृति विवि के छात्रों को पढ़ायेंगे आईआईटी के प्रोफेसर

## दिल्ली में हुआ एक महत्वपूर्ण समझौता




**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय और नेशनल स्किल डवलपमेंट कार्पोरेशन(एनएसडीसी) के मध्य दिल्ली में हुए एक महत्वपूर्ण समझौते में तय हुआ है कि अबसे आईआईएम अहमदाबाद और आईआईटी द्वारा संस्कृति विवि के विद्यार्थियों को कोई एक विषय पढ़ाया जाएगा। कौशल विकास एवं नवोन्मेष के उद्देश्य को पूरा करने के क्षेत्र में यह समझौता विशेष रूप से बड़ी भूमिका निभाएगा।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की मौजूदगी में हुए इस समझौते पर संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता और एनएसडीसी के सीईओ वेदमनी तिवारी द्वारा हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत संस्कृति विवि के इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस के विद्यार्थियों को आईआईटी द्वारा हर सेमेस्टर में एक विषय पढ़ाया जाएगा। यानि कि संस्कृति विवि के विद्यार्थियों को आईआईटी के प्रोफेसर से पढ़ने का अवसर प्राप्त होगा। आईआईटी द्वारा पढ़ाए जाने वाले विषय की परीक्षा में आने वाले नंबर विद्यार्थियों की मार्कशीट में क्रेडिट होंगे। वहीं संस्कृति विवि के मैनेजमेंट के विद्यार्थियों को आईआईएम द्वारा वेल्युएडेड सर्टिफिकेट कोर्स करने का अवसर मिलेगा, जो उनकी प्रतिभा और बायोडाटा में और परिक्वता प्रदर्शित करेगा। इन कोर्सों को पूरा करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र आईआईएम द्वारा दिया जाएगा। विवि के अकादमिक प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस समझौते के अनुसार अस्ट्रेलिया की विश्वप्रसिद्ध युनिवर्सिटी डेकेन युनिवर्सिटी द्वारा भी संस्कृति विवि के विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट प्रोग्राम कराए जाएंगे। संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता ने इस समझौते पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के स्किल डवलपमेंट के क्षेत्र में यह समझौता एक मील का पत्थर साबित होगा साथ ही ह्यकुशल भारत, विकसित भारतह्न की सोच को भी पूरा करेगा। इस मौके पर संस्कृति विवि की सीईओ डा. मीनाक्षी शर्मा, डा. रजनीश त्यागी, संस्कृति विवि के इंक्युबेशन सेंटर के सीईओ गजेंद्र सिंह भी उपस्थित थे।

## छात्राओं ने निकाली मतदान जागरूकता रैली

**मथुरा।** अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट की छात्राओं ने मतदान के महत्व को बताते हुए मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली का शुभारंभ टी पी आई यतींद्र ने किया। टी एस आई गजेंद्र एवं हेड कांस्टेबल सतीश रैली का समन्वय कर रहे थे।

पूर्व में छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ अनिल वाजपेई ने कहा कि लोकतंत्र में हमारे मत से ही जनादेश और जनादेश से ही सरकार बनाती है। मतदान प्रोत्साहन संबंधी विभिन्न प्रकार के रोचक बैनरों, पोस्टरों और नारों से युक्त इस रैली में छात्राएं उत्साह पूर्वक बड़ी संख्या में मत देने के नारे लगा रहीं थीं। छात्राएं वोटिंग मशीन से बटन दबा कर वोट करने की अपील सड़क पर मौजूद आम जनता से कर रही थी। एस एस पी यातायात के कुशल निर्देशन में पुलिस प्रशासन की सराहनीय व्यवस्था में भूतेश्वर क्षेत्र में निकाली गई। इस रैली में लगभग 600 युवा छात्राओं ने भाग लिया। ज्ञात हो कि अनेक युवा छात्राएं भी ऐसी हैं जो पहली बार अपने मत का प्रयोग करेंगे और इस को लेकर छात्राओं में बहुत अधिक उत्साह था। रैली का व्यवस्थापन डा आरती पाठक, प्रवक्ता नूतन देहर ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ निर्मल वर्मा, रोहित वाजपेई, मांडवी राठौर, डॉ मनोरमा कौशिक, शायमा मुस्तफा, सुरभि अग्रवाल, डा पंकज, शालनी, डा सरिता, डा रचना, शैलजा, वेद प्रकाश, कनिका, वैशाली ने रैली के संचालन में उल्लेखनीय भूमिका निभाई।




# 25 शिकायतों में 3 का मौके पर निस्तारण




**टूंडला।** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम शिव ध्यान पांडे व एसपी सिटी सर्वेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें फरियादियों की कुल 25 शिकायत दर्ज की गई जिसमे से तीन शिकायतो का मौके पर निस्तारण किया गया अन्य शिकायतों के प्रभावी निस्तारण लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया संपूर्ण समाधान दिवस मे नायब तहसीलदार हेमंत चौधरी सीओ अनिवेश कुमार नगर पालिका समेत अन्य सभी विभाग के अधिकसरी मौजूद रहे।

## हत्या के प्रयास में वांछित 2 अभियुक्त तमंचा सहित गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना फरिहा पुलिस टीम द्वारा हत्या के प्रयास से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के अनुपालन में थाना फरिहा पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर हत्या के प्रयास मुकदमे से सम्बन्धित नामजद वांछित 2 अभियुक्तों नागेन्द्र पुत्र सुभाषचन्द्र निवासी ग्राम साहूमई थाना फरिहा जिला फिरोजाबाद व अर्जुन पुत्र बच्चू सिंह निवासी प्रतापपुरा रोड दिक्तौली थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद को मुस्तफाबाद हाथवन्त रोड ग्राम अहमदपुर के सामने राजू ईट भट्टा के पास बहद ग्राम अहमदपुर थाना क्षेत्र फरिहा जिला फिरोजाबाद से अवैध असलाह सहित गिरफ्तार किया गया हैं। गिरफ्तारी बरामदगी के आधार अभियुक्तों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गई है।

## लठामार होली का निमंत्रण स्वीकार होने पर आज श्रीजी मंदिर में होगी लड्डू होली

- कल खेली जाएगी विश्व प्रसिद्ध लठामार होली, 19 को होगी नंदगांव में लठामार होली

**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लठामार होली के लिए 17 मार्च को राधारानी के बरसाना स्थित महल से लठामार होली के लिए निमंत्रण रूपी गुलाल लेकर राधा की सहचरी कान्हा के घर (नंदगांव) पहुंचेंगी। नंदगांव में लठामार होली का निमंत्रण स्वीकार होने के बाद श्रीजी मंदिर बरसाना में लड्डू होली का आयोजन होगा।

बरसाना में 18 मार्च को विश्व प्रसिद्ध लठामार होली का आयोजन होगा। इसके लिए श्रीजी महल से राधारानी की सखियां कमोरी में अमनियां भोग, दो वीरी, इत्र फोहा और दो पुष्प मालाओं के साथ निमंत्रण रूपी गुलाल लेकर नंदभवन पहुंचेंगी। निमंत्रण रूपी गुलाल को समाज में वितरित किया जाएगा। इसी क्रम में नंदभवन में धूमधाम से फाग आमंत्रण महोत्सव मनाया जाएगा। महोत्सव में स्थानीय ग्वाल और राधारानी की सखियां होली के रसियाओं पर लोकनृत्य भी करेंगे। सखियां जब बरसाना श्रीजी महल में होली निमंत्रण को स्वीकार करने की बात सुनाएंगी तो माहौल खुशनुमा हो जाएगा। पांडे लीला के बाद हजारों किलो लड्डू बरसाए जाएंगे। इस लड्डू होली को देखने के लिए दूर दराज से श्रद्धालु आते हैं और लड्डू प्रसाद पाकर स्वयं को धन्य मानते हैं।

**नंदगांव में लठामार होली 19 को**

नंदगावं में फाग आमंत्रण महोत्सव 17 मार्च को सुबह करीब दस बजे आयोजित होगा। वहीं जब आमंत्रण स्वीकार करने की सूचना बरसाना पहुंचे और बताया जाएगा कि श्रीकृष्ण सखाओं के साथ अलगे दिन नवमी को होली खेलने बरसाना आएंगे। इसके बाद लड्डुओं से स्वागत किया जाएगा। इस अवसर पर कई टन लड्डू लुटाए जाते हैं। इसी वजह से इसे लड्डू होली भी कहा जाता है। नंदगांव में 19 मार्च को लठामार होली का आयोजन होगा।

# डीएम, एसएसपी ने मतदान केंद्रों के साथ मंडी समिति का किया निरीक्षण



जिला संवाददाता (vol)

- स्थानीय लोगों व मतदाताओं से संवाद कर लिया फीडबैक

**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन व एसएसपी सौरभ दीक्षित ने एसडीएम आदेश कुमार सागर के साथ शनिवार को लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले चुनावी तैयारियों का ग्राउंड जीरो पर जायजा लेने के लिए शिकोहाबाद क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों व बूथों का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों से सीधा संवाद स्थापित कर चुनावी फीडबैक प्राप्त किया।

मतदान केन्द्र निरीक्षण के बाद मंडी समिति पहुंचे जहां ईवीएम में रखी जाएगी व लोकसभा चुनाव के बाद मतगणना भी यहीं पर की जाएगी। इसको देखते हुए मंडी समिति में जरूरी दिशा निर्देश दिए। डीएम एसएसपी ने एके इंटर कॉलेज, रुकनपुर स्थित अहमदिया स्कूल व महाराजा अग्रसेन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान संवेदनशील मतदान केंद्रों के बारे में स्थानीय लोगों से जानकारी ली। डीएम व एसएसपी ने मुस्लिम समाज के वरिष्ठ लोगों साथ अहमदिया जूनियर स्कूल में एक बैठक की। इस दौरान डीएम ने स्थानीय लोगों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि की चुनाव जनपद में पूरी तरह स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण कराया जाएगा, सभी लोग स्वतंत्रता के साथ अपने मत का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि चुनाव में अपराधिक गतिविधियां जीरो रहेगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एसडीएम शिकोहबाद को निर्देशित किया कि वह मतदान केंद्रों पर मानक के अनुरूप पानी, बिजली, रैंप, शौचालय व छाया के लिए टीन सैड आदि जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। साथ ही सभी मतदान केंद्रों व उनके आसपास सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित करा ली जाए। इस मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष पति अब्दुल वाहिद के अलावा अधीनस्थ अधिकारी भी मौजूद रहे।

## आचार संहिता लगते ही पालिका प्रशासन ने हटवाएं राजनीतिक पार्टियों के बैनर पोस्टर



**टूंडला।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की आचार संहिता लगते ही नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी सहित पूरी पालिका की टीम सड़कों पर उतर आई। पालिका ने जेसीबी मशीन के साथ नगर में लगे राजनीतिक पार्टियों के पोस्टर, बैनर और होर्डिंग्स को उतरवाया। आचार संहिता लगते ही पालिका टीम सक्रिय हो गई। पालिका की टीम ने दीपा चौराहा, स्टेशन रोड़ सुभाष चौराहा से लेकर एटा आगरा फिरोजाबाद रोड़ पर कार्यवाही शुरू कर राजनैतिक पार्टियों के लगे होर्डिग्स, बैनर और अनेक प्रचार सामिग्री को हटवाया। आचार संहिता के बाद से अब कोई भी राजनीतिक पार्टी सार्वजनिक स्थान पर अपने झंडे, बैनर और पोस्टर नहीं लगा सकेगी। जिस मकान पर पोस्टर लगाया जाएगा उस मकान स्वामी को भी परमिशन लेनी होगी। इस दौरान एसडीएम शिव ध्यान पांडे सीओ अनिमेश कुमार नायब तहसीलदार सहित बड़ी संख्या में पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

## चोरी गयी पिस्टल आरपीएफ ने की बरामद

**शिकोहाबाद।** आरपीएफ ने घिरोर क्षेत्र में चोरी हुई लाइसेंसी पिस्टल को मालगोदाम के समीप से बरामद कर लिया। बरामद पिस्टल को आरपीएफ ने शुक्रवार देर रात पीड़ित को बुला कर घिरोर थाना पुलिस के समक्ष सुपुर्द किया। थाना घिरोर क्षेत्र के अंतर्गत पावर हाउस रोड निवासी आदित्य सिंह चंदेल अपने परिचित अभिषेक चौहान निवासी भावत चौराहा पुलिस चौकी के समीप गत 15 मार्च को अपनी होंडा सिटी कार लेकर अपनी दूसरी स्कॉर्पियो गाड़ी का पंक्चर सही करवा रहे थे। तभी वह अपनी कार को लॉक करना भूलकर दूसरी कार का वोल्ट जाम होने के कारण उसे कटवाने लगे। तभी किसी अज्ञात चोर ने होंडा सिटी कार के अंदर रखा हुआ सूटकेश चोरी कर लिया। जिसमें पीड़ित के लगभग दो लाख रुपए एवं लाइसेंसी पिस्टल रखी हुई थी। लाइसेंसी पिस्टल की चोरी होने की जानकारी होते पीड़ित ने घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। शुक्रवार रात को आरपीएफ गश्त कर रही थी, तभी मालगोदाम के समीप नगला हैंडल पर एक सूटकेश पड़ा मिला। जब इसकी जानकारी की गई तो पता चला कि यह सूटकेश घिरोर से चोरी हुआ था। आरपीएफ ने सूटकेश को खोलकर देखा तो उसमें चोरी गई लाइसेंसी पिस्टल एवं कुल 12 राउंड कारतूस रखे हुए मिले। आरपीएफ ने इसकी जानकारी थाना घिरोर पुलिस को दी। घिरोर पुलिस पीड़ित को लेकर शुक्रवार देररात आरपीएफ थाना आई। यहां पर आरपीएफ प्रभारी आनंदकुमार ने लाइसेंसी पिस्टल और कारतूस मय सूटकेश के घिरोर पुलिस के सामने पीड़ित के सुपुर्द कर दिये।

## दो गांजा तस्कर, तीन अवैध शराब तस्कर गिरफ्तार

**मथुरा।** लोकसभा चुनावों को लेकर पुलिस ने मादक पदार्थ विक्रेताओं के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। जिसके चलते हाइवे पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से गांजे सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं वृंदावन पुलिस ने ड्राई एरिया क्षेत्र में शराब का कारोबार करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से शराब बरामद की है। जनपदभर में लोकसभा चुनावों को लेकर पुलिस को गैर राज्जीय सीमाओं पर निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में पुलिस ने कल रात ओडी काम्पलेक्स गेट से 350 ग्राम गांजे के साथ देवेंद्र पुत्र बाबू लाल निवासी ग्राम बाजना हाईवे को गिरफ्तार किया है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत कुसेपा विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर**

पत्रांकः मेमा/मनरेगा /निविदा सूचना प्रकाशन /वर्ष 2023-24 दिनांक 16.03.2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सचित किया जाता है कि मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2023-24 में निम्न निर्माण हेतु निम्न दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत एवं स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो तथा मोहर बंद दिनांक 21.03.2024 को अपरान्ह 01 बजे से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत चेनिया के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 21.03.2024 को समय 03 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जोडी के घर से बाबू के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 399921.00 | 500 | 529776.00 |

1. निविदा फर्म कय की जाने वाली सामग्री सम्बन्धित दिशा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा मूल्य के साथ जमा करके प्राप्त किये जा सकते है।
2. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायालय सीतापुर होगा।
3. निविदा/स्वीकृत/ निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।
4. सामग्री आपूर्ति कार्य स्थल पर ही की जायेगी।

धर्मपाल, प्रधान, ग्राम पंचायतकुसेपा, विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर
गौरव गुप्ता, सचिव, ग्राम पंचायतकुसेपा, विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत चेनिया विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर**

पत्रांकः मेमा/मनरेगा /निविदा सूचना प्रकाशन /वर्ष 2023-24 दिनांक 16.03.2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सचित किया जाता है कि मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2023-24 में निम्न निर्माण हेतु निम्न दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत एवं स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो तथा मोहर बंद दिनांक 21.03.2024 को अपरान्ह 01 बजे से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत चेनिया के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 21.03.2024 को समय 03 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पक्की रोड़ से रामप्रसाद के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 719881.00 | 900 | 947062.00 |

1. निविदा फर्म कय की जाने वाली सामग्री सम्बन्धित दिशा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा मूल्य के साथ जमा करके प्राप्त किये जा सकते है।
2. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायालय सीतापुर होगा।
3. निविदा/स्वीकृत/ निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।
4. सामग्री आपूर्ति कार्य स्थल पर ही की जायेगी।

गीता देवी, प्रधान, ग्राम पंचायतचेनिया, विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर
अर्पित गुप्ता, सचिव, ग्राम पंचायतचेनिया, विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर


# राष्ट्रीय अविष्कार विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन

**मथुरा।** ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय अविष्कार विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता उच्च प्राथमिक विद्यालय नंदगांव देहात में सफलतापूर्वक आयोजित की गयी। जिसमें सैकड़ों छात्रों ने प्रतिभाग करने के उपरांत जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए दस छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शासन के निर्देशन में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ उच्च प्राथमिक विद्यालय नंदगांव देहात में बीईओ कैलाश प्रसाद शुक्ला की अध्यक्षता में समस्त एआरपी गणों ने मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण करके किया। उसके बाद ब्लाक के चयनित 136 छात्र - छात्राओं को क्रमबद्ध राष्ट्रीय अविष्कार विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में शामिल किया गया। उक्त प्रतियोगिता के समापन के उपरांत सभी प्रतिभागियों की एआरपी गणों द्वारा प्रश्नोत्तरी को जांच करने के बाद दस प्रतिभाग करने वाले छात्रों जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए चयनित किया गया। चयनित छात्रों में हाथिया न्याय पंचायत अंतर्गत कमयीं की अधिकतर छात्राओं ने अपना विकासखंड में परचम लहराया। सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों में कक्षा छह में कु. गंगा यूपीएस ऊंचागांव, कु. नव्या यूपीएस सुरवारी, कु. नहीं यूपीएस कमयीं, कक्षा सात में कृष्णगोपाल एवं मधु कुमारी यूपीएस कमयीं, एवं कक्षा आठ में शालू, चंचल, कृष्णा यूपीएस कमयीं एवं संतू कुमार यूपीएस नंदगांव देहात चयनित हुए। मुख्य अतिथि बीईओ सर के अनुसार चयनित छात्रों को जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा।

इस अवसर पर उपस्थित एआरपी गणों में नोडल राजेश कुमार, वरिष्ठ नवीन कुमार शर्मा, दिनेश कुमार, योगेश कुमार, डाक्टर प्रांशु पाठक आदि के सानिध्य में मुख्य अतिथि बीईओ के हाथों से विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस मौके पर पहुंचे मुख्य अतिथि ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह छात्र -छात्रा जनपद में शामिल होने के बाद अपना प्रदेश में नाम रोशन करेंगे। उपस्थित अतिथि गणों ने चयनित छात्रों को एक हजार रूपए टी.एल.एम.बनाने के अलावा पढ़ने के लिए संबंधित सामग्री एवं जलपान, भोजन की व्यवस्था कराई गई इस अवसर उपस्थित लोगों में बीईओ कैलाश प्रसाद शुक्ला, नोडल एआरपी राजेश कुमार, वरिष्ठ एआरपी नवीन कुमार शर्मा, अन्य एआरपी गणों प्रमें डाक्टर प्रांशु पाठक, दिनेश कुमार, योगेश कुमार आदि के अलावा ब्लाक स्तरीय टीम एवं छात्रों को प्रतियोगिता में शामिल कराने वाले विभिन्न विधालयों के प्रधानाध्यापक थे।

## जाम में फंसे रहे वाहन श्रद्धालु हुए परेशान

**मथुरा।** कोसीकलां नगर के समीप स्थित शनिधाम कोकिलावन में शनिवार प्रातः से ही धाम को जोड़ने वाले दोनों मार्गो पर भीषण जाम लग गया, जिसके चलते श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रत्येक शनिवार को नगर के समीप स्थित शनिधाम कोकिलावन में लाखों श्रद्धालु विभिन्न प्रदेशों से आकर शनिदेव की परिक्रमा के उपरान्त सूर्य कुण्ड में स्नान कर शनिदेव का तेलाभिषेक करने आते हैं। शनिवार की प्रातः करीब नौ बजे शनिधाम को जोड़ने वाले नन्दगांव रोड सहित बठैन रोड पर भी कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिसके चलते दूरदराज से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई वीआईपी भी फंस गये। वीआईपी लोगों ने जाम की सूचना जब वरिष्ठ अधिकारियों को दी तब कहीं जाकर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुल सका।

## गोवर्धन में अब गोल्फ कार्ट में बैठकर कीजिये गिर्राज जी की परिक्रमा



**मथुरा।** गिर्राज जी के भक्त अब गोवर्धन में सप्तकोसीय परिक्रमा या लुफ्त गोल्फ कार्ट से उठाएंगे। इसके लिए मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण ने फरीदाबाद की कंपनी के साथ अनुबंध किया है। पिछले दिनों श्रीकृष्ण जन्म स्थान पर दर्शन को आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वृंदावन में 30 गोल्फ कार्ट के संचालन को हरी झंडी दिखाई थी। जन्मस्थान तक उन्होंने गोल्फ कार्ट में बैठकर सफर भी किया था। अब मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण ने इस व्यवस्था का विस्तार करते हुए गोवर्धन की सप्त कोसीय परिक्रमा में भी संचालन करने का फैसला किया है। निजी कम्पनी के साथ हुए अनुबंध के तहत अब गोवर्धन के परिक्रमा मार्ग में 30 गोल्फ कार्ट का संचालन किया जायेगा। इस व्यवस्था में कंपनी 41 लाख रुपए वार्षिक मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण को देगी। शनिवार को इस व्यवस्था का शुभारंभ परिक्रमा मार्ग पर दोपहर 12 बजे किया गया। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एस बी सिंह, ओएसडी प्रसून द्विवेदी सहित गोल्फ कार्ट का संचालन कर रही कंपनी के अधिकारियों ने गोल्फ कार्ट में बैठकर परिक्रमा की। विप्रा के उपाध्यक्ष एसबी सिंह ने बताया गोवर्धन परिक्रमा के लिए आने वाले बच्चे और बुजुर्गो को लंबी दूरी तय करने में परेशानी होती थी, अब गोल्फ कार्ट में बैठकर बुजुर्ग और बच्चे आसानी से सप्त कोसीय परिक्रमा कर सकेंगे। इससे गोवर्धन परिक्रमा के प्रति भक्तों का रुझान और भी बढ़ेगा।

# नववर्ष मेला समिति कार्यकारिणी घोषित



**मथुरा।** नववर्ष मेला समिति की बैठक में कमलेश अरोड़ा को अध्यक्ष, प्रदीप श्रीवास्तव को महामंत्री एवं मुकेश शर्मा को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। समिति द्वारा नवसंवत्सर (हिन्दू नववर्ष) चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2081 की पूर्व संध्या के शुभ अवसर पर एक दिवसीय विशाल नववर्ष मेला चैत्र कृष्ण अमावस्या तदनुसार 8 अप्रैल 2024 को सेठ बी०एन०पोद्दार इंटर कॉलेज, मथुरा के मैदान पर आयोजित किया जायेगा।

नवसंवत्सर (हिन्दू नववर्ष) की पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाले विशाल हिन्दू नववर्ष मेला के संबंध में नववर्ष मेला समिति की बैठक शुक्रवार को देर रात्रि सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर में आयोजित की गई।

बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विभाग संघचालक डॉ० वीरेंद्र मिश्रा द्वारा कार्यकारिणी की घोषणा की गई। कार्यकारिणी में संरक्षक सुरेश चंद्र अग्रवाल करांची वाले, नारायण दास अग्रवाल जीएलए विश्विद्यालय एवं जयप्रकाश शर्मा रहेंगे। मार्गदर्शक मण्डल में राजीव कृष्ण अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, आचार्य ब्रजेंद्र नागर एवं बल्देव प्रसाद अग्रवाल रहेंगे। समिति का अध्यक्ष कमलेश अरोड़ा एवं महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव को बनाया गया है। यादवेंद्र अग्रवाल, योगेंद्र शर्मा, डॉ० सी० एल० डुल्लू, डॉ० शैलेंद्र प्रताप सिंह एवं इं० राजकुमार शर्मा सभी को उपाध्यक्ष बनाया गया। डॉ० दीपा अग्रवाल, योगेश आवा, अजय शर्मा, अनिरुद्ध अग्रवाल एवं सुभाष सैनी को मंत्री बनाया गया। कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल सर्राफ एवं सह कोषाध्यक्ष गंगाधर अरोड़ा होगें। मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा होगें। प्रचार प्रमुख रामदास चतुवेर्दी एवं सह प्रचार प्रमुख रूपेश चैधरी होगें। देवेश कुमार कार्यालय प्रमुख, प्रतियोगिता प्रमुख हरवीर सिंह एवं सह प्रतियोगिता प्रमुख बालकिशन अग्रवाल, दीपेश श्रीवास्तव एवं राजीव पाठक होंगे। कार्यकारिणी सदस्य कैलाश अग्रवाल, भुवन भूषण लकी, राजू यादव, रामवीर यादव, बबीता अग्रवाल, डॉ० मुकेश आर्य बंधु, अवधेश उपाध्याय, हेमंत अग्रवाल, राजेश पिंटू, नानक चंद महावर, मयंक कक्कड़, कौशल अग्रवाल, सरदार राजेंद्र सिंह होरा, राजेंद्र पटेल, केपी सिंह लोधी, नानक चंद्र महावर, समीर बंसल, विशाल रौहेला, नीलम पांडेय, कीर्ति मोहन, अश्वनी गर्ग, नीरज शर्मा, मीरा अग्रवाल, आशा अग्रवाल, अंशुल गोस्वामी, लता अग्रवाल, राजेश पचौरी एवं तरुण सैनी सहित 56 कार्यकारणी सदस्य बनाए गए हैं। इससे पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह छैल बिहारी ने मेला के की भूमिका रखी। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग कार्यवाह डॉ० संजय अग्रवाल, शिवकुमार शर्मा, श्रीओम, डॉ० सीमा मिश्रा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

संक्षेप

## महिला सिपाही से थाने में दुष्कर्म, आरोपी सिपाही गिरफ्तार

जालौन। जिले के नदीगांव थाने में एक सिपाही द्वारा कथित तौर पर एक महिला सिपाही के साथ दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि आरोपी सिपाही को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार महिला सिपाही ने अपने साथी पर बलात्कार का आरोप लगाते हुए तहरीर दी जिसके आधार पर आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसे शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया।अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. असीम चौधरी ने बताया कि नदीगांव थाने में सिपाही कर्मवीर सिंह की तैनाती है, जबकि किसी अन्य थाने में महिला सिपाही की तैनाती है। उन्होंने बताया कि महिला सिपाही ने सिपाही कर्मवीर सिंह के खिलाफ अपने साथ अभद्र व्यवहार एवं बलात्कार करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। एएसपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस अधीक्षक ने एक जांच समिति गठित की जिसकी रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत कर विभागीय कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी सिपाही को गिरफ्तार कर विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद शनिवार को जेल भेज दिया गया।

## मंदिर में चोरी के दो आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

नोएडा। गौतमबुद्धनगर पुलिस ने शनिवार को एक मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जोन प्रथम के पुलिस उपायुक्त( डीसीपी ) विद्यासागर मिश्रा ने बताया कि ये बदमाश एक मंदिर में चोरी करने में कथित रूप से शामिल थे तथा मुठभेड़ में एक बदमाश पैर में गोली लगने की वजह से जख्मी हो गया है। डीसीपी ने बताया कि थाना सेक्टर 49 के तहत आने वाले सेक्टर 48 में स्थित एक मंदिर के पुजारी ने 13 मार्च को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि मंदिर से सोने के मुकुट, लड्डू गोपाल की मूर्ति व सोने का कड़ा आदि चोरी हो गया है। मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि मंदिर में चोरी करने वाले बदमाश चोरी का समान बेचने के लिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने उनकी घेराबंदी की और पुलिस से अपने आपको घिरा देख बदमाशों ने कथित रूप से पुलिस दल पर गोलीबारी कर दी। डीसीपी ने बताया की जवाबी कार्वाई करते हुए पुलिस ने भी गोली चलाई और एक गोली दीपक भारती नामक बदमाश के पैर में लगी। उन्होंने बताया कि इसका साथी पिंटू तिवारी मौके से भाग गया था, लेकिन पुलिस ने उसे पीछाकर पकड़ लिया। डीसीपी ने बताया कि इस घटना में शामिल एक अन्य बदमाश की पुलिस तलाश कर रही है। इन बदमाशों के पास से पुलिस ने मंदिर से चोरी किए गए नौ सोने के मुकुट, सोने की मूर्ति, सोने का कड़ा, लड्डू गोपाल की मूर्ति, अंगवस्त्र और सोने की नथ आदि बरामद की है।

## डीएम की अध्यक्षता में हुआ समाधान दिवस

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों की कुल 63 शिकायतें आईं। जिनमें 11 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील सभागार में जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में सबसे अधिक राजस्व एवं आपदा विभाग की 34, गृह गोपन विभाग (पुलिस) विभाग 16, संयुक्त जांच हेतु 7, ग्राम विकास विभाग 3, खाद्य एवं रसद विभाग, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग की एक-एक शिकायतें दर्ज की गई। अधिकारियों ने 11 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा, सीडीओ अनिल कुमार, एसडीएम रत्नाकर मिश्रा, तहसीलदार सुखदेव सिंह आदि मौजूद रहे।

## डीईओ ने की आम जनता से अपील

लखीमपुर खीरी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दौरान सामान्य जनता से जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अपील करते हुए कहा कि मतदाता की संतुष्टि के लिए नकदी, शराब या अन्य किसी वस्तु का वितरण रिश्वत है और यह एक दण्डनीय अपराध है। निर्वाचनों के दौरान नकदी, शराब या अन्य वस्तुओं के वितरण पर नजर रखने के लिए प्रत्येक पुलिस स्टेशन के अधीन उड़न दस्ते बनाये गये हैं। उन्होंने सभी से यह अपील करते हुए कहा कि उड़न दस्तों द्वारा जब्ती से बचने के लिये कोई भी व्यक्ति जो निर्वाचनों के दौरान किसी निर्वाचन क्षेत्र में बहुत बड़ी मात्रा में नकदी ले जा रहा है, तो उस धन के स्रोत और उसके अंतिम प्रयोग को दशार्ने वाले समुचित दस्तावेज साथ रखने चाहिये।

# पेयजल समस्या के समाधान के लिए दिये निर्देश

जिला संवाददाता(vol)



मीरजापुर । मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में आगामी गर्मी के दिनो में पेयजल से प्रभावित क्षेत्रो में पेयजल समस्या के समाधान हेतु बैठक आहूत की गयी। बैठक में वर्चुअल माध्यम से जिलाधिकारी मीरजापुर प्रियंका निरंजन, जिलाधिकारी सोनभद्र चन्द्र विजय सिंह व जिलाधिकारी भदोही विशाल कुमार सिंह, जनपद सोनभद्र व भदोही के मुख्य विकास अधिकारी दोनो जनपदो के सभी सम्बन्धित अधिकारी बैठक में शामिल हुये।

जनपद मीरजापुर के मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर आयुक्त प्रशान डॉ विश्राम, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह, उप निदेशक पंचायत राम जियावन, अधिशासी अभियन्ता जल निगम व अधिशासी अभियन्ता सिंचाई के अलावा नगर पालिका के अधिकारी कैम्प कार्यालय में आयोजित बैठक में उपस्थित रहें। मण्डलायुक्त ने सूखा राहत एवं पेयजल समस्या के सम्बन्ध में मण्डल तीनो जनपदो के सम्बन्धित अधिकारियों से पेयजल समस्या के समाधान हेतु पहले से ही कार्य योजना बनाकर तैयारियां करने का निर्देश दिया।

बैठक में मण्डलायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि तीनो जनपदों के ग्रामीण क्षेत्रो में ग्रीष्म ऋतु में पेयजल समस्या के त्वरित समाधान हेतु प्रभावित क्षेत्रो का भ्रमण कर पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की तैयारी कार्य योजना बनाकर पहले से पूर्ण करा लें तथा जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित करने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या के त्वरित समाधान हेतु विकास खण्ड स्तर पर भी कंट्रोल रूम स्थापित कर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाना सुनिश्चित करायें। उन्होने कहा कि विकास खण्डवार ग्राम पंचायतो में उपलब्ध टैंकरो का विवरण उपलब्ध कराते हुये सभी उपलब्ध टैंकरो की साफ सफाई तथा टैंकर ले जाने हेतु वाहनो की नाम व मोबाइल नम्बर की सूची भी प्रारूप में तैयार करे। टैंकरो में पानी भरने के लिये जल स्रोत का चिन्हाकंन विकास खण्ड अथवा ग्राम पंचायतवार जहां उपलब्ध हो पहले से ही चिन्हाकंन कर लिया जाय। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रो में व नगरीय क्षेत्रो में सभी हैण्डपम्पो का सर्वे करा ले यदि कही मरम्मत अथवा रिबोर की आवश्यकता हो तो उसे समय रहते सुव्यवस्थित करा लिया जाये। उन्होने कहा कि सभी रिबोर होने वाले हैण्डपम्पों का विवरण भी कार्य योजना के तहत उपलब्ध कराया जाय। मण्डलायुक्त ने कहा कि मानव के साथ-साथ पशुओं जीव जन्तुओं के लिये पेयजल की व्यवस्था हेतु विकास खण्डो में व पंचायत स्तर पर प्याऊ एवं चरही, नगरीय क्षेत्रों में भी उन्होने सभी नगर पालिका के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि नगरीय क्षेत्र में विशेषकर सोनभद्र में जहां टैंकरो से पानी आपूर्ति की जाती हैं वहां सभी व्यवस्थाए पहले से सुनिश्चित कराते हुये ट्यूबलेंट, समरसेबुल आदि का सर्वे कराते हुये मरम्मत व सभी व्यवस्थाए सुनिश्चित करायी जाय। उन्होने कहा कि गर्मी के दिनो में किसी को पेयजल की कोई समस्या न आने पाये इसके लिये सभी मुख्य विकास अधिकारी अपने स्तर पर साप्ताहिक बैठक कर मानिटरिंग भी सुनिश्चित करें। उन्होने पशुओं के चारा आदि की व्यवस्था के निर्देश मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को देते हुये कहा कि नगर पालिकाओं व ग्राम पंचायतो में स्थापित गौ आश्रय स्थलों पर पेयजल, चारा आदि की व्यवस्था समुचित मात्रा में सुनिश्चित करायी जाय। मण्डलायुक्त ने बैठक मे उपस्थित तीनो जिलाधिकारियों से आगामी निर्वाचन के दृष्टिगत भारी व हल्के वाहनो की उपलब्धता, कार्मिको की संख्या आदि के सम्बन्ध में भी जानकारी प्राप्त की।

## प्रदर्शन व नारेबाजी कर दुद्धी को जिला बनाने की मांग, सौंपा ज्ञापन



जिला संवाददाता(vol)

दुद्धी, सोनभद्र। दुद्धी को जिला बनाओ संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में शनिवार को दोपहर करीब 1 बजे कचहरी गेट से प्रदर्शन करते हुए तहसील समाधान पर पहुंचकर अधिवक्ताओ ने जमकर प्रदर्शन किया।संघर्ष मोर्चा अपने निर्धारित समय करीब एक बजे कचहरी गेट से नारेबाजी करते हुए तहसील तिराहे होते हुए तहसील समाधान दिवस पहुंचा जहाँ दुद्धी को जिला बनाओ संघर्ष समिति के लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार अमित कुमार सिंह को सौंपा।

सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामलोचन तिवारी व महासचिव प्रभु सिंह कुशवाहा ने कहा कि जनपद सोनभद्र दुद्धी क्षेत्र से अत्यधिक दूरी पर स्थित है। यह पूरा क्षेत्र नक्सल प्रभावित, औद्योगिक बहुल्य, आदिवासी बहुल्य है। इसको विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए तत्काल दुद्धी को नया जिला घोषित कर देना चाहिए। बता दे की लंबे समय से दुद्धी को जिला बनाने की मांग के परिपेक्ष्य में आंदोलन व धरना प्रदर्शन के माध्यम से पुरजोर ढंग से उठाई जा रही है। शासन और प्रशासन इस मुद्दे पर गंभीर नजर नहीं आ रही है। इसी तरह कई वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें और दुद्धी को जिला बनाओ के लिए आगे की रणनीति तैयार की।

इस मौके सत्यनारायण यादव, रामजी पाण्डेय, विष्णुकांत तिवारी, राकेश श्रीवास्तव, रेणुवंती, उदय लाल, अमरावती, रविंद्र यादव, आशीष कुमार गुप्ता, अनिल कुमार, अभिनाथ यादव, श्रीचंद सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## ढोटी में तालाब सौदर्यीकरण के लिए भूमि पूजन



सोनभद्र। एनटीपीसी-विंध्याचल द्वारा सीएसआर के अंतर्गत ग्राम ढोटी, जिला सिंगरौली (म.प्र.) में तालाब सौदर्यीकरण हेतु भूमि पूजन मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (मानव संसाधान) प्रबीर कुमार बिस्वास के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। महाप्रबंधक (मानव संसाधान) प्रबीर कुमार बिस्वास ने अपने उदबोधन में कहा कि यह तालाब ग्रामवासियों द्वारा विविध कार्यों में प्रयोग किया जाता है जिसके सौदर्यीकरण से ग्रामीणों को काफी सुविधा मिलेगी। उन्होनें यह भी कहा कि एनटीपीसी विंध्याचल, परियोजना के आसपास के क्षेत्रों में विकास कार्यों में हमेशा अपना योगदान देती है जिसका उदाहरण आज ग्राम-ढोटी में तालाब सौदर्यीकरण का भूमि पूजन है।

इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) राकेश अरोड़ा, नगर उप महाप्रबंधक (नगर अनुरक्षण) विकास सिंह, प्रबंधक(नगर अनुरक्षण) राजेश कुमार सिन्हा के एवं सीएसआर टीम से वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) पंकज वशिष्ठ, कार्यपालक (सीएसआर) निखिल जायसवाल एवं टीम के साथ-साथ वार्ड पार्षद तथा भारी संख्या में ग्रामीणजन उपास्थित रहे।

## बरेली जेल के तीन वार्डर निलंबित

जिला संवाददाता(vol)

बरेली। बरेली केंद्रीय कारागार में एक कैदी द्वारा एक सोशल मीडिया मंच पर लाइव वीडियो सत्र करने के मामले में तीन वार्डर को निलंबित किया गया है।

बरेली सेंट्रल जेल में बंद हत्या के आरोपी आसिफ का यह वीडियो बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच पर सामने आने के बाद जांच के आदेश दिए गए थे। दो मिनट के वीडियो में आसिफ को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि मैं स्वर्ग में हूं और इसका आनंद ले रहा हूं। आरोपी का वीडियो वायरल होने के बाद मृतक के भाई ने बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह से मुलाकात कर उन्हें लिखित शिकायत दी थी। जेल के उप महानिरीक्षक कुंतल कुमार ने शनिवार को बताया कि तीन जेल वार्डर रविशंकर द्विवेदी, हंस जीव शर्मा और गोपाल पांडे को शुक्रवार को कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। उप जेलर किशन सिंह बल्दिया को जेल से हटाकर लखनऊ मुख्यालय से संबद्ध किया गया है।उन्होंने कहा कि जेलर विजय कुमार राय और नीरज कुमार से इस घटना पर लिखित स्पष्टीकरण मांगा गया है। अधिकारी ने बताया कि बाद में जांच के दौरान बैरक की तलाशी में कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई। आसिफ पर शाहजहांपुर जिले के थाना सदर बाजार क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार राकेश यादव (34) की दो दिसंबर 2019 को सरेआम गोली मारकर हत्या करने का आरोप है। इस मामले में राहुल चौधरी भी आरोपी है और दोनों बरेली केंद्रीय कारागार में बंद हैं।

## एसपी कार्यालय में आत्मदाह करने वाले व्यक्ति की मौत

शाहजहापुर। करीब दस दिन पहले कथित तौर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में खुद को आग लगाने के बाद गंभीर रूप से झुलसे 45 वर्षीय व्यक्ति की लखनऊमें इलाज के दौरान मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने शनिवार को बताया कि जिले के कांट कस्बे में रहने वाले तारिक अली ने पांच मार्च को कुछ लोगों के उकसाने पर पुलिस कार्यालय में घुसकर खुद को आग लगा ली थी।

कुमार ने बताया कि इसके बाद उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां से उसे लखनऊ के केजीएमसी मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया, इलाज के दौरान शुक्रवार शाम तारिक की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि लखनऊमें ही मृतक का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।उन्होंने शनिवार को बताया कि इस मामले में तारिक को उकसाने वाले सलमान, के. के. दीक्षित के अलावा योगेंद्र यादव को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है, अन्य आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पुलिस के मुताबिक पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक व्यक्ति ने पांच मार्च को पैरों पर कोई तरल पदार्थ डालकर आग लगा ली थी, हालांकि पुलिस कर्मियों ने तत्काल कम्बल डालकर आग पर काबू पा लिया, जिसके बाद उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज मे भर्ती कराया गया।इस घटना के बाद पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया था कि कांट कस्बे में तारिक (45) ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपने ऊपर कोई तरल पदार्थ डालकर आग लगा ली जिसके बाद पुलिस कर्मियों ने आग को बुझाया, इस घटना में पीड़ित के पैर झुलस गए। पुलिस के मुताबिक तारिक का जिले के सदर बाजार थाना क्षेत्र के नगरिया बहाव निवासी उमेश तिवारी से दो छोटी मालवाहक गाड़ियों की बिक्री के बाद लेनदेन का विवाद है। मीणा ने बताया था कि तारिक और उमेश एक दूसरे को जानते हैं और उनके कारोबारी संबंध हैं। तारिक का दो छोटी लोडर गाड़ियों के स्वामित्व को लेकर उमेश तिवारी के साथ न्यायालय में विवाद है तथा दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मामला भी दर्ज कराया है, जिसके आधार पर जांच की जा रही है।पुलिस के मुताबिक तारिक ने बताया था कि उसकी दो छोटी मालवाहक गाड़ियां उमेश तिवारी ने छीन ली हैं, और वह उसकी गाड़ियां वापस नहीं कर रहा है।

## होली को लेकर शांति समिति की बैठक



जिला संवाददाता(vol)

दुद्धी, सोनभद्र। स्थानीय कस्बे के पुरानी कोतवाली परिसर में शनिवार की शाम रंगो की त्यौहार होली को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में शासन के आगामी निर्णयों,लोक सभा चुनाव व त्योहारों के मद्देनजर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की गयी। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी पीएस चंदेल ने संभ्रांत जनों को बताया कि आने वाले त्योहार होली, रमजान पर्व को लेकर शासन की ओर से गाइडलाइन जारी कर दिया गया है। अब किसी भी नए कार्यक्रम के लिए अनुमति लेनी होगी। उन्होंने कहा कि निर्धारित स्थल पर ही होलिका दहन होगी।

उन्होंने कहाँ कि त्यौहार तथा आम चुनाव में अफवाहों फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रहीं है। कहा कि कोई भी गलत सूचनाओं को प्रसारित न करे आमलोगो के द्वारा फेसबुक इंस्ट्राग्राम आदि प्लेटफार्मो पर जो भी पोस्ट किया जाता है उसे मीडिया सेल जरूर देखती है। इसके अलावा उन्होंने होली पर आने वाली समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। शांति समिति बैठक की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम सुरेश राय ने कहा कि होली पर्व के साथ -साथ आम चुनाव की आचार संहिता भी लग गई है, इसलिए त्योहारों पर किसी भी आयोजन के लिए परमिशन लेकर ही आयोजन किए जायेंगे। उन्होंने कहा कि त्योहारों पर व्यवधान उत्पन्न करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। उन्होंने ग्राम प्रधानों से कहा कि अपने अपने गाँव में शांति पूर्वक होली मनाने की तैयारी को लेकर देख लें। यदि कहीं कोई समस्या है तो समय रहते स्थानीय प्रशासन को अवगत कराएं ताकि समय रहते उसका समाधान हो सके। इस मौके पर नवागत इंस्पेकर कुमुद शेखर सिंह, एसएसआई काशी सिंह, श्री रामलीला कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, कन्हैया लाल अग्रहरि, सुरेंद्र गुप्ता, संदीप गुप्ता, सुमित सोनी, कल्लन खां, असगर हुसैन, त्रिभुवन यादव, सुरेश, सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## समाधान दिवस : 39 जनशिकायतों में तीन का निस्तारण



जिला संवाददाता(vol)

दुद्धी, सोनभद्र। तहसील समाधान दिवस पर विभिन्न जन समस्याओं से युक्त 39 जन शिकायती प्रार्थना पत्र आए। जिसमें मौके पर तीन मामलों का निस्तारण किया गया।

तहसील समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम सुरेश राय ने किया। उन्होंने अवशेष प्रार्थना पत्र को एक सप्ताह के भीतर गुणवत्ता परक निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण अगर तुरंत समय पर नहीं किया गुणवत्ता पर तो ऐसे अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाएंगे।

इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह चंदेल, तहसीलदार अमित कुमार सिंह, नायब तहसीलदार ज्ञानेंद्र कुमार, खंड विकास अधिकारी विशाल चैरसिया सहित संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री आजम खान सहित चार दोषी करार

### डूंगरपुर में जबरन घर तोड़ने का मामला

रामपुर। जिले की एक विशेष अदालत ने डूंगरपुर में जबरन घर तोड़े जाने के मामले में शनिवार को पूर्व मंत्री आजम खान समेत चार आरोपियों को दोषी करार दिया जबकि तीन अन्य आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत सोमवार, 18 मार्च को इस मामले में सजा सुनाएगी।संयुक्त निदेशक (अभियोजन) रोहताश कुमार पांडेय ने बताया कि रामपुर की सांसद-विधायक अदालत (एमपी-एमएलए कोर्ट) के सत्र न्यायाधीश विजय कुमार ने जिले के गंज थाने में दर्ज एक मामले में शनिवार को पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खान, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अजहर अहमद खान और पूर्व पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) आले हसन तथा बरकत अली को दोषी करार दिया जबकि अन्य तीन आरोपियों को बरी कर दिया। उन्होंने बताया कि इस मामले में सजा के लिए 18 मार्च की तारीख मुकर्र की गयी है। उन्होंने बताया कि रामपुर के चर्चित डूंगरपुर मामले में समाजवादी सरकार के समय जबरन घर तोड़े जाने की घटना को लेकर तत्कालीन नगर विकास मंत्री आजम खान, तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष अजहर अहमद खान और तत्कालीन सीओ (शहर) आले हसन खान सहित कुल सात आरोपियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धाराओं 447, 427, 504, 506, 395 और 412 के तहत मामला दर्ज किया गया था। प्रदेश में हुए सत्ता परिवर्तन के बाद 2019 में रामपुर के गंज थाने में यह मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में अदालत ने आज पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खान, अजहर अहमद खान और आले हसन सहित कुल चार आरोपियों को दोषी करार दिया तथा दो धाराओं में दोष मुक्त कर दिया। साथ ही अन्य तीन आरोपियों को अदालत ने बरी कर दिया है। इस मामले में अभी सजा की घोषणा नहीं की गई है। आरोपियोंजिब्रान, फरमान और ओमेंद्र चौहान पर अपराध साबित नहीं हुआ। आजम खान एक अन्य आपराधिक मामले में सीतापुर जेल की सजा काट रहे हैं। शनिवार को आजम खान को सीतापुर जेल से रामपुर अदालत में लाया गया। कड़ी सुरक्षा के बीच वह अदालत में हाजिर रहे।

## निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए प्रिंटिंग प्रेस मालिकों को जारी किये निर्देश

सोनभद्र। अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहदेव कुमार मिश्र ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार जनपद के समस्त प्रेस मालिक निर्वाचन से सम्बन्धित पोस्टर, पम्पलेटों आदि के मुद्रण हेतु निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण अनुदेशों का पालन करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि धारा-127(क) के अनुसार किसी भी निर्वाचन पैम्फलेट या पोस्टर तथा प्रकाशक द्वारा मुद्रित ऐसी अन्य सामग्री पर मुद्रक तथा प्रकाशक के नाम व पते का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जायेगा एवं प्रिंटिंग प्रेसों से धारा-127क(2) के तहत मुद्रण सामग्री मुद्रित होने के तीन दिनों के अन्दर मुद्रित प्रतियां (प्रत्येक मुद्रित सामग्री की तीन अतिरिक्त प्रतियों सहित) भेजने तथा प्रकाशक से घोषणा प्राप्त कर उसे भेजने को कहा जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उपरोक्त धारा-127(क) के प्रावधानों तथा आयोग के अनुदेशों का किसी भी प्रकार के उल्लंघन को गम्भीरता से लिया जायेगा।

## मसाला उत्पादन के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



सोनभद्र। एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर एवं उद्यमिता विकास प्रशिक्षण संस्थान अहमदाबाद के मध्य एमओयू हस्ताक्षर हुआ है। जिसके तहत परियोजना के आसपास की ग्रामीण महिलाओं हेतु मशाला उत्पादों हेतु 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत शुक्रवार को वीवा क्लब, एनटीपीसी विंध्यनगर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (मानव संसाधन) प्रबीर कुमार विश्वास, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) राकेश अरोड़ा, फैकल्टी (ईडीआईआई) डॉ. अंजनी के. सिंह, वरिष्ठ प्रबन्धक (मानव संसाधन) पंकज वशिष्ट, सचिव (सुहासिनी संघ) सरोज मैडम, गार्गी मैडम सचिव (वेलफेयर) के साथ-साथ सीएसआर टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना एवं स्व सहायता समूह का निर्माण कर मशाला उत्पाद सामग्री को मार्केट में बिक्री करने आदि का संपूर्ण प्रशिक्षण दे कर प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण उपरांत एजेंसी द्वारा मशाला प्रोडक्शन यूनिट की स्थापना कर मार्केटिंग हेतु डिजिटल प्लेटफार्म भी प्रदान किया जाएगा।

## रिजॉर्ट की निर्माणाधीन छत ढही दो श्रमिकों की मौत

बहराइच। जिले में बहराइच-सीतापुर मार्ग पर स्थित एक रिजॉर्ट में निर्माणाधीन छत ढहने से दो मजदूरों की मौत हो गई तथा नौ श्रमिक घायल हो गये। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने शनिवार को बताया कि घटना शुक्रवार रात की है और सूचना मिलते ही जिला प्रशासन व पुलिस ने नगर पालिका के कर्मियों तथा स्थानीय नागरिकों की मदद से मलबे में दबे लोगों को निकालने के लिए अभियान शुरू कर दिया था। देर रात पहुंची राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम ने भी मलबे में फंसे लोगों को निकालने में सहयोग किया। एसपी ने बताया कि मलबे से निकाले गये कुल 11 मजदूरों को अस्पताल ले जाया गया। रिसिया थाना क्षेत्र के शहनवाजपुर गांव निवासी सलीम (29) व जोगेंद्र (24) को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया तथा शेष नौ घायल श्रमिकों का मेडिकल कॉलेज व निजी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।एसपी ने बताया कि मृतक जोगेंद्र के पिता राम प्यारे पाल की तहरीर पर कोतवाली देहात में रिजॉर्ट मालिक, ठेकेदार व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

## शिविर में स्वयंसेवकों ने की साफ-सफाई

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। केन ग्रोवर्स नेहरू पी.जी. कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चैथे दिन योग से शुरूआत की गई। श्रमदान में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों द्वारा वृद्धाश्रम में स्वच्छता का ध्यान रखते हुए साफ-सफाई की गई। वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धों से मुलाकात करके उनके हालचाल जाना तथा उनसे वातार्लाप की गई। वृद्धाश्रम की वृद्धा ब्रजरानी से उनकी समस्याओं को जाना, उनके परिवार के बारे में जाना तथा कुछ भेंट उन्हें दी गयी। अगले सत्र बौद्धिक सत्र का शीर्षक वृद्धों को समस्या पर आयोजित हुआ। डॉ. विवेक कुमार सिंह ने अपने जीवनकाल से सम्बन्धित वृद्धों की समस्या से सन्दर्भित विचार प्रस्तुत किए तथा इस समस्या से निपटने के सुझाव भी सुझाए। डॉ. विश्वनाथ ने इस शीर्ष के अपने विचार प्रस्तुत किए। बौद्धिक सत्र के बीच कुछ स्वयं सेवक तथा स्वयं सेविकाओं ने भोजन का प्रबन्ध किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज कुमार सरोज ने किया। द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पुलिस लाइन प्रांगण में स्थित बाल उद्यान का शुभारंभ

लखीमपुर खीरी। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के बच्चों द्वारा पुलिस लाइन प्रांगण में स्थित बाल उद्यान का किया गया शुभारंभ। बता दे की रिजर्व पुलिस लाइन खीरी स्थित बाल उद्यान का शुभारंभ पुलिस व प्रशासन परिवार के बच्चों द्वारा अपनी नाम पट्टिका के सामने पौधे लगाकर किया गया। बच्चों द्वारा बाल उद्यान में भिन्न भिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए तथा बैलूंस उड़ाया खुशियां जाहिर की गई। पुलिस लाइन प्रांगण में जेल गेट चौकी के पास बना बाल उद्यान बच्चों के लिए काफी दिव्य व मनोरम है। बाल उद्यान की सुंदरता को बढ़ाने के लिए तरह- तरह के पौधे उद्यान में लगाए गए है बाल उद्यान को गमलों व फूलों , पौधे लगाकर भव्यता से सजाया व संवारा गया है जिसके दृश्य बच्चों के लिए काफी लुभावने हैं। बाल उद्यान का शूभारंभ करते हुए जिलाधिकारी खीरी महेन्द्र बहादुर सिंह की सुपुत्री मायरा व मिसिका द्वारा किसमस ट्री अपने नाम पट्टिका के सामने लगाया गया तथा पुलिस अधीक्षक खीरी की सुपुत्री बेबी आद्या द्वारा क्रिसमस ट्री व सुपुत्र अथर्व द्वारा एरोकेरिया का पौधा अपनी-अपनी नाम पट्टिका के सामने लगाकर बाल उद्यान का शूभारंभ किया गया।

संक्षेप

## ट्रैक्टर ने छात्रों को मारी जोरदार टक्कर

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम आलापुर निवासी भागीरथ पुत्र धीरज लोधी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 4 मार्च को अपराह्न 1 बजे उसका पुत्र राहुल एवं रामबाबू पुत्र रज्जन लोधी पेपर देकर गांव वापस आ रहे थे। बताया कि वह जीरोन यात्री प्रतीक्षालय के पास पहुंचे ही थे कि तभी सड़क पर सामने जानवर आ गये, जिससे उन्होंने अपने वाहन को धीमा कर लिया। तभी पीछे से तेज गति से भाग रहे ट्रैक्टर संख्या यू.पी. 94 ए.डी. 2362 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे राहुल व रामबाबू घायल हो गये। डायल 112 पुलिस ने सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच कर दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां राहुल को अधिक चोट होने के कारण उसे झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

## रंगदारी मांगने का आरोप

**ललितपुर।** थाना सौजना अंतर्गत कस्बा निवासी अखंड प्रताप सिंह पुत्र तिलक सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते रोज अपराह्न 2 बजे वह आईटीआई के पास अपने मकान में काम करवा रहा था कि तभी वहां से गुजर रहे बृजेन्द्र सिंह पुत्र शंकर यादव अपने दो अज्ञात साथियों के साथ बिना नम्बर की बुलट मोटर साइकिल से आये और दस हजार रुपये की मांग करने लगे। रंगदारी न देने पर उक्त लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। बताया कि बृजेन्द्र यादव पर पहले से कई मुकद्दमें दर्ज हैं। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने बृजेन्द्र यादव व दो अज्ञात के तहत धारा 386, 323, 504, 506 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## सीएए को लेकर भ्रामक अफवाहों से बचें: सीओ

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव-2024 व त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद के थाना बालाबेहट पर क्षेत्राधिकारी पाली रक्षपाल सिंह व थाना गिरार पर थानाध्यक्ष महेन्द्र कुमार द्वारा थाना क्षेत्र के संभ्रान्त लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान मौजूद सभी लोगों को नागरिकता संसोधन अधिनियम (सी.ए.ए.) के प्रति जागरूक कर भ्रामक अफवाहों से बचने के अपील की गयी। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने व चुनाव को प्रभावित करने वाले कारको की सूचना पुलिस को चुनाव हेल्पलाइन नम्बर 7839697416 पर देने की अपील की गयी। आगामी त्यौहारों को आपसी सौहार्द पूर्वक मनाने व होने वाली समस्याओं को लेकर चर्चा की गयी।

## आईओसी के रिटेल सेल्स हेड को विदाई

**बरेली।** इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड आईओसी के मंडल कार्यालय में हेड रिटेल सेल्स जितेन्द्र शर्मा को भावभीनी विदाई दी गई। हाल ही में श्री शर्मा का स्थानांतरण किया गया है। इस अवसर पर डीलर्स, अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों सभी ने एक स्वर में कहा कि आप कहीं रहे लेकिन आपके प्यार स्नेही एवं कुशल कार्य प्रणाली को हमेशा याद रखेंगे। विदाई समारोह में डीलर देव स्वरूप पटेल ने कहा कि डीलर्स को ग्राहकों के प्रति खरा उतारने की जो सोच हम सबको दी।

# आपका वोट अनमोल, इसके महत्व को कम न आंकें: सीडीओ



**ललितपुर।** आपका एक-एक वोट बहुत कीमती है, एक वोट से ही सरकारें बदल जाती हैं, इसलिए अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें और दूसरों को भी जागरूक करते हुये वोट का महत्व समझायें। लोकतंत्र के मतदान रूपी पर्व में जरूर भाग लें और दूसरों को भी मतदान के लिए जागरूक एवं प्रेरित करें। यह बात राजकीय बालिका इण्टर कालेज में मतदाता साक्षरता क्लब वर्कशाप विधान सभा क्षेत्र 226 ललितपुर के कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय ने कही। सीडीओ ने छात्र-छात्राओं एवं कालेजों के प्रधानाचार्यो को सम्बोधित करते हुये कहा कि जो युवा नये मतदाता बने हैं, वह स्वयं मतदान के प्रति गम्भीर रहें और अपने दोस्तों, आस-पास के लोगों एवं रिश्तेदारों को भी जरूर मतदान के प्रति जागरूक करें जिससे मतदान का प्रतिशत बढ़ सके। कालेजों के प्रधानाचार्य आदि भी मतदान के प्रति छात्र-छात्राओं को और उनके अभिभावकों को जागरूक करते रहें। मुख्य विकास अधिकारी ने युवाओं का आह्वान किया कि मतदान तक लोगों को मत के प्रति जरूर जागरूक करते रहें और लोकतंत्र के इस पुनीत पावन पर्व में अधिक से अधिक वोटिंग करवायें जिससे जनपद का चुनाव प्रतिशत बढ़े। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश ने कहा कि ईएलसी, जागरूकता रैली एवं कार्यक्रम तभी सार्थक होंगे जब जनपद में वोट का प्रतिशत बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में हुये वोट प्रतिशत से ज्यादा वोट प्रतिशत इस बार होना चाहिए जिसके लिए युवाओं और उनके अभिभावकों सहित आप सबकी जिम्मेदारी है कि मतदान तक इस प्रकार से सभी को वोट एवं मतदान के महत्व को समझायें कि सभी अपने मताधिकार का प्रयोग करने अपने मतदान बूथ तक जरूर जायें और जो नहीं जायें उन्हें आप वहां तक ले जायें तब इन जागरूकता कार्यक्रमों को सफल माना जायेगा। उन्होंने प्रधानाचार्यो एवं युवाओं का सम्बोधित करते हुये कहा कि जो युवा अभी तक वोटर नहीं बने हैं, वह निर्वाचन आयोग की बेवसाइट पर जाकर ऑनलाइन रजिस्टेज्शन करवाकर वोटर बन सकते हैं। आपका वोट अनमोल है, इसलिए इसके महत्व को कम न आंकें। इस अवसर पर राजकीय डिग्री कालेज के रीतेश खरे ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। अंत में सभी को मतदान की शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी नवीन मिश्रा, राजकीय बालिका इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या पूनम मलिक, राजकीय इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार, प्रधानाचार्य कोमल सिंह नरवरिया, एबीएसए जखौरा, अनीता कुमारी, नुपूर श्रीवास्तव, अर्पिता जैन, फलक नाज, आरती खरे सहित अन्य विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षिकाएं-शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता रितु गुप्ता द्वारा किया गया।

**मतदान के प्रति स्वयं जागरूक रहें और दूसरों को भी करें जागरूक**

# जन शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीएम



**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में आज तहसील पाली में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए सम्बंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि जन समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की प्राथमिकता है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जरुरतमंद व्यक्ति को त्वरित न्याय दिलाने के लिए सभी अधिकारी शिकायतों का स्वयं संज्ञान लेकर निस्तारण सुनिश्चित करायें, साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। आज के सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनपद की पांचों तहसीलों से क्रमशः तहसील पाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 21 प्रार्थना पत्र, तहसील ललितपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 32 प्रार्थना पत्र, तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 39 प्रार्थना पत्र प्राप्त, तहसील मड़ावरा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 29 प्रार्थना पत्र, तहसील महरौनी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 80 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से कुछ का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मो0 निदेशक प्रभाग गौतम सिंह, उप जिलाधिकारी पाली, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारीगण मौजूद रहे।

# गुप्तकालीन एवं चंदेलकालीन मूर्तिकला का गढ़ रहा है ललितपुर

**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय की एनएसएस छात्र इकाई चतुर्थ के स्वयंसेवकों को शिविर के पांचवे दिन ग्राम टपरियन पनारी में प्राचीन धरोहर संरक्षण और नशा करने से होने वाले आर्थिक, पारवारिक व सामाजिक नुकसान पर ग्राम वासियो को जागरूक करने के साथ साथ श्रम दान किया। अपराह्न 2 बजे से ऐतहासिक धरोहर स्थल संरक्षण जागरूकता विषय पर गोष्टी आयोजित की गई। गोष्टी में मुख्य अतिथि इंटेक संयोजक संतोष कुमार शर्मा, विशिष्ट अतिथि प्रदीप चैबे सदस्य बुंदेलखंड विकास बोर्ड, और अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.राकेश नारायण ने की। मुख्य अतिथि संतोष शर्मा ने कहा कि हमारा देश प्राचीन धरोहरों, महान संस्कृति, गौरव शाली इतिहास एवं रमणीय पर्यटन स्थलों से समृद्ध है।

इन्ही की बदौलत हमारा देश कभी विश्व गुरु हुए करता था। इन धरोहरों का संतक्षण करना हम सब का नैतिक दायित्व है जहां बुंदेली संस्कृति विश्व की जननी हुआ करती थी वही उत्तर प्रदेश में ललितपुर जनपद प्राकृतिक, इतिहाशिक, कलात्मक, पुरातत्व सम्प्रदा से भरा पड़ा है। यहां रमणीय पर्यटन स्थल और बुंदेली संस्कृति की अदभुद छटा देखने को मिलती है। इन्हें सजोने सवारने और संरक्षित करने के लिए युवा पीढ़ी से आगे आने का आव्हान किया। विशिष्ट अतिथि प्रदीप चैबे ने कहा कि हमारा ललितपुर ऐतिहासिक धरोहर का बहुत बड़ा केंद्र है। यहां पर देवगढ़ में चंदेल कालीन मूर्ति कला का केंद्र हैं। यही और भगवान विष्णु का दशावतार मंदिर, नहर घाटी, सिंह घाटी वेतवा नदी पर स्थित है। मुचकुन्द गुफा, रणछोर धाम, आल्हा ऊदल की चैपाल, कालिंजर, महाराजा मर्दन सिंह का किला, जैसे बहुत सी ऐतिहासिक धरोहरों की भरमार है। हमे इनको संरक्षित करने की जरूरत हैं जिससे भविष्य में हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए उस धरोहर की जानकारी मिल सके।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य ने कहा कि अपने ग्रामीण परिवेश से जुड़ने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर लगाए जा रहे हैं। जिससे स्वयं सेवक को वहाँ की सांस्कृतिक पहलप्रो.अवधेश अग्रवाल, प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री, प्रो.आशा साहू, प्रो.अनिल सूर्यवंशी ने स्वयंसेवकों का मार्ग दर्शन किया।

# बालू खदान में बालक की डंपर से कुचलकर मौत

जिला संवाददाता

**बांदा।** नरैनी तहसील की मानपुर बरियारी बालू खदान मे पिता को खाना देने जा रहे बालक की डंपर से कुचलकर दर्दनाक मृत्यु हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही खदान पर हजारों की तादाद मे भीड़ एकत्र हो गयी और मांग की, कि जब तक जिलाधिकारी और खदान संचालक मौके पर नही आते तब तक शव नही उठने दिया जाएगा। बड़ी मुश्किल से पुलिसकर्मियों व अधिकारियों के समझाने के बाद शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेजा गया। बरियारी बालू खदान मे डिस्काउंट बिलटेक प्राइवेट लिमिटेड फर्म के नाम खनन का पट्टा स्वीकृत है। बालू खदान मे काम कर रहे पिता रामशरण यादव का पुत्र अंकित 17 निवासी बरियारी मानपुर खाना लेकर गया था। इसी दौरान डंपर चालक ने एक बार नही दो बार आगे-पीछे करके बालक को कुचल दिया। घटना के बाद पुलिस डंपर चालक को पकड़कर थाने ले गयी। खदान पहुंची ग्रामीणों की भीड़ को देखकर खदान संचालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर गिरवां थाना की पुलिस व पुलिस क्षेत्राधिकारी नरैनी अंबुजा त्रिवेदी के अलावा थाना कालिंजर की फोर्स मौके पर पहुंच गयी। तहसीलदार नरैनी ने मौके पर लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व खदान संचालक संजीव गुप्ता के आने तक शव न उठाने की बात पर अड़े रहे। इसके बावजूद कोई मौके पर नही पहुंचा। जानकारी मिलने पर नरैनी के पूर्व विधायक राजकरण कबीर ने पहुंचकर परिजनों को समझाया और खदान संचालक के विरूद्ध मुकदमा लिखवाने का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों का कहना था कि खदान संचालक के विरूद्ध पहले भी शिकायती पत्र दे चुके थे लेकिन चैकी प्रभारी ने कोई कार्रवाई नही की। मृतक के चाचा ने बताया कि एक हफ्ते पूर्व चैकी प्रभारी अकबरपुर को जानकारी दी गयी थी कि यहां 10 फिट गहरे गढ्ढे किए जा रहे हैं जिससे आए दिन मौतें हो रही हैं। बीते 6 माह पूर्व गहरे गढ्ढों मे ही तीन बच्चों की डूबकर मौत हो गयी लेकिन खनन माफिया रसूक के चलते गहराई तक कई फिट गहराई तक खनन कर रहे हैं।

### विवादों के घेरे में खनन अधिकारी

बांदा। बरियारी बालू खदान हमेशा से ही विवादों के घेरे मे रही है। यहां के किसानों ने जमीन से जबरन ट्रकों को निकालकर अवैध खनन की शिकायत डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल से की थी। उन्होने खनन अधिकारी को जांच करने का आदेश दिया था लेकिन खनिज अधिकारी रात के समय पहुंचकर खदान संचालक से मोटी रकम ऐंठकर चले जाते थे। इतना ही नही खनन माफिया ने एग्रीमेंट के तहत न तो किसानों को पैसे दिए और जबरन ट्रकों की निकासी करते रहे। किसानों का कहना है कि खदान मे शैलेन्द्र यादव खदान संचालक का रिश्तेदार है यह अवैध असलहा रखकर लोगों को मारता-पीटता है और कहता है कि यदि कोई आवाज उठाएगा तो उसे जान से मार दिया जाएगा। मृतक अंकित के पिता रामशरण के पास महज 7 बीघे जमीन है। मृतक भाईयों मे सबसे बड़ा है बहन का विवाह बीते 17 फरवरी को हुआ था। चाचा ने बताया कि भतीजी की शादी के समय कर्ज लिया था। मृतक के पिता रामशरण को खदान मे 170 रुपये प्रतिदिन मजदूरी मिलती थी जिससे वह अपने परिवार का भरण-पोषण करता था।

# फोर लेन सड़क स्वीकृत



**बांदा।** सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के अथक प्रयास के चलते शीघ्र ही बांदा-ललौली-चैडगरा मार्ग का चैड़ीकरण तथा सुदृढ़ीकरण होगा। पहले चरण मे बांदा-बहराइच मार्ग मे बांदा से चिल्ला घाट तक फोर लेन सड़क का निर्माण करने के लिए शासन ने 136 करोड़ रुपये स्वीकृत कर दिये हैं। बीते शुक्रवार को शासन ने बांदा से चिल्ला घाट तक फोर लेन स्वीकृत कर इसके चैड़ीकरण व सुदृढीकरण के लिए 13691 लाख रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दे दी है और शासन ने 4791.85 लाख रुपये लोक निर्माण विभाग को अवमुक्त कर दिए हैं। सदर विधायक इस मामले पर लोक निर्माण मंत्री से अति महत्वपूर्ण मार्ग के लिए लगातार अनुरोध कर रहे थे। इसके अलावा उन्होने कई बार सदन की कार्रवाई के दौरान नियम 51 एवं नियम 301 के तहत इस मार्ग के सुदृढीकरण एवं फोर लेन करने की मांग रखी थी। सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने पर सदर विधायक ने मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को इसके लिए हृदय से धन्यवाद दिया है। सदर विधायक ने बताया कि चिल्ला, ललौली, बिंदकी मार्ग के सुदृढीकरण एवं चैड़ीकरण का कार्य तीन चरणों मे पूरा किया जाएगा। इसके पहले चरण के लिए शासन ने बांदा से चिल्ला घाट तक की स्वीकृति दे दी है। ललौली से आगे के मार्ग निर्माण की स्वीकृति अगले वित्तीय वर्ष मे की जाएगी। इस मार्ग के निर्माण से बांदा से कानपुर जाने वाले यात्रियों को बेहद सुगमता होगी साथ ही व्यापारियों तथा आकस्मिक दुर्घटना मे कानपुर रेफर मरीज भी ससमय चिकित्सकीय सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। इस सड़क के निर्माण की स्वीकृति पर क्षेत्र के लोगों ने सदर विधायक को शुभकामनाएं एवं धन्यवाद दिया है।

# भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं के निस्तारण को लेकर कार्यक्रम संपन्न



**ललितपुर।** सैनिक बन्धु बैठक अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें उपस्थित भूतपूर्व सैनिको एवं उनके आश्रितों की समस्याओं की सुनवाई अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम जि.सै.क. अधिकारी कर्नल आशीष अहलूवालिया ने अपरजिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अंकुर श्रीवास्तव का आभार प्रकट किया। तत्पष्चात अधिकारी ने अपरजिलाधिकारी द्वारा दातव्य निधि से 03 नोन पेंशनरों को 2 हजार रुपये प्रति पात्र एवं एक विधवा को ए.डी.एल.आर. 10 हजार रुपये के चेक देकर सम्मानित किया। जि.सै.क. अधिकारी ने कल्याणकारी योजनाओं के वारे में अवगत कराते हुये बताया कि लाइफ सार्टिफिकेट जमा करना एवं स्पर्श पीपीओ में स्वयं का एवं पत्नी का आधार कार्ड, पेन कार्ड, जन्म तिथि सही करवाना, के एस वी एवं उ.प्र. सरकार द्वारा लाभकारी योजनाओं के वारे में जानकारी दी। उन योजनाओं का लाभ लेने के लिये सभी भूतपूर्व सैनिको, आश्रितों एंव विधवाओं को प्रेरित किया। सैनिक पुनर्वास निधि से संचालित फ्री आफ कोष्ट कोर्स जैसे कम्प्यूटर कोर्स, फैशन डिजाइनिंग कोर्स, एस.एस.वी. की टेनिंग में स्वयं एवं वच्चों को भेजने के लिऐ प्रेरित किया। अपर जिलाधिकारी को पिछली सैनिक वन्धु बैठक में आई शिकायतें लम्वित निस्तारण के वारे में अवगत कराया कि पिछली सैनिक वन्धु बैठक में आई शिकायतों का निस्तारण हो गया है।

# नव निर्वाचित अधिवक्ता संघ को न्यायमूर्ति ने दिलायी शपथ




जिला संवाददाता

**बांदा।** जिला अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी को उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायमूर्ति अनीश गुप्ता ने शपथ दिलाई। शनिवार को बार संघ भवन मे भव्य कार्यक्रम हुआ। न्यायमूर्ति ने कहा कि बार व बेंच एक ही रथ के दो पहिये हैं। उन्होने अधिवक्ताओं को कर्तव्यों के प्रति सजग रहने की नसीहत दी। नव निर्वाचित बार संघ अध्यक्ष अशोक कुमार दीक्षित ने निष्ठा और ईमानदारी से वकालत का भरोसा दिलाया। महासचिव रामप्रकाश शिवहरे ने कहा कि उन्हे बांदा बार पर बेहद गर्व है। अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष शंकर सिंह गौतम, रामस्वरूप सिंह, निवर्तमान अध्यक्ष राजेश दुबे, अवधेश गुप्ता, रामलखन सिंह राजपूत, आनंद सिन्हा, अशोक त्रिपाठी, रामकृष्ण त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिवक्ता विद्यासागर द्विवेदी ने भी समारोह को संबोधित किया। इससे पूर्व नव निर्वाचित अध्यक्ष अशोक कुमार दीक्षित को निवर्तमान अध्यक्ष राजेश दुबे व महासचिव रामप्रकाश शिवहरे को निवर्तमान महासचिव ने बैज लगाया। पदाधिकारियों ने न्यायिक अधिकारियों व वरिष्ठ अधिवक्ताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू, पूर्व मंत्री विशम्भर प्रसाद निषाद के अलावा बार संघ के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य व बड़ी संख्या मे अधिवक्ता तथा गण्यमान लोग मौजूद रहे।

# वार्ड नंबर 17 में पेयजल संकट गहराया, वार्ड वासियों पार्षद के साथ डीएम सौंपा ज्ञापन



**ललितपुर।** गर्मी का मौसम शुरू होते ही शहरी क्षेत्र में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है, सबसे बड़ी समस्या तो नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 17 सिविल लाईन द्वितीय में उत्पन्न हुई है, जहां अनेक इलाकों में दो दिनों से नलों में पानी नहीं टपक रहा है, जिससे मोहल्लेवासियों में पानी के लिए हाहाकार मच गया। पानी की समस्या के निदान की मांग को लेकर पार्षद कुन्दन पाल के नेतृत्व में वार्ड वासियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिलाधिकारी को सौंपे गये ज्ञापन में पार्षद कुन्दन पाल ने बताया कि वार्ड नंबर 17 सिविल लाईन द्वितीय में पेयजल संकट दो दिन से गहराया हुआ है। सबसे अधिक समस्या देवगढ़ रोड़ पर स्थित किंजल हुण्डैत के मकान के सामने वाली गली, आरएमएस वाली गली में परमानंद तिवारी के मकान के आसपास, कपिल गेस्ट हाऊस के पीछे विश्राम झां के मकान, रवि चैबे, मनोज चैबे के मकान के आसपास वाले क्षेत्र में, कैलाश गोस्वामी पाठक भवन के आसपास के इलाके, नई बस्ती जैन मंदिर के सामने, क्षेत्रपाल मंदिर के पीछे व गुल्लन की चक्की के सामने वाले इलाके में पेयजल संकट गहराया हुआ है। कई इलाकों में दो दिन से नल नहीं आये है, वहीं कुछ जगह नल आ रहे है तो थोड़ी देर के लिए आ रहे है, जिससे पेयजल संकट गहरा गया है। उन्होंने पेयजल संकट से निपटने के लिए पानी के टेंकरों से पेयजल की व्यवस्था किये जाने व नल से पानी की व्यवस्था किये जाने की मांग की है। इसके अलावा जल संस्थान द्वारा कुछ दिन पहले स्टेशन रोड़ से पाठक भवन तक डाली गई नई पाइप लाइन के लिए खोदी सडक को भी ठीक कराये जाने की मांग की गई। ज्ञापन देते समय शिवप्रसाद तिवारी, श्याम सुन्दर मिश्रा, स्वतंत्र व्यास, आशीष नायक, धन्य कुमार जैन, रामकुमार, हिमांशु गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

## आचार संहिता लगते ही उतरे राजनीतिक पोस्टर

**बरेली।** लोकसभा चुनाव की तारीखों का बिगुल बजते ही पूरे देश में आचार संहिता भी लागू हो गई है और चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक बरकरार रहेगी। लोकसभा चुनाव सात चरणों में होना है जिसकी घोषणा होते ही जगह-जगह लगे राजनीतिक पोस्टर को उखाड़ना शुरू कर दिया है। शहर भर में लगे राजनीतिक पार्टियों के पोस्टर और बैनर उतारने का काम नगर निगम ने शुरू कर दिया है।

चुनाव आयोग की घोषणा के मुताबिक 19 अप्रैल से 7 चरणों में वोटिंग होगी। इसके बाद 4 जून को मतों की गिनती होगी।

# ट्रैक्टर से हुए एक्सीडेंट का कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** एजेन्सी से खरीदे गये ट्रैक्टर से सड़क दुर्घटना हो जाने पर दूसरे व्यक्ति को सिंचाई विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर ड्राईविंग लाइसेंस लगाकर फंसा देने और बीस वर्षों से मुकद्दमें में परेशान होने का हजार्ना देने के नाम पर गाली-गलौज कर जान से मारकर फेंक देने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुये थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम गढ़ौली निवासी मंगल अहिरवार पुत्र घूमन ने ग्राम दो लोगों के खिलाफ सीजेएम न्यायालय के आदेश पर मुकद्दमा दर्ज कराया है।

मंगल अहिरवार ने सीजेएम न्यायालय में दिये पत्र में बताया कि ग्राम मिर्चवारा निवासी फेरनलाल अहिरवार पुत्र जगन ने वर्ष 200 में सोनालिका ट्रैक्टर मवेशी बाजार स्थित शंकर ट्रैक्टर एजेन्सी से खरीदा था, लेकिन रुपया बकाया होने के चलते ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन फेरनलाल के नाम न हो सका। उक्त ट्रैक्टर को फेरनलाल का बहनोई ग्राम बरौदिया भड़ऊ निवासी मनसुख पुत्र हल्कू चलाता था। बताया कि 25 अक्टूबर 2000 को फेरनलाल का ड्राईवर मनसुख ने ट्रैक्टर से संदीप लॉज के सामने ऑटो में टक्कर मार दी थी, जिससे टैक्सी सवार नीरज पाराशर का पैर टूट गया था।

दुर्घटना उपरान्त फेरनलाल ने एजेन्सी मालिक इन्द्रपाल सिंह से सांठगांठ कर ड्राईवर मनसुख के पास लाइसेंस न होने के कारण उससे सिंचाई विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर ड्राईविंग लाइसेंस की फोटोकॉपी ले ली और मुकद्दमें में लगा दी, जिसके बाद 11 नवम्बर 2020 को आत्मसमर्पण कराकर उसे मंगल अहिरवार बताते हुये जमानत करायी।

आरोप है कि आत्म समर्पण प्रार्थना पत्र, वकालतनामा व मुचलका पर उसके फर्जी दस्तखत बनाकर कूटरचना व जालसाजी की। न्यायालय में दायर फर्जी मुकद्दमें की जानकारी होने पर उसने फेरनलाल से कहा, तो उन्होंने खर्चा वहन करने की बात कही। आरोप है कि 20 वर्षों से वह फर्जी मुकद्दमें में परेशान हुआ और 25 फरवरी 2020 को उसे दोष मुक्त किया गया। बीस साल परेशान होने का हजार्ना लेने के लिए जब वह 23 नवम्बर 2023 को फेरनलाल के घर सुबह करीब 11 बजे गांव के उद्देत व पवन पुत्रगण भज्जू के साथ पहुंचा तो फेरनलाल ने गाली-गलौज करते हुये उसे जान से मारकर फेंक देने की धमकी देते हुये भगा दिया।

पीड़ित ने जानमाल का खतरा बताते हुये न्यायालय से इंसाफ की गुहार लगायी।

सीजेएम न्यायालय ने मामले की जांच कर मुकद्दमा दर्ज करने के निर्देश कोतवाली पुलिस को दिये। कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर फेरनलाल अहिरवार व इन्द्रपाल सिंह निरंजन के खिलाफ धारा 200, 201, 203, 205, 211, 465, 466, 419, 467, 468, 120 बी के तहत मुकद्दमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## गेहूं के मूल्यों में बढ़ोतरी, पंजीकरण करायें किसान

**बरेली।** अपर जिलाधिकारी नगर एवं जिला खरीद अधिकारी सौरभ दुबे ने बताया कि रवी विपणन वर्ष 2024-25 में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत गेंहू खरीद 01 मार्च 2024 से प्रारम्भ हो गई है। पिछले वर्ष 2125 रुपए प्रति कुन्तल गेंहू के मूल्य में भारी वृद्धि करते हुए इस वर्ष गेंहू का समर्थन मूल्य 2275 रुपए प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है।

उन्होंने कहा कि कि गेहूँ क्रय नीति के प्राविधान के अनुसार बटाईदार किसानों से भी खरीद किये जाने की व्यवस्था की गयी है और किसानों द्वारा क्रय केन्द्रों पर उतराई, छनाई एवं सफाई की मद में बीस रुपये प्रति कुंतल दर से व्यय की प्रतिपूर्ति समर्थन मूल्य के अतिरिक्त सभी क्रय केन्द्रों द्वारा किये जाने की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि कृषक व नवीनीकरण के लिए क्रय केन्द्रों पर भी व्यवस्था की गयी है, किसान बन्धु गेहूँ क्रय केन्द्रों पर भी निःशुल्क पंजीकरण करा सकते हैं।

## बाइक को क्षतिग्रस्त कर आरक्षी से अभद्रता, केस दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली में तैनात आरक्षी जुगल किशोर ने प्रभारी निरीक्षक को शिकायती पत्र देते हुये बताया कि 15 मार्च को जब वह सरकारी गाड़ी संख्या यू.पी. 94 जी 0253 से सरकारी कार्य तामीला में थाना क्षेत्र में था। वह मोहल्ला आजादपुरा में गाड़ी खड़ी करके सरकारी कार्य कर रहा था कि तभी अपराह्न करीब 2.15 बजे रामनगर निवासी राज राजा पुत्र मज्जू उर्फ बबलू राजा, बयाना नाला के पास निवासी अजय राजा पुत्र स्व.सुम्मेर सिंह व सांई मंदिर के बगल में रहने वाला शक्ति बाल्मीकि ने उसकी सरकारी गाड़ी में लात मार दी, जिससे गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गयी।

आरक्षी ने बताया कि जब वह गाड़ी के पास पहुंचा तो उक्त लोग उसे देखकर गालियां देने लगे, उसने उक्त लोगों से गाली देने से मना किया तो उक्त लोगों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुये उसके साथ लिपटा-झपटी व धक्का मुक्की कर दी और कहा कि यहां के गुण्डा हैं और आरक्षी को जान से मारने की धमकी दी। आरक्षी की तहरीर पर प्रभारी निरीक्षक ने राज राजा, अजय राजा व शक्ति बाल्मीकि के खिलाफ धारा 332, 353, 504, 506 व 427 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# नीतीश ने बांटे मंत्रियों को विभाग

## गृह और सामान्य प्रशासन विभाग अपने पास रखे : सीएम

एजेंसी

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंत्रिमंडल विस्तार के एक दिन बाद शनिवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (सरकार) के मंत्रियों को विभाग आवंटित किए। कुमार ने गृह और सामान्य प्रशासन विभाग अपने पास बरकरार रखे जबकि उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को वित्त और वाणिज्यिक विभाग दिए गए हैं।

कैबिनेट सचिवालय विभाग की ओर से शनिवार को जारी एक अधिसूचना के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता व अन्य उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा को सड़क निर्माण, खान एवं भूविज्ञान और कला एवं संस्कृति विभाग दिए गए हैं। नीतीश कुमार ने शुक्रवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए 21 नए मंत्रियों को शामिल किया था। 21 नए मंत्रियों के शामिल होने के साथ, नीतीश कुमार मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या बढ़कर 30 हो गई। राज्य में संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार कुल 36 मंत्री हो सकते हैं। अधिसूचना के अनुसार कुमार ने कैबिनेट



सचिवालय, चुनाव, सतर्कता, सामान्य प्रशासन जैसे प्रमुख विभाग औरै किसी को आवंटित नहीं किए गए अन्य सभी विभागै भी अपने पास रखे हैं। भाजपा के प्रेम कुमार को सहकारिता और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग आवंटित किया गया है। नीतीश के करीबी बिजेंद्र प्रसाद यादव को ऊर्जा और योजना एवं विकास विभाग आवंटित किया गया है। जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी को जल संसाधन और संसदीय कार्य विभाग का जिम्मा सौंपा गया है। जदयू के श्रवण कुमार को ग्रामीण विकास विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। हिंदुस्तान आवाम मोर्चा (हम) के नेता संतोष कुमार सुमन को सूचना प्रौद्योगिकी, लघु जल संसाधन और आपदा प्रबंधन विभाग दिया गया है। निर्दलीय विधायक सुमित कुमार सिंह को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का जिम्मा सौंपा गया है।

भाजपा की वरिष्ठ नेता रेनू देवी को पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग दिया गया है। अन्य मंत्रियों जिन्हें विभाग आवंटित किए गए हैं, उनमें मंगल पांडे (स्वास्थ्य और कृषि), नीरज कुमार सिंह (सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग), अशोक चौधरी (ग्रामीण कार्य), लेसी सिंह (खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण), मदन सहनी (समाज कल्याण), नीतीश मिश्रा (उद्योग और पर्यटन), नितिन नबीन (शहरी विकास और आवास और कानून) शामिल हैं। इसके अलावा दिलीप कुमा जयसवाल को राजस्व एवं भूमि सुधार, महेश्वर हजारी को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, शीला कुमारी को परिवहन, सुनील कुमार को शिक्षा, जनक राम को एससी एवं एसटी कल्याण, हरि सहनी (बीसी एवं ईबीसी कल्याण), और जयंत राज को भवन निर्माण विभाग दिए गए हैं।

# जम्मू कश्मीर में नयी जनजातियों के लिए 10 फीसदी का आरक्षण

जम्मू। जम्मू कश्मीर प्रशासन ने अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में जोड़े गए चार नए समुदायों को 10 फीसदी आरक्षण देने को मंजूरी दी है जिससे केंद्र शासित प्रदेश में इस श्रेणी के लिए कुल आरक्षण बढ़कर 20 प्रतिशत हो गया है। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि प्रशासन ने 15 नयी जातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में जोड़ने तथा ओबीसी आरक्षण को बढ़ाकर आठ प्रतिशत करने को भी स्वीकृति दे दी है।



संसद ने फरवरी में स्थानीय निकायों में ओबीसी को आरक्षण देने वाले तथा चार और समुदायों - गद्दा ब्राह्मण, कोली, पद्दारी जनजाति और पहाड़ी जातीय समूह को जम्मू कश्मीर में अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल करने वाले दो विधेयक पारित किए थे। प्रवक्ता ने बताया, चार नयी जनजातियों - पहाड़ी जातीय समूह, पद्दारी जनजाति, कोली और गद्दा ब्राह्मण को अनुसूचित जनजाति श्रेणी में शामिल करने के मद्देनजर प्रशासनिक परिषद ने नए समुदायों के पक्ष में 10 प्रतिशत आरक्षण की स्वीकृति दी है जिससे एसटी के लिए कुल आरक्षण बढ़कर 20 फीसदी हो गया है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के नेतृत्व में यहां प्रशासनिक परिषद की बैठक में इस संबंध में मंजूरी दी गयी। प्रशासनिक परिषद ने पहले से अधिसूचित जनजातियों और श्रेणी में जोड़ी गयी नयी जनजातियों को समान तथा अलग-अलग आरक्षण के लाभ सुनिश्चित करने के लिए उन्हें 10-10 प्रतिशत आरक्षण देने की मंजूरी दी है। प्रवक्ता ने बताया कि प्रशासनिक परिषद ने 15 नयी जातियों को ओबीसी में शामिल करने तथा ओबीसी आरक्षण बढ़ाकर आठ प्रतिशत करने की भी स्वीकृति दी है।

संक्षेप

## लोकसभा चुनाव सात चरणों में

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीटों पर चुनाव सात चरणों में होंगे। निर्वाचन आयोग ने शनिवार को यह घोषणा की। देश में लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में होंगे। मतगणना चार जून को होगी। राज्य में कुल 7.58 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें लगभग 3.85 करोड़ पुरुष और 3.73 करोड़ महिला मतदाता हैं। लगभग 15.25 लाख ऐसे मतदाता हैं, जो पहली बार मतदान करेंगे। राज्य की 42 सीट में से 10 अनुसूचित जाति और दो सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में तृणमूल कांग्रेस ने 22 सीट, भाजपा ने 18 और कांग्रेस ने दो सीट जीती थीं। तृणमूल कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने चिंता व्यक्त की कि कई चरण में चुनाव होने से आर्थिक रूप से मजबूत पार्टियों को अनुचित लाभ मिलता है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कई चरण में चुनाव कराने के कदम का समर्थन किया और कहा कि यह कदम चुनावों के इतिहास और चुनाव के बाद की हिंसा के कारण उठाया गया है।

## बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व धान खरीद अनियमितता के आरोप

भुवनेश्वर। निर्वाचन आयोग के ऐलान के साथ ओडिशा में लोकसभा की 21 सीट के साथ-साथ राज्य विधानसभा की 147 सीट पर चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। इस चुनाव में सियासी दलों द्वारा विभिन्न मुद्दे उठाए जाएंगे जिनमें बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था, धान खरीद में कथित अनियमितता, चिटफंड और खनन घोटाले के मुद्दे अहम हो सकते हैं। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) ने पहले ही राज्य की सत्ता में 24 साल पूरे कर लिए हैं। गत पांच वर्षों में, बीजद ने विभिन्न विधेयकों और नीतियों में केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार का समर्थन किया है और यहां तक कि संसद के पटल पर खुले तौर पर घोषणा की है कि राज्य को विकासात्मक परियोजनाओं में केंद्र से आवश्यक समर्थन मिल रहा है।

## बाल विवाह, युसीसी प्रमुख चुनावी मुद्दे

गुवाहाटी। विवादास्पद नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 (सीएए) को लागू किया जाना, सत्तारूढ़ और विपक्षी दोनों दलों के लिए असम में एक प्रमुख चुनावी मुद्दा होगा। केंद्र ने 31 दिसंबर, 2014 से पहले भारत आए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के बिना दस्तावेज वाले गैर-मुस्लिम प्रवासियों के लिए तेजी से नागरिकता प्रदान करने के वास्ते नागरिकता (संशोधन) कानून को हाल में अधिसूचित किया था। राज्य में तीन चरणों में 19, 26 अप्रैल और सात मई को मतदान होगा। राज्य में चुनाव के लिए प्रमुख मुद्दे निम्नलिखित हैं : 1. नागरिकताः सत्तारूढ़ भाजपा 31 दिसंबर 2014 से पहले आए बांग्लादेश के हिंदू बंगाली प्रवासियों को नागरिकता देने के वादे को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करेगी, जबकि विपक्षी दल विदेशियों के खिलाफ छह साल के आंदोलन को समाप्त करने के लिए 1985 में हस्ताक्षरित असम समझौते के उल्लंघन का जिक्र कर सकते हैं।

# महरौली में अखूंदजी मस्जिद स्थल पर नमाज की अनुमति नहीं

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने महरौली में हाल में ध्वस्त की गई अखूंदजी मस्जिद में रमजान के दौरान नमाज की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने मुंतजमिया कमेटी मदरसा बेहरुल उलूम और कब्रिस्तान की याचिका को खारिज करते हुए कहा कि उच्च न्यायालय ने पिछले महीने शब-ए-बारात के मौके पर श्रद्धालुओं को प्रवेश की अनुमति देने से इनकार कर दिया था और अब इस संबंध में कोई अलग दृष्टिकोण अपनाने का कोई औचित्य नहीं है। अदालत ने अपने हाल के आदेश में कहा कि गत 23 फरवरी का आदेश के मौजूदा आवेदन के संदर्भ में भी लागू होता है और इन परिस्थितियों में, इस न्यायालय के लिए अलग दृष्टिकोण अपनाने का कोई औचित्य नहीं है। अदालत ने कहा कि इस प्रकार, यह न्यायालय वर्तमान आवेदन में मांगी गई राहत देने के लिए इच्छुक नहीं है और परिणामस्वरूप इसे खारिज कर दिया गया है।

मान्यताओं के अनुसार लगभग 600 साल प्राचीन अखूंदजी मस्जिद और साथ ही वहां के बेहरुल उलूम मदरसे को संजय वन में अवैध निर्माण घोषित किया गया था और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने 30 जनवरी को इसे ध्वस्त करा दिया था।

# यौन उत्पीड़न में दोषी को 83 साल की सजा

एजेंसी

पलक्कड़ (केरल)। केरल की एक अदालत ने शनिवार को 65 वर्षीय एक व्यक्ति को 16 साल की नाबालिग लड़की का उसके घर पर बार-बार यौन उत्पीड़न करने का दोषी करार देते हुए कुल 83 वर्ष कारावास की सजा सुनाई। लोक अभियोजक ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोषी लड़की का रिश्तेदार है।

विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) निशा विजयकुमार ने बताया कि पत्तांबी फास्ट ट्रैक विशेष अदालत (एफटीएससी) के न्यायाधीश रामू रमेश चंद्र भानु ने आरोपी को यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी करार देते



हुए अलग-अलग अवधि की कुल 83 साल कारावास की सजा सुनाई। उन्होंने बताया दोषी को हालांकि 40 साल कारावास की सजा काटनी होगी क्योंकि यह उसे दी गई जेल की सजाओं में से सबसे अधिक सजा है और बाकी सजा साथ-साथ चलेंगी। लोक अभियोजक ने बताया कि अदालत ने दोषी पर 4.3 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया और कहा कि यदि पूरी राशि या उसका कुछ हिस्सा व्यक्ति से वसूला जाता है तो उक्त राशि पीड़िता को दी जानी चाहिए। अभियोजन पक्ष के मुताबिक आरोपी ने लड़की के घर पर बार-बार उसका यौन उत्पीड़न किया और इस कृत्य को तब भी अंजाम देता था जब पीड़िता की मां और दादी आसपास होती थीं।

उन्होंने बताया कि दोषी ने पीड़िता को घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक बाद में पीड़िता ने घटना के बारे में अपने एक शिक्षक को बताया, जिसने स्कूल को सूचित किया। इसके बाद मामले को बाल सेवा के संज्ञान में लाया गया जिसने पुलिस को सूचित किया और आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई।

# बैंक अधिकारी ने निष्क्रिय खातों से 1.26 करोड़ निकाले, गिरफ्तार

एजेंसी

जम्मू। जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में पिछले तीन वर्षों में निष्क्रिय बैंक खातों से 1.26 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि की कथित हेराफेरी करने को लेकर शनिवार को एक बैंक अधिकारी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। रियासी की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहिता शर्मा ने बताया कि जेएंडके बैंक की पौनी शाखा के सहायक प्रबंधक इश्विंदर सिंह रानयाल की धोखाधड़ी पिछले महीने तब उजागर हुई जब आरोपी ने एक सक्रिय खाते से पैसे निकाले और संबंधित खाताधारक ने इस संबंध में शिकायत दर्ज करायी। शर्मा ने बताया कि शिकायत मिलने और अपराध की गंभीरता का अहसास होने के बाद विशेष टीम बनायी गयी तथा आखिरकार आज सुबह रानयाल को जम्मू की सैनिक कॉलोनी से गिरफ्तार किया गया। रानयाल पौनी का निवासी है। उन्होंने कहा, अपराधी पिछले एक महीने से गिरफ्तारी से बच रहा था। उसने जेएंडके बैंक की पौनी शाखा में खातों में धोखाधड़ी और जालसाजी के जरिए 126.34 लाख रुपये की जनधन की चपत लगायी। उन्होंने बताया कि दरअसल आरोपी निष्क्रिय पड़े खातों को बड़ी होशियारी से सक्रिय कर देता और फिर अवैध तरीके से उससे पैसे निकाल लेता था।

# के. कविता को 23 तक ईडी की हिरासत में भेजा

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को शनिवार को 23 मार्च तक के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया।

ईडी मामलों के विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने हिरासत के अनुरोध संबंधी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर यह आदेश सुनाया। एजेंसी ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी कविता को अदालत के समक्ष पेश किया और 10 दिन की हिरासत मांगी। हालांकि, अदालत ने केवल 23 मार्च तक की हिरासत प्रदान की। अदालत में पेश किए जाने के दौरान कविता ने अपनी




गिरफ्तारी को अवैध बताया और कहा, हम इसे (मामले को) अदालत में लड़ेंगे। केंद्रीय एजेंसी कविता (46) को कल शाम हैदराबाद के बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से गिरफ्तार करके दिल्ली ले आई थी। सुनवाई के दौरान, वकील नितेश राणा के साथ कविता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विक्रम चौधरी ने न्यायाधीश से कहा कि उनकी गिरफ्तारी अवैध थी।

वकील ने संघीय धनशोधन रोधी एजेंसी पर कविता को गिरफ्तार करते समय उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का उल्लंघन करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि शीर्ष अदालत ने एजेंसी की ओर से जारी समन के खिलाफ दायर कविता की याचिका पर 19 मार्च को होने वाली सुनवाई से पहले कविता के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्वाई नहीं करने का निर्देश दिया था। हालांकि, ईडी ने कहा कि उसने उच्चतम न्यायालय सहित किसी भी अदालत के समक्ष ऐसा कोई बयान नहीं दिया है कि कविता के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्वाई नहीं की जाएगी।

## विशेष वित्तपोषण योजना के तहत जिलों की संख्या हुई 58

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय और 10 प्रभावित राज्यों की व्यापक समीक्षा के बाद, विशेष एसआरई वित्त पोषण योजना के तहत आने वाले देश के वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की संख्या 72 से घटकर 58 रह गई है। आधिकारिक सूत्रों और रिकॉर्ड से यह जानकारी दी गई है। वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से संबंधित गृह मंत्रालय के विभाग ने इस सप्ताह की शुरुआत में इन राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों को एक पत्र जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि नया वर्गीकरण एक अप्रैल को नया वित्त वर्ष शुरू होने से प्रभावी होगा। उपलब्ध हुए गृह मंत्रालय के पत्र में कहा गया है कि मंत्रालय और राज्य सुरक्षा और विकास से संबंधित कई कदम उठा रहे हैं।

# यूपी की चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखें घोषित

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने शनिवार को कहा कि सूबे की चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव भी लोकसभा चुनाव के साथ ही होंगे।

रिनवा ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि शनिवार निर्वाचन आयोग ने यूपी में लोकसभा चुनाव के लिए सात चरणों में चुनाव कराने की घोषणा की और इसी के साथ ही राज्य की चार विधानसभा सीटों के लिए भी उपचुनाव का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया। राज्य की जिन चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है, उनमें शाहजहांपुर जिले की ददरौल, लखनऊ जिले की लखनऊ पूर्वी, बलरामपुर जिले की गैसड़ी और सोनभद्र जिले की दुद्धी विधानसभा सीट शामिल है। विधानसभा उपचुनाव कार्यक्रम की जानकारी देते हुए रिनवा ने बताया कि ददरौल विधानसभा सीट पर उपचुनाव चतुर्थ चरण में 13 मई को होगा। वहीं लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट पर उपचुनाव पांचवे चरण में 20 मई, गैसड़ी में छठे चरण में 25 मई और दुद्धी में सातवें चरण में एक जून को मतदान होगा। मतगणना चार जून को होगी। लखनऊ पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से मौजूदा विधायक आशुतोष टंडन के निधन के बाद उपचुनाव जरूरी हो गया है। टंडन का नौ नवंबर, 2023 को 63 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। लखनऊ पूर्व विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक रहे टंडन, योगी आदित्यनाथ की पहली सरकार में मंत्री रहे थे। ददरौल विधानसभा सीट पर भी मौजूदा विधायक मानवेंद्र सिंह (70) के निधन के बाद उपचुनाव कराया जाएगा। वहीं शाहजहांपुर जिले के ददरौल से भाजपा विधायक सिंह का लंबी बीमारी के बाद पांच जनवरी को दिल्ली में निधन हो गया था। बलरामपुर जिले का गैसड़ी विधानसभा सीट पर मौजूदा सपा विधायक डॉ. शिव प्रताप यादव के निधन के बाद उपचुनाव कराया जाएगा।

पेज एक का शेष

## लोकसभा चुनाव

मतदाता हैं। इनमें से 49.7 करोड़ पुरुष, 47.1 करोड़ महिलाएं और 48 हजार ट्रांसजेंडर शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि ऐसे मतदाताओं की संख्या 1.8 करोड़ है, जो पहली बार मतदान करेंगे और मतदाता सूची में 85 साल से अधिक उम्र के 82 लाख और सौ साल से अधिक उम्र के 2.18 लाख मतदाता शामिल हैं। कुमार ने बताया कि देशभर में मतदाता लिंगानुपात 948 है और 12 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। उन्होंने कहा कि देश में 10.5 लाख से अधिक मतदान केंद्र होंगे और 55 लाख इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का इस्तेमाल होगा। उन्होंने कहा कि आयोग हिंसामुक्त चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कुमार ने कहा हम पूरी तरह तैयार हैं और मैं मतदाताओं से अनुरोध करता हूं कि वे स्याही (मतदान वाली) लगवाएं। उन्होंने कहा, यह हम सभी के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग राष्ट्रीय चुनाव इस तरह से कराने का वादा करता है कि वैश्विक मंच पर भारत का गौरव बढ़े। कुमार ने कहा सभी राज्यों में आकलन के बाद हम एक यादगार, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने को लेकर आश्वस्त हैं। उन्होंने कहा कि आयोग ने 17 लोकसभा, 16 राष्ट्रपति चुनाव और 400 से अधिक विधानसभा चुनाव कराए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 11 राज्यों के चुनाव शांतिपूर्ण और हिंसामुक्त रहे और लगभग एक भी सीट पर दोबारा चुनाव नहीं हुआ। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में भी 11 अप्रैल से 19 मई के बीच सात चरणों में मतदान हुआ था। चुनाव परिणाम 23 मई को घोषित किये गए थे। उस चुनाव में कुल 91.2 करोड़ योग्य मतदाता थे, जिनमें लगभग 43.8 करोड़ महिला मतदाता और लगभग 47.3 करोड़ पुरुष मतदाता थे।

## देश के 12

18-19 वर्ष के आयु वर्ग में 85.3 लाख महिला मतदाता हैं। महिलाएं भी कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं, इसलिए यह एक बहुत ही स्वस्थ संकेत है कि महिलाएं भी हमारे चुनावों में समान रूप से भाग ले रही हैं। हालांकि उन्होंने राज्यों के नाम नहीं बताए। कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होकर सात चरणों में होंगे और परिणाम चार जून को घोषित किए जाएंगे। अन्य चरणों का मतदान 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को होगा। अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव 19 अप्रैल को और आंध्र प्रदेश में 13 मई को होंगे। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सात चरणों में मतदान हुआ था।

## प्रसार भारती के

आयु सीमा है। सूचना व प्रसारण मंत्रालय द्वारा 15 मार्च को जारी एक आदेश में कहा गया है, राष्ट्रपति को, चयन समिति की सिफारिश पर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी श्री नवनीत कुमार सहगल को प्रसार भारती बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करते हुए प्रसन्नता है, जो उनके पद का कार्यभार संभालने की तारीख से तीन साल की अवधि या उनके 70 वर्ष का होने तक प्रभावी होगी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देश के सरकारी प्रसारणकर्ता के अध्यक्ष का चयन करने के लिए शुक्रवार को एक बैठक की अध्यक्षता की थी। उपराष्ट्रपति राज्यसभा के सभापति भी हैं। वह प्रसार भारती के अध्यक्ष पद के लिए चयन समिति के प्रमुख होते हैं। इस समिति में भारतीय प्रेस परिषद के अध्यक्ष और राष्ट्रपति द्वारा नामित एक सदस्य शामिल होते हैं। इस बैठक में भारतीय प्रेस परिषद की अध्यक्ष न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) रंजना देसाई और सूचना व प्रसारण सचिव संजय जाजू शामिल हुए।

## बुजुर्ग व 40%

सीट के लिए मतदान सात चरणों में होंगे, जिसकी शुरुआत 19 अप्रैल को पहले चरण में 102 सीटों के लिए मतदान के साथ होगी। मतगणना 4 जून को होगी।

## यूपी में सात

भीतर निजी सम्पत्तियों से दीवार लेखन, पोस्टर, बैनर, होर्डिंग्स, झण्डे इत्यादि हटाने की कार्यवाही जिलों द्वारा प्रारम्भ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 80 लोक सभा क्षेत्रों में से 67 लोक सभा क्षेत्रों में जिलाधिकारी, 12 लोक सभा क्षेत्रों में मुख्य विकास अधिकारी तथा 1 लोक सभा क्षेत्र में उपाध्यक्ष, गोरखपुर विकास प्राधिकरण, रिटर्निंग आफिसर अधिसूचित हैं। वर्तमान में प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या 15.34 करोड़ है, जिसमें 8.17 करोड़ पुरूष, 7.17 करोड़ महिला, 6,638 तृतीय लिंग तथा 12,51,827 दिव्यांग मतदाता हैं। वर्तमान में प्रदेश में कुल पोलिंग स्टेशन लोकेशन की संख्या 92,587 एवं मतदेय स्थल की संख्या 1,62,041 (1,62,012 मूल तथा 29 सहायक मतदेय स्थल) है। उन्होंने बताया कि आयोग ने 85 वर्ष से अधिक आयु एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए उनके पते पर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराये जाने की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। सक्षम एप के माध्यम से दिव्यांग मतदाताओं द्वारा अपने मतदेय स्थल पर सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के लिए आवेदन की सुविधा उपलब्ध है।

## सपने नहीं, हकीकत

रुपये बजट में दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जो नौजवान पहले देश-दुनिया में नौकरी के लिए जाता था, आज उसे प्रदेश में नौकरी मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के जनप्रतिनिधियों ने जो प्रयास किया, उसका परिणाम है कि रामपुर विकास की नई पहचान बना रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार रामपुरी चाकू (रामपुर की पहचान) को धार देगी, जो सबकी सुरक्षा के लिए भी काम कर सके और घर में सब्जी भी काट सके। योगी ने कहा कि समृद्धि आएगी तो कोई जेब काटने की कोशिश नहीं करेगा, हम हर हाथ को कार्य देंगे और रोजगार देंगे, फिर वायलिन के स्वर रामपुर में गूंजते दिखाई देंगे। रामपुर घराना फिर से संगीत के घराने के रूप में पहचान बनाएगी। मुरादाबाद में जनसभा करने के बाद दोपहर बाद योगी आदित्यनाथ 1.25 बजे पुलिस लाइन मैदान में हेलीकाप्टर से पहुंचे। इसके बाद सीधे फिजिकल कालेज के मैदान आयोजित जनसभा स्थल की तरफ रवाना हुए। उन्होंने यहां पर एक हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। योगी ने कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित उत्तरप्रदेश चाहिए। इसके लिए विकसित रामपुर चाहिए। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार का संकल्प विकसित भारत है।

## बख्शा नहीं

भ्रष्टाचार को लेकर भी उन पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वंशवादी दलों में भ्रष्टाचार की साझेदारी बहुत मजबूत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और बीआरएस दोनों भ्रष्टाचार के साझेदार हैं। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 2जी घोटाला किया जबकि बीआरएस ने सिंचाई में घोटाला किया और दोनों दल भूमाफिया का सहयोग करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर तेलंगाना में भी ऐसा ही करना होगा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले से जुड़ी धनशोधन की जांच के संबंध में शुक्रवार को हैदराबाद में बीआरएस नेता के. कविता को गिरफ्तार किया। मोदी ने कहा कि जनता ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 से अधिक सीटें देने का मन बना लिया है। मोदी ने कहा कि पिछले सात दशकों में कांग्रेस ने देश को झूठ और लूट के अलावा कुछ नहीं दिया और पार्टी कभी भी तेलंगाना का विकास सुनिश्चित नहीं कर सकती।

## यूपी पुलिस

दरोगा का प्रशिक्षण दिया गया है। इन तीनों संस्थानों समेत उत्तर प्रदेश में 11 स्थानों पर प्रशिक्षु दरोगा की पासिंग आउट परेड का होगी। सीएम का संबोधन मुरादाबाद स्थित पीटीसी, पीटीएस, पीटीसी सीतापुर, एटीसी सीतापुर, पीटीएस गोरखपुर, पीटीएस जालौन, एपीटीसी चुनार, पीटीएस सुल्तानपुर, पीटीएस उन्नाव में लाइन प्रसारण होगा। डॉ. बीआर आंबेडकर पुलिस अकादमी के एडीजी राजीव सभरवाल ने बताया कि शनिवार को मुरादाबाद के तीनों संस्थानों समेत 11 स्थानों पर पासिंग आउट परेड होगी। जिसमें 8362 प्रशिक्षु दरोगा पास आउट होंगे। इनमें 1618 महिला दरोगा शामिल हैं।

## भारतीय नौसेना

आह्वान किया गया। इसमें कहा गया है, भारतीय नौसेना इस क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और नाविकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। नौसेना ने बताया कि शुक्रवार को एक भारतीय युद्धपोत और लंबी दूरी के समुद्री गश्ती विमान ने बांग्लादेश के एक मालवाहक जहाज का अपहरण किए जाने के बाद उसकी मदद की। उसने बताया कि सशस्त्र समुद्री डाकुओं द्वारा बंधक बनाए गए चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा सुनिश्चित की गयी और भारतीय नौसेना के युद्धपोत ने सोमालिया के जल क्षेत्र में पहुंचने तक जहाज के करीब अपनी उपस्थिति बनाए रखी। पिछले कुछ हफ्तों में भारतीय नौसेना ने पश्चिमी हिंद महासागर में कई व्यापारी जहाजों पर हमलों के बाद उनकी सहायता की है।

# बाहुबल, धनबल, भ्रामक सूचना, आचार संहिता के उल्लंघन से सख्ती से निपटने में जुटा निर्वाचन आयोग

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग इस लोकसभा चुनाव में बाहुबल, धनबल, भ्रामक सूचना के प्रसार और आचार संहिता के उल्लंघन से सख्ती से निपटने की तैयारी में जुट गया है। आयोग ने सीमाओं पर ड्रोन आधारित जांच, गैर-चार्टर्ड उड़ानों द्वारा निगरानी, भ्रामक विज्ञापनों और फर्जी खबरों को लेकर कार्वाई और चुनावी हिंसा के खिलाफ कठोर कार्वाई सुनिश्चित करेगा।

आम चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में कठिन चुनौती चार तरह की हैं- बाहुबल, धनबल, भ्रामक सूचना और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन। चुनाव आयोग इनसे निपटने के लिए प्रतिबद्ध है तथा उसने उपाय किए हैं। बाहुबल से निपटने के लिए चुनाव आयोग ने कुछ दिशानिर्देश और नियम जारी किए हैं ताकि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से हों। सीईसी ने कहा, हमने समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक को सख्त निर्देश जारी किए हैं। इसके अतिरिक्त, सीएपीएफ (अर्धसैनिक बल) को पर्याप्त संख्या में तैनात किया जाएगा और प्रत्येक जिले में एकीकृत नियंत्रण कक्ष द्वारा सहायता प्रदान की जाएगी। सीमाओं पर ड्रोन आधारित जांच भी होगी। उनका कहना था कि चुनाव में हिंसा अस्वीकार्य है और अगर चुनाव के दौरान कोई हिंसा होती है तो चुनाव आयोग कठोर कार्वाई करेगा। कुमार ने कहा, 2022-23 के चुनावी साल में 11 राज्यों में पांच साल पहले की तुलना में नकदी की जब्ती 800 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 3,400 करोड़ रुपये हो गई।

# दिल्ली कैपिटल्स की नजरें पहले डब्ल्यूपीएल खिताब

## आरसीबी के खिलाफ फाइनल मुकाबला आज शाम 7.30 बजे से

**नयी दिल्ली ।** फॉर्म में चल रही दिल्ली कैपिटल्स पिछले साल चूक गई थी लेकिन अब रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ दूसरे महिला प्रीमियर लीग फाइनल में उसकी नजरें खिताब अपने नाम करने पर लगी होंगी। पिछले साल पहले सत्र के फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को मुंबई इंडियंस ने सात विकेट से हराया था।



इस बार दिल्ली की टीम शानदार फॉर्म में है और आठ मैचों में 12 अंक लेकर पांच टीमों की लीग में शीर्ष पर है। मेग लानिंग ने मोर्चे से अगुवाई करते हुए आठ पारियों में 308 रन बनाये हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका की हरफनमौला मारियाने काप और आस्ट्रेलिया की बायें हाथ की स्पिनर जेस जोनासेन ने 11 . 11 विकेट लिये हैं। इस सत्र में दिल्ली को दो बार ही पराजय का सामना करना पड़ा जब उसे मुंबई इंडियंस और यूपी वारियर्स ने हराया। इसके अलावा उसका अभियान बेदाग रहा है। आरसीबी के खिलाफ अब तक खेले गए चारों मुकाबले उसने जीते हैं। लेकिन फाइनल में पिछला प्रदर्शन मायने नहीं रखेगा। यह नया दिन और नया मैच है जिसमें दबाव झेलने में कामयाब रहने वाली टीम को ही ट्रॉफी मिलेगी। दिल्ली को लानिंग और शेफाली वर्मा से अच्छी शुरूआत मिलने की उम्मीद होगी। जेमिमा रौड्रिग्स भी मध्यक्रम में फॉर्म में है लेकिन हरफनमौला एलिसे कैप्सी और काप से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गेंदबाजी में जोनासेन, काप और शिखा पांडे ने अच्छा प्रदर्शन किया है। बायें हाथ की स्पिनर राधा यादव ने भी दस विकेट चटकाये हैं और कोटला की धीमी पिच पर उनकी भूमिका अहम होगी। दूसरी ओर आरसीबी लीग चरण में तीसरे स्थान पर रही थी लेकिन शुक्रवार को रोमांचक एलिमिनेटर में कम स्कोर बनाने के बावजूद मुंबई को पांच विकेट से हरा दिया। हरफनमौला एलिसे पैरी पर बल्लेबाजी का जिम्मा होगा जो अब तक 312 रन बना चुकी है। उन्होंने सात विकेट भी चटकाये हैं। मुंबई के खिलाफ पैरी का हरफनमौला प्रदर्शन नहीं होता तो आरसीबी नहीं जीत पाती। पहले उन्होंने 50 गेंद में 66 रन बनाये और फिर एक विकेट भी लिया। उन्हें हालांकि कप्तान स्मृति मंधाना, सोफी डेवाइन, रिचा घोष और सोफी मोलिनू से और सहयोगी की उम्मीद होगी। आरसीबी के गेंदबाजों खासकर रेणुका सिंह, श्रेयांका पाटिल और जॉजिया वेयरहेम को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

# भारत में ही होगा पूरा आईपीएल : जय शाह

खेल संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने पुष्टि की है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का आयोजन विदेश में नहीं किया जायेगा। यह स्पष्टीकरण कुछ रिपोर्टों के बाद आया है जिसमें भारत में आम चुनावों के कारण संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में संभावित स्थानांतरण का सुझाव दिया गया है।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने इसे विदेश में स्थानांतरित करने की किसी भी अटकल को खारिज करते हुए मीडिया से स्पष्ट किया कि पूरी लीग भारत में आयोजित की जाएगी। शाह ने शनिवार (16 मार्च) को बताया कि नहीं, आईपीएल 2024 को विदेश नहीं ले जाया जायेगा और सभी मैच भारत में ही खेले जायेंगे। वहीं, शनिवार दिन में ऐसी रिपोर्ट प्रसारित की गई थीं कि कुछ आईपीएल टीमों ने आगामी चुनावों के कारण मैचों के स्थानांतरण का अनुरोध किया था, और यहां तक कि दावे भी थे कि बीसीसीआई के सदस्य यूएई में आईपीएल के दूसरे भाग को आयोजित करने की संभावना तलाश रहे थे। एक रिपोर्ट में यह भी बताया कि कुछ टीमों ने अपने-अपने खिलाड़ियों के पासपोर्ट भी मांगे है। हालाँकि, बीबीसीसीआई सचिव शाह के बयान से इन अटकलों पर विराम लग गया है।

दरअसल, भारत के चुनाव आयोग ने आगामी लोक सभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा कर दी है, जो 19 अप्रैल से 4 जून तक सात चरणों में होने वाले हैं। अब मतदान की तारीखों की पुष्टि होने के साथ ही बीसीसीआई द्वारा आईपीएल के लिए पूर्ण कार्यक्रम जारी करने की उम्मीद है। फिलहाल, 22 मार्च से 7 अप्रैल तक के पहले 21 खेलों की तारीखों की ही घोषणा की गई है। आईपीएल की शुरूआत चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच मैच से होगी।

### 22 मार्च से इन शहरों में होंगे पहले चरण के मैच

आईपीएल के पहले चरण में कुल 21 मैच होंगे। पहले फेज का आखिरी मैच 7 अप्रैल को लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस के बीच होगा। पहले चरण के मुकाबले लखनऊ, कोलकाता, जयपुर, अहमदाबाद, विशाखापत्तनम, चंडीगढ़, चेन्नई, बैंगलोर, हैदराबाद और मुंबई में खेले जाएंगे। दिल्ली में कोई मैच नहीं खेला जाएगा। दिल्ली कैपिटल्स अपने घरेलू मैच विशाखापत्तनम में खेलेगी।

### केकेआर से जुड़ें कप्तान अय्यर

कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर शनिवार को अपने साथियों के साथ शामिल होने के लिए कोलकाता पहुंच गये है। शुरूआत से ही आईपीएल के लिए अय्यर की उपलब्धता के बारे में मजबूत अफवाहें थीं, क्योंकि उन्होंने पीठ दर्द के कारण मुंबई में हाल ही में समाप्त हुई रणजी ट्रॉफी के अंतिम दो दिनों में भाग नहीं लिया था। उनकी फिटनेस के बारे में चिंताओं के बावजूद, स्कैन में कथित तौर पर कोई महत्वपूर्ण समस्या नहीं दिखाई दी है, जिससे उन्हें शुरू से ही आईपीएल में भाग लेने की अनुमति मिल गई है। यह आकलन केकेआर के अधिकारियों द्वारा साझा किया गया है, जो शुरू से ही उनकी भागीदारी की आशा करते हैं। नाइट राइडर्स 23 मार्च को ईडन गार्डन्स में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ घरेलू मैच के साथ अपने सीजन की शुरूआत करने के लिए तैयार हैं।



शनिवार को लीग से पहले एक प्रशिक्षण सत्र के दौरान केकेआर के खिलाड़ी सुनील नरेन और रिंकू सिंह

# लक्ष्य सेन आल इंग्लैंड के सेमीफाइनल में

**बर्मिंघम ।** भारत ने लक्ष्य सेन ने जबर्दस्त प्रदर्शन करते हुए पूर्व चैम्पियन मलेशिया के ली जी जिया को हराकर आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप पुरूष एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। 22 वर्षीय सेन 2022 में यहां उपविजेता रहे थे। उन्होंने आक्रामक और विविधतापूर्ण खेल दिखाते हुए करीब 71 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल में 20 . 22, 21 . 16, 21 . 19 से जीत दर्ज की।



जीत के बाद उन्होंने कहा , यह अच्छा मैच था और मुझे खुशी है कि मैं जीत सका। यह दबाव को झेलने की बात थी। मुझे पता था कि उसमें वापसी करने और कड़ी चुनौती देने की क्षमता है। उन्होंने कहा , जब मैं 18 . 14 से आगे था , तब भी मुझे पता था कि थोड़ी भी कोताही बरतने पर वह मौका नहीं छोड़ेंगे। मैं उसे कोई मौका नहीं देना चाहता था। विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज सेन का सामना इंडोनेशिया के नौवीं रैंकिंग वाले जोनाथन क्रिस्टी से होगा। सेन ने पिछले सप्ताह तीन गेम वाले चार मैच फ्रेंच ओपन में खेले थे लेकिन इसके बावजूद वह रफ्तार बनाये रखने में कामयाब रहे। उन्होंने कहा कि मैने पिछले सप्ताह और यहां जैसा खेल दिखाया, शारीरिक तौर पर मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। रिकवरी के लिये अब हालांकि समय नहीं है। मेरी सहयोगी टीम को अगले मैच के लिये काफी मेहनत करनी होगी। दोनों खिलाड़ियों ने अच्छी रेलियों के साथ शुरूआत की लेकिन ली की गलतियों का फायदा उठाकर सेन ने 8 . 3 से बढत बना ली। यह बढत जल्दी ही 12 . 7 की हो गई लेकिन ली ने समय पर वापसी करते हुए पहले स्कोर 12 . 12 और फिर 20 . 20 करने के बाद पहला गेम जीता। दूसरे गेम में सेन ने शुरू ही से 11 . 9 की बढत बना ली थी और लगातार सात अंक लेकर बराबरी की। निर्णायक गेम में भी उन्होंने यही लय कायम रखी और मुकाबला अपने नाम किया।

## ओरलियंस मास्टर्स में भारतीय चुनौती समाप्त

**ओरलियंस (फ्रांस)।** कृष्ण प्रसाद गरागा और साई प्रतीक की भारतीय जोड़ी को यहां ओरलियंस मास्टर्स बैडमिंटन के पुरुष युगल क्वार्टरफाइनल में सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा जिससे इस सुपर 300 टूर्नामेंट में भारतीय अभियान भी समाप्त हो गया। दुनिया की 70वें नंबर की इस भारतीय जोड़ी को शुक्रवार रात डेनमार्क के आंद्रियास सोंडरगार्ड और जेस्पर टोफ्ट की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 40 मिनट में 17-21 16-21 से हार मिली। देश की एकमात्र यह भारतीय जोड़ी लुकास रेनोयर और माएल काटोएन पर 21-14 21-9 की जीत से अंतिम आठ में पहुंची थी। शुरूआती मैच में कृष्ण और प्रतीक की जोड़ी ने बुल्गारिया के इवान रूसेव और लियोयान स्टोयनोव को हराया था। महिला एकल में आठवीं वरीयता प्राप्त मालविका बंसोड, तान्या हेमंत और इमाद फारूखी सामिया टूर्नामेंट के शुरू में ही बाहर हो गयी थी।

# एलएसजी के प्रशिक्षण कैंप में खिलाड़ियों ने खोले हाथ

खेल संवाददाता (vol)





● मुख्य कोच जस्टिन लैंगर, सहायक कोच लांस क्लूजनर, फील्डिंग कोच जोंटी रोड्स ने कराया अभ्यास

**लखनऊ।** भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में शनिवार से लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाड़ियों का ट्रेनिंग और फिटनेस कैंप शुरू हो गया है। मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के साथ सहायक कोच लांस क्लूजनर, फील्डिंग कोच जोंटी रोड्स, बॉलिंग कोच मोर्ने मॉर्कल, प्रवीण तांबे के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने जमकर पसीने बहाये।

इससे पूर्व फील्डिंग कोच जोंटी रोड्स ने खिलाड़ियों को वार्म अप कराया। बल्लेबाजी में अर्शीन कुलकर्णी, काइल मायर्स, आयुष बडोनी, कृष्णप्पा गौतम, प्रेरक मांकड़ ने मैदान के चारों ओर जमकर चौके छक्के लगाए। इसी के साथ शमर जोसेफ, शिवम मावी, युधवीर सिंह, मोहसिन खान, अरशद खान आदि ने गेंदबाजी में हुनर दिखाया। इस दौरान कई दर्शक भी खिलाड़ियों का अभ्यास देखने पहुंचे और चौके छक्के लगते ही तालियां बजाकर उत्साह जताया। फील्डिंग अभ्यास में खिलाड़ियों ने कैच और थ्रो में अपनी प्रतिभा दिखाकर लोगों का मन मोह लिया। कई बार खिलाड़ियों ने काफी दूर से ही डमी स्टंप को हिट किया। बल्लेबाजी में खिलाड़ियों ने ग्राउंड शाट्स के साथ हवाई शॉट्स लगाने में मेहनत कराई। खिलाड़ियों ने आपसी समन्वय पर भी काम किया। दोपहर तीन बजे से शुरू हुआ अभ्यास शिविर शाम छह बजे तक चला।

## जयपुरिया कनपुरिया जाइंट्स बनी चैंपियन

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाइंट्स प्रबंधन की ओर से इकाना स्टेडियम के बी ग्राउंड में आयोजित सुपर जाइंट्स कप गली क्रिकेट टूर्नामेंट में लखनऊ की फियरलेस फाल्कंस टीम को 27 रन से हराकर कानपुर की जयपुरिया कनपुरिया जाइंट्स टीम ने ट्रॉफी अपने नाम की। एलएसजी के सीईओ कर्नल विनोद बिष्ट व डिप्टी सीईओ सत्यम त्रिवेदी ने विजेता व उप विजेता टीमों और खिलाड़ियों को सम्मानित किया। जयपुरिया कनपुरिया जाइंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात ओवर में 149 रन बनाए। जबाव में लखनऊ की फियरलेस फाल्कंस टीम महज 122 रन ही बना सकी। एलएसजी के सीईओ कर्नल विनोद बिष्ट व डिप्टी सीईओ सत्यम त्रिवेदी ने विजेता टीम को सुपर जाइंट्स कप के साथ ही 40 हजार रुपये का चेक प्रदान किया। उप विजेता टीम को 20 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। सर्वाधिक रन बनाने वाले और सर्वाधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी को पांच हजार रुपये का चेक दिया।



संक्षेप

## पेटीएम ऐप, क्यूआर साउंडबॉक्स, कार्ड मशीनें रहेंगी चालू

**नई दिल्ली।** पेटीएम अपने यूजर्स और व्यापारियों को निर्बाध भुगतान सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हाल की घटनाओं को देखते हुए यूजर्स के मन में पेटीएम ऐप की कार्यक्षमता के बारे में सवाल हो सकते हैं। यूजर्स और व्यापारियों को इस बात को ध्यान में रखना चाहिए कि पेटीएम ऐप काम कर रहा है और 15 मार्च 2024 के बाद भी ये काम करना जारी रखेगा। पेटीएम के प्रवक्ता ने कहा कि हम प्रमुख संस्थानों के साथ साझेदारी में अपने वित्तीय सेवा वितरण प्लेटफॉर्म का विस्तार कर रहे हैं। पेटीएम क्यूआर कोड, साउंडबॉक्स और कार्ड मशीनें भी पूरी तरह चालू रहेंगी।

## माउंटेन ड्यू का समर कैंपेन लॉन्च

**नई दिल्ली।** माउंटेन ड्यू ने आज अपना 2024 का समर कैम्पेन जारी किया है जिसमें बहादुरी की मिसाल पेश करने वाली एक ऐसी कहानी है जो एक दोस्त की जान बचाने के लिए अपने डर को दरकिनार करने का संदेश देती है। माउंटेन ड्यू के ब्रैंड एंबैसडर, जो कि ब्रैंड के साथ पिछले एक दशक से जुड़े हैं, ब्रैंड की टैगलाइन डर के आगे जीत है के पर्याय बन चुके हैं। माउंटेन ड्यू के असल अंदाज को साकार करने वाली इसमें कई रोमांचकारी स्टंट हैं और साथ ही हैं जोश से भर देने वाली मनोरंजक कहानी है।

## भारत का पहला 100 फीसद एफडीआई मल्टी-सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बना सकरा

**बेंगलुरु।** सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने शनिवार को बेंगलुरु में एक नई अत्याधुनिक सुविधा के लिए अपनी दूरदर्शी योजना की घोषणा की। यह महत्वपूर्ण अवसर अग्रणी एमएनसी अस्पताल समूह की 10वीं वर्षगांठ समारोह का था। सकरा भारत का पहला 100 फीसद एफडीआई मल्टी-सुपर स्पेशलिटी अस्पताल है जो स्वास्थ्य सेवा प्रमुख सेकॉम मेडिकल सिस्टम और व्यापारिक समूह टोयोटा त्सुशो के बीच सहयोग के माध्यम से जापानी नवाचार और प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित हैं। यह विस्तार स्थानीय समुदाय और उससे परे अद्वितीय स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने की सकरा की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इसके अलावा नवीनतम स्वास्थ्य देखभाल परियोजना भारतीय तटों पर चिकित्सा प्रगति और तकनीकी नवाचारों का एक अद्वितीय तालमेल लाती है।

# लक्षद्वीप में पेट्रोल और डीजल 15.3 रुपये सस्ता

**नयी दिल्ली ।** लक्षद्वीप में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 15.3 रुपये प्रति लीटर तक की कटौती की गई है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने सुदूर द्वीपों तक ईंधन पहुंचाने के लिए विशेष बुनियादी ढांचा तैयार किया है। इसके लिए हुए खर्च की वसूली के लिए लागू अतिरिक्त शुल्क को हटाने से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी हुई है।




पेट्रोलियम मंत्रालय ने आईओसी से मिली जानकारी के हवाले से सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लक्षद्वीप के एंड्रोट और कल्पेनी द्वीपों में 15.3 रुपये प्रति लीटर और कावारत्ती तथा मिनिकॉय में 5.2 रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई है। कावारत्ती और मिनिकॉय में पेट्रोल की कीमत पहले के 105.94 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 100.75 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। एंड्रोट और कल्पेनी में पेट्रोल की कीमत 116.13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 100.75 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। इसी तरह, कावारत्ती तथा मिनिकॉय में डीजल की दरें पहले के 110.91 रुपये से घटकर 95.71 रुपये प्रति लीटर और एंड्रोट तथा कल्पेनी में 111.04 रुपये से घटकर 95.71 रुपये प्रति लीटर हो गई हैं। नयी दरें 16 मार्च से प्रभावी हो गई हैं। मंत्रालय ने पोस्ट में कहा, लक्षद्वीप में आईओसी चार द्वीपों- कावारत्ती, मिनिकॉय, एंड्रोट और कल्पेनी को पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति कर रही है। आईओसी के पास कावारत्ती और मिनिकॉय में डिपो हैं, और इन डिपो में उत्पाद की आपूर्ति केरल के कोच्चि में स्थित आईओसी डिपो से की जाती है।

# 14 माह में 13,000 करोड़ से अधिक का निवेश आया : सीएम हिमंत

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने कहा है कि राज्य ने पिछले 14 महीनों में 13,364 करोड़ रुपये का निवेश हासिल किया है, जिससे 17,000 से ज्यादा लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। यह निवेश असम की औद्योगिक और निवेश नीति (आईआईपीए), 2019 के तहत राज्य मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित 21 प्रस्तावों के माध्यम से हासिल किया गया है। उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, आईआईपीए को 2023 में 100 करोड़ रुपये और उससे अधिक के ऐसे निवेश को आकर्षित करने के लिए संशोधित किया गया था, जहां 200 या अधिक स्थायी रोजगार के अवसर तैयार होने थे। उन्होंने कहा कि इनमें से जहां 14 प्रस्तावों के लिए एमओयू पर पहले हस्ताक्षर किए गए थे, वहीं सात समझौतों पर शुक्रवार को हस्ताक्षर किए गए। सरमा ने कहा, हमने बड़े निवेशकों के लिए प्रोत्साहन को अनुकूलित करने के लिए जनवरी, 2023 में एक नीति की घोषणा की। आज सात और कंपनियां 2,000 करोड़ रुपये के निवेश के माध्यम से 6,500 नौकरियां पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस नीति के माध्यम से पिछले 14 महीनों में असम में 13,364 करोड़ रुपये का निवेश आया है और 17,700 नौकरियां पैदा हुई हैं। अधिकारियों ने कहा कि एमओयू करने वाली कंपनियों में पेप्सिको इंडिया, स्टार सीमेंट, जेरिको केमिकल्स, इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड, मैक्जिम इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड और टॉपसेम इंडिया एलएलपी हैं।



# सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल बेंगलुरु में 1,000 करोड़ का निवेश करेगा

नयी दिल्ली। जापान की टोयोटा त्सुशो और सेकॉम मेडिकल सिस्टम ने शनिवार को कहा कि वे भारत में अपने सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल के तहत दूसरी अत्याधुनिक स्वास्थ्य देखभाल इकाई की स्थापना के लिए ।,000 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे। दोनों साझेदार पहले ही बेंगलुरु में सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल के तहत एक इकाई का संचालन करते हैं। दूसरी इकाई की स्थापना बेंगलुरु उत्तर के बनासवाड़ी में की जाएगी और इसके 2026 के अंत तक तैयार होने की उम्मीद है। सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने एक बयान में कहा कि ।,000 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनने वाली दूसरी इकाई में लगभग 500 मरीजों को भर्ती करने की क्षमता होगी। सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल समूह के मुख्य परिचालन अधिकारी लवकेश फासु ने कहा कि कंपनी एक तीसरी इकाई की स्थापना करने के लिए भी बातचीत कर रही है, जिसके लिए करीब 800 करोड़ रुपये तक का निवेश किया जाएगा।

# जी एंटरटेनमेंट में तीन स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति को शेयरधारकों की मंजूरी

नयी दिल्ली । जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज के शेयरधारकों ने कंपनी के निदेशक मंडल में तीन स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जील) के शेयरधारकों द्वारा डाक मतपत्र प्रक्रिया के माध्यम से उत्तम प्रकाश अग्रवाल, शिशिर बाबूभाई देसाई और वेंकट रमण मूर्ति पिनिसेट्टी की नियुक्ति की मंजूरी के लिए विशेष प्रस्तावों को बहुमत से पारित किया गया। कंपनी ने शेयर बाजारों को बताया कि सभी तीन विशेष प्रस्तावों को वैध मतों की कुल संख्या का 75 प्रतिशत से अधिक प्राप्त हुआ। जील ने बयान में कहा, 15 मार्च 2024 को संपन्न दूरस्थ ई-वोटिंग प्रक्रिया का यह परिणाम कंपनी के निदेशक मंडल में शेयरधारकों के विश्वास को दर्शाता है।

# डीजीसीए संशोधित उड़ान सेवा मानदंडों की समय सीमा पर कायम

**नयी दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पायलटों के संशोधित उड़ान सेवा मानदंडों को लागू करने के लिए तय एक जून की समय सीमा को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया है। विमानन नियामक ने एयरलाइंस को 15 अप्रैल तक संशोधित योजनाएं प्रस्तुत करने को कहा है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस (एफआईए) ने नियामक को कम से कम दो बार पत्र लिखकर आठ जनवरी को जारी संशोधित उड़ान सेवा समय सीमा (एफडीटीएल) मानदंडों को लागू करने के लिए अधिक समय मांगा था। एफआईए में एयर इंडिया, स्पाइसजेट और इंडिगो शामिल हैं। एक जून से प्रभावी होने जा रहे नए नियमों के तहत पायलटों को आराम करने का पर्याप्त समय दिया किया गया है, जिससे उनकी थकान को दूर किया जा सके। डीजीसीए ने एफआईए को भेजे एक पत्र में कहा कि एयरलाइंस को एक जून, 2024 से संशोधित एफडीटीएल सीएआर को लागू करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने होंगे। इसके अलावा, एयरलाइंस को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि संशोधित मानदंडों के अनुरूप एफडीटीएल योजनाएं 15 अप्रैल तक अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की जाएं। संशोधित मानदंडों में पायलटों के लिए साप्ताहिक आराम का समय बढ़ाकर 48 घंटे करने और रात के संचालन के दौरान लैंडिंग की संख्या को दो तक सीमित करने का प्रावधान है।



# गुजरात सरकार की नई खरीद नीति घोषित एमएसएमई, महिलाओं को विशेष प्रोत्साहन

**अहमदाबाद ।** गुजरात सरकार ने शनिवार को वस्तुओं और सेवाओं की सरकारी खरीद में एमएसएमई और महिला उद्यमियों के लिए विशेष प्रोत्साहन के साथ अपनी खरीद नीति 2024 घोषित की।



मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि गुजरात खरीद नीति 2024 को एक अप्रैल से लागू किया जाएगा। किसी अन्य संशोधन या अतिरिक्त प्रावधानों को शामिल करते हुए किसी अन्य नीति की घोषणा होने तक यह नीति लागू रहेगी। बयान में कहा गया कि नई नीति राज्य सरकार के सभी विभागों, विभागाध्यक्ष, जिला कार्यालयों, प्राधिकरणों, अनुदान प्राप्त संस्थानों, बोर्डों, निगमों और समितियों की खरीद पर लागू होगी। बयान के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल के मंत्र को ध्यान में रखते हुए सरकार ने इस नीति के जरिए सरकारी खरीद में एमएसएमई और महिलाओं द्वारा संचालित उद्योगों के लिए विशेष प्रोत्साहन का प्रावधान किया है। इसमें कहा गया है कि नई नीति सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) से खरीद को प्रोत्साहित करेगी। विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाले उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा। नई नीति में राज्य के स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने की बात भी कही गई है। इसके तहत राज्य सरकार ने बिना निविदा प्रक्रिया के खरीदारी के लिए पांच लाख रुपये से 15 लाख रुपये तक की विभिन्न सीमाएं तय की हैं।

# बिलासपुर से दिल्ली,कोलकाता की जगदलपुर से जबलपुर की नियमित विमान सेवा इसी माह से

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से दिल्ली और कोलकाता के लिए तथा जगदलपुर से जबलपुर के लिए नियमित विमान सेवा मार्च माह के अंतिम सप्ताह से शुरू होगी। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ में विमान सुविधाओं के विकास और विस्तार के क्रम में यह फैसला किया गया। इसके तहत बिलासपुर विमानतल से दिल्ली और कोलकाता तथा जगदलपुर से जबलपुर-दिल्ली के लिए नियमित वाणिज्य विमान सेवा संचालित करने के लिए राज्य सरकार और विमान सेवा प्रदाता अलायंस एयर के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू के अनुसार, इन तीनों मार्गों पर विमान सेवाएं मार्च माह के अंतिम सप्ताह से नियमित रूप से शुरू होंगी। उन्होंने बताया कि इन उड़ानों में यात्रियों की अनुपलब्धता होने पर लागत-राजस्व मॉडल के आधार पर घाटे की भरपाई के लिए राज्य सरकार एयरलाइन को वित्तीय सहायता देगी। इन विमान सेवाओं में प्रत्येक की 70 सीटों की क्षमता होगी। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 12 मार्च 2024 को अलायंस एयर कम्पनी की दिल्ली- बिलासपुर- दिल्ली और कोलकाता- बिलासपुर- कोलकाता हवाई सेवा का उद्घटान किया था। इसी दिन दिल्ली-जबलपुर-जगदलपुर-जबलपुर-दिल्ली विमान सेवा का उद्घाटन भी किया गया। अलायंस एयर कंपनी के ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम के अनुसार ये तीनों विमान सेवाएं मार्च के अंतिम सप्ताह से नियमित हो जायेंगी।

# पीएम सूर्य घर है मुफ्त बिजली योजना

## छतों पर सौर पैनल लगाने की योजना के तहत एक करोड़ से अधिक परिवारों ने किया पंजीकरण : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि एक करोड़ से अधिक परिवार छत पर सौर पैनल लगाने के लिए पीएम-सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के तहत पहले ही पंजीकरण करा चुके हैं और उन्होंने इसे असाधारण समाचार करार दिया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, देश के सभी हिस्सों से पंजीकरण कराए जा रहे हैं। असम, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश से पांच लाख से अधिक पंजीकरण हुए हैं। प्रधानमंत्री ने अभी तक पंजीकरण न कराने वाले लोगों से जल्द से जल्द ऐसा करने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि यह पहल ऊर्जा उत्पादन सुनिश्चित करने के साथ ही परिवारों के लिए बिजली खर्च में अच्छी-खासी कटौती का वादा करती है। उन्होंने कहा, यह बड़े पैमाने पर पर्यावरण के लिए जीवनशैली (लाइफ) को बढ़ावा देने और एक बेहतर ग्रह बनाने में योगदान देने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने छतों पर सौर पैनल लगाने और एक करोड़ परिवारों के लिए हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने के लिए 75,021 करोड़ रुपये की इस योजना को स्वीकृति प्रदान की थी। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, योजना शुरू



होने के बाद करीब एक महीने में एक करोड़ से अधिक परिवारों ने पीएम-सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के लिए पंजीकरण करा लिया है। जिन्होंने अभी तक पंजीकरण नहीं कराया है, वे जल्द से जल्द पंजीकरण कराएं। प्रधानमंत्री ने 13 फरवरी को इस योजना की शुरुआत की थी। योजना के तहत दो किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली के लिए लागत का 60 प्रतिशत और दो किलोवाट से तीन किलोवाट क्षमता के बीच प्रणाली के लिए अतिरिक्त लागत के 40 प्रतिशत की केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) मिलेगी। यह सहायता तीन किलोवाट तक के लिए है। मौजूदा मानक कीमतों पर देखा जाए तो एक किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली के लिए 30,000 रुपये, दो किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली के लिए 60,000 रुपये और तीन किलोवाट क्षमता या उससे अधिक के लिए सब्सिडी 78,000 रुपये होगी। परिवार राष्ट्रीय पोर्टल के माध्यम से सब्सिडी के लिए आवेदन करेंगे और छत पर सौर ऊर्जा स्थापित करने के लिए एक उपयुक्त विक्रेता का चयन कर सकेंगे।

राष्ट्रीय पोर्टल के जरिये उपयुक्त सौर प्रणाली, लाभ आकलन, विक्रेता रेटिंग आदि जैसी जरूरी जानकारी उपलब्ध होगी। इसके जरिये लोगों को निर्णय लेने में मदद मिलेगी। परिवार वर्तमान में रिहायशी मकानों में छतों पर तीन किलोवाट तक की क्षमता के सौर संयंत्र लगाने के लिए करीब सात प्रति ब्याज पर बिना किसी गारंटी के कर्ज ले सकेंगे। योजना के तहत प्रत्येक जिले के एक गांव को मॉडल सोलर गांव के रूप में विकसित किया जाएगा। यह ग्रामीण क्षेत्रों में छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए रोल मॉडल के रूप में कार्य करेगा। इसके अलावा, स्थानीय शहरी निकायों और पंचायती राज संस्थानों को भी अपने क्षेत्रों में छतों पर सौर संयंत्र लगाने को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

# ईवीएम : अधूरी हसरतों का इल्जाम हम पर लगाना ठीक नहीं

नयी दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से जुड़े तमाम सवालों एवं दावों को खारिज करते हुए शनिवार को कहा कि वोटिंग मशीनें शत प्रतिशत सुरक्षित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि देश की अदालतों ने 40 बार ईवीएम को लेकर दी गई चुनौतियों को खारिज किया है और अब तो अदालतें जुर्माना भी लगाने लगी हैं।

सीईसी के अनुसार, 40 बार इस देश की संवैधानिक अदालतों ने ईपीएम से जुड़ी चुनौतियों को देखा है, कहा गया था कि ईवीएम हैक हो सकती है, चोरी हो जाती है, खराब हो सकती हैं, नतीजे बदल सकते हैं, हर बार संवैधानिक अदालतों ने इसे खारिज कर दिया। अन्होंने कहा, अदालतों ने कहा कि इसमें वायरस नहीं हो सकता, छेड़छाड़ नहीं हो सकती, अब तो अदालत ने जुर्माना लगाना शुरू




कर दिया है। उच्चतम न्यायालय ने 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

कुमार ने एक किताब दिखाते हुए कहा, थोड़ा पढ़ने की कोशिश करिये। हमारी वेबसाइट पर है। कोई भी विशेषज्ञ बन जाता है। उन्होंने कहा कि ईवीएम के युग में कई छोटे राजनीतिक दल अस्तित्व में आए, जबकि मतपत्रों के दौर में ऐसा नहीं था। कुमार का कहना था कि उम्मीदवारों के सामने मॉक पोल होता है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, अधूरी हसरतों का इल्जाम हर बार हम पर लगाना ठीक नहीं, वफा खुद से नहीं होती खता ईवीएम की कहते हो। बाद में गोया परिणाम आता है तो उस पर कायम नहीं रहते।

संक्षेप

## रूस में राष्ट्रपति चुनाव के लिए दूसरे दिन मतदान जारी

मॉस्को। रूस में राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान के दूसरे दिन शनिवार को मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं। चुनाव में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को छह और साल का कार्यकाल मिलना तय माना जा रहा है। देश के 11 टाइम जोन के साथ ही यूक्रेन के अवैध रूप से कब्जाए क्षेत्रों में स्थित मतदान केंद्रों में मतदान जारी है। यह चुनाव स्वतंत्र मीडिया और प्रतिष्ठित अधिकार समूहों के दमन, पुतिन को राजनीतिक व्यवस्था पर पूर्ण नियंत्रण देने और यूक्रेन के खिलाफ मॉस्को के युद्ध के दो साल पूरे होने के बाद हो रहा है। चुनाव ऐसे समय में हो रहा है जब पुतिन के राजनीतिक विरोधी या तो जेल में हैं या विदेश में निर्वासित हैं। पुतिन के धुर विरोधी व सबसे मुखर विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की फरवरी में आर्कटिक जेल में 47 वर्ष की आयु में मौत हो गई थी। अधिकारियों ने कहा कि मतदान व्यवस्थित रूप से जारी है। लेकिन कड़े नियंत्रण के बावजूद, मतदान केंद्रों पर तोड़फोड़ के कम से कम आधा दर्जन मामले सामने आए हैं। पश्चिमी देशों के नेताओं ने इस चुनाव को लोकतंत्र का उपहास बताया है। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स माइकल ने कटाक्ष करते हुए शुक्रवार को पुतिन को चुनाव में जबरदस्त जीत की बधाई दी, जिसके लिए तकनीकी रूप से मतदान अभी जारी है।

# सामाजिक, आर्थिक और जाति जनगणना की गारंटी : खरगे

एजेंसी

बेंगलुरु। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा चुनाव से पहले शनिवार को अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण पर लगी 50 प्रतिशत की सीमा को बढ़ाने के लिए संविधान संशोधन पारित करने और एक व्यापक सामाजिक, आर्थिक और जातिगत जनगणना कराने का वादा किया। ये वादे श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय के लिए शनिवार को पार्टी द्वारा घोषित पांच अन्य गारंटियों में शामिल हैं। खरगे ने हिस्सेदारी न्याय के तहत आने वाली गारंटी गिनाते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी एक व्यापक सामाजिक, आर्थिक व जाति जनगणना की गारंटी देती है।



इसके माध्यम से सभी जातियों व समुदायों की जनसंख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, राष्ट्रीय संपत्ति में उनकी हिस्सेदारी और शासन से संबंधित संस्थानों में उनके प्रतिनिधित्व का सर्वेक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सकारात्मक नीति देश में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। खरगे ने कहा, कांग्रेस यह गारंटी भी देती है कि वह एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण पर लगी 50 प्रतिशत की सीमा बढ़ाने के लिए एक संविधान संशोधन पारित करेगी 50 प्रतिशत सीमा बढ़ाकर 60, 65 की जा सकती है। तमिलनाडु की तरह, उन्होंने जो किया, हम भी करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एससी और एसटी की विशेष घटक योजना को कानून द्वारा पुनर्जीवित व लागू करने की गारंटी देती है। खरगे ने कहा कि कुछ कांग्रेस शासित राज्यों में यह कदम पहले ही उठाया जा चुका है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी वन अधिकार अधिनियम के सभी लंबित दावों को एक साल में हल करने और खारिज किए गए दावों की छह महीने के अंदर समीक्षा के लिए एक पारदर्शी प्रक्रिया शुरू करने की गारंटी देती है। खरगे ने कहा, अपनी धरती, अपना राज के तहत कांग्रेस लघु वन उपज के लिए एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) की गारंटी भी बढ़ाएगी। पार्टी आदिवासी भाई-बहनों को स्वशासन और उनके सांस्कृतिक अधिकारों की सुरक्षा की गारंटी देती है।

# चुनावी बॉण्ड जबरन वसूली गिरोह : राहुल

एजेंसी

ठाणे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर हमले तेज करते हुए चुनावी बॉण्ड योजना को सरकारें गिराने व राजनीतिक दलों को विभाजित करने के लिए इस्तेमाल किया गया जबरन वसूली गिरोह करार दिया।

उन्होंने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के मुंबई के लिए रवाना होने से पहले महाराष्ट्र के ठाणे में जंभाली नाका पर लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। गांधी ने आरोप लगाया, चुनावी बॉण्ड योजना एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का जबरन वसूली गिरोह है और जो लोग



विरोध करते हैं, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और आयकर विभाग उनके पीछे पड़ जाते हैं। गांधी ने कहा, यह एक जबरन वसूली गिरोह है जिसका इस्तेमाल विपक्षी दलों के नेतृत्व वाली सरकारों को गिराने और राजनीतिक दलों को विभाजित करने के लिए किया गया।

उन्होंने एकनाथ शिंद के नेतृत्व में शिवसेना में हुए विद्रोह और अजित पवार की अगुवाई में राकांपा में हुई बगावत का जिक्र करते हुए कहा, क्या आपको लगता है कि शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक मुफ्त में भाग गए हैं? गांधी ने कहा कि पिछड़े समुदायों, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों और सामान्य वर्ग के गरीबों की आबादी 80 प्रतिशत से अधिक है, लेकिन सरकारी व निजी क्षेत्रों में शीर्ष पदों पर उनका प्रतिनिधित्व बहुत कम है।

# 23 से तीन देशों के दौरे पर विदेश मंत्री

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर 23 मार्च से सिंगापुर, फिलीपीन और मलेशिया की पांच दिवसीय यात्रा पर जायेंगे।

इस यात्रा का उद्देश्य भारत और इन देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देना और आपसी चिंता के क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करना है। इस बात की संभावना है कि जयशंकर पहले सिंगापुर जाएंगे। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने शनिवार को एक संक्षिप्त बयान में कहा, विदेश मंत्री एस.



जयशंकर इन तीनों देशों के विदेश मंत्रियों के निमंत्रण पर 23 से 27 मार्च तक सिंगापुर, फिलीपीन और मलेशिया की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे।

# सऊदी अरब के युवराज ने दिया पाक की मदद करने का भरोसा

एजेंसी

इस्लामाबाद। सऊदी अरब के युवराज और वस्तुतः शासक मोहम्मद बिन सलमान ने शनिवार को पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को भरोसा दिया कि वह आर्थिक संकट से गुजर रहे उनके देश को पूरा समर्थन देंगे। सऊदी अरब ने हाल के वर्षों में पाकिस्तान के कम विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने के लिए बड़ी मात्रा में राशि पाकिस्तान के बैंक में जमा कराया और नकदी संकट से जूझ रहे देश की मदद की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ)



के एक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री शहबाज को सऊदी अरब के युवराज और प्रधानमंत्री ने टेलीफोन पर बातचीत कर बधाई दी है। बयान में कहा गया, सऊदी युवराज ने प्रधानमंत्री को उनकी उदार भावनाओं के लिए धन्यवाद दिया।

# इस्लामोफोबिया पर मतदान से दूर रहा भारत

एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने इस्लामोफोबिया को लेकर संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान की ओर से पेश और चीन द्वारा सह-प्रायोजित मसौदा प्रस्ताव से दूरी बनाते हुए कहा कि केवल एक धर्म के बजाय हिंदू, बौद्ध, सिख और हिंसा व भेदभाव का सामना करने वाले अन्य धर्मों के खिलाफ धार्मिक भयै की व्यापकता को भी स्वीकार किया जाना चाहिए। इस दौरान जब पाकिस्तान के दूत ने अयोध्या में स्थित राम मंदिर का जिक्र किया तो भारत ने कड़ी आपत्ति जताई। शुक्रवार को 193 सदस्यीय महासभा ने पाकिस्तान द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव इस्लामोफोबिया से निपटने के उपाय को मंजूरी दी। 115 देशों ने




प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, किसी ने भी विरोध नहीं किया और भारत, ब्राजील, फ्रांस, जर्मनी, इटली, यूक्रेन तथा ब्रिटेन समेत 44 देश मतदान से दूर रहे। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने यहूदी-विरोध, ईसाईफोबिया और इस्लामोफोबिया (इस्लाम के प्रति पूर्वाग्रह) से प्रेरित सभी कृत्यों की निंदा की। उन्होंने कहा कि यह स्वीकार करना जरूरी है कि इस तरह का फोबिया (पूर्वाग्रह) अब्राहिमी धर्मों से परे भी फैला हुआ है। उन्होंने प्रस्ताव के बारे में भारत के रुख को लेकर स्पष्टीकरण में कहा, स्पष्ट साक्ष्यों से पता चलता है कि दशकों से, गैर-अब्राहिमी धर्मों के अनुयायी भी धार्मिक पूर्वाग्रह से प्रभावित हुए हैं। इससे विशेष रूप से हिंदू विरोधी, बौद्ध विरोधी और सिख विरोधी धार्मिक पूर्वाग्रह के समकालीन रूपों का उदय हुआ है।

इंटरटेनमेंट...

# टीवी टीआरपी : जानिए कौन से हैं टॉप 5 शोज

मुंबई। इस हफ्ते की बीएआरसी टीआरपी रिपोर्ट आ गई है। सीरियल 'अनुपमा' टीआरपी चार्ट में इस बार भी टॉप पर है। वहीं, सीरियल 'झनक' ने 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' को पछाड़कर दूसरे पोजिशन पर अपनी जगह बना ली है। पिछले हफ्ते की तरह, इस बार भी रुपाली गांगुली और गौरव खन्ना स्टारर 'अनुपमा' को 2.6 मिलियन व्यूअरशिप इंप्रेशंस मिले हैं। इस शो ने पिछले कई महीनों से अपनी टॉप पोजिशन बनाए रखने में कामयाब रहा।

चार महीने पहले शुरू हुए शो 'झनक' की कहानी ऑडियंस को पसंद आ रही है। इस हफ्ते, हिबा नवाब और क्रुशाल आहूजा स्टारर इस शो ने 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' को पछाड़कर दूसरे पोजिशन पर अपनी जगह बना ली। 'गुम है किसी के प्यार में' को भी इस हफ्ते 2.3 मिलियन व्यूअरशिप इंप्रेशंस मिले हैं। दोनों ही शोज दूसरे स्थान पर हैं। समृद्धि शुक्ला और शहजादा धामी स्टारर 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में दर्शकों को लीड एक्टर्स के बीच की केमिस्ट्री पसंद आ रही है। 2.2 मिलियन व्यूअरशिप इंप्रेशंस के साथ, शो तीसरे स्थान पर है। पिछले हफ्ते के मुकाबले, 'शिव शक्ति - तप त्याग तांडव' की रेटिंग में थोड़ा बहुत उछाल



देखने को मिला। वहीं, 'पंड्या स्टोर' अपनी पोजिशन पर बरकरार है। 1.8 मिलियन व्यूअरशिप इंप्रेशंस के साथ, दोनों शोज चौथे स्थान पर हैं।

# लैक्मे फैशन में रकुल, सारा और श्रुति हसन भी शोस्टॉपर बनीं

मुंबइ। इन दिनों लैक्मे फैशन वीक की काफी चर्चा है। आज इस फैशन वीक का चौथा दिन है। फातिमा सना शेख पर्पल बैकलेस लहंगे में रैंप वॉक करती नजर आईं। सारा अली खान भी ग्लिटरी टच के लहंगे में नजर आईं। मलाइका अरोड़ा फ्लोरल लहंगे में दिखाई दीं, वहीं रकुल प्रीत सिंह ने स्लिट स्टाइल क्रॉप टॉप कैरी किया। फातिमा सना शेख लेवल वीका के डिजाइन किए ड्रेस में रैंप वॉक करती नजर आईं। पर्पल लहंगे में वे काफी खूबसूरत नजर आ रही थीं। सारा अली खान भी रैंप पर चलती नजर आईं। उन्होंने इस दौरान वरुण चक्किलम का डिजाइन किया हुआ ड्रेस पहना। 50



साल की एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा भी कहां पीछे रहने वाली थीं।

# मर्डर मुबारक : सस्पेंस और कॉमेडी का तगड़ा डोज

मुंबई। फिल्म मर्डर मुबारक ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर आज रिलीज हुई। सस्पेंस और कॉमेडी ड्रामा इस फिल्म की लेंथ 2 घंटे 13 मिनट है। फिल्म को 5 में 3.5 स्टार रेटिंग दी है। फिल्म की कहानी अपर क्लास लोगों की दुनिया की झलक दिखाती है। साथ ही यह एहसास भी दिलाती है कि अक्सर जो दिखता है वो होता नहीं। द रॉयल दिल्ली क्लब, यह वो जगह है जहां इस कहानी की शुरूआत होती है। दिवाली पार्टी चल रही होती है, एक्टर से लेकर बिजनेस पर्सन, राजा से लेकर महाराजा तक सभी इसमें मौजूद होते हैं। तभी एक बच्ची के चिल्लाने की आवाज आती है।

इसके कुछ देर बाद लियो मैथ्यू (आशिम गुलाटी) की एक्सरसाइज करते हुए मौत हो जाती है। इस मौत को क्लब के प्रेसिडेंट एक हादसा बता कर केस बंद करने को कहते हैं। हालांकि, एसीपी भवानी सिंह (पंकज त्रिपाठी) अपने अनोखे अंदाज से पता लगा ही लेते हैं कि यह कोई हादसा नहीं बल्कि एक सोची समझी साजिश है। शक की सुई सभी पर जाती है। सब एक-एक करके एसीपी भवानी सिंह के रडार पर हैं और इस तरह सभी की जिंदगी से जुड़ी असलियत सामने आ जाती है। फिल्म में कई ट्विस्ट और टर्न हैं। जब लगेगा कि आपने असली कातिल को पहचान लिया तब शक की सुई किसी और की तरफ इशारा करने लगेगी। फिल्म शुरू से लेकर अंत तक एंटरटेनमेंट से लेकर रोमांच बनाए हुए है। फिल्म




में यह देखना बेहद दिलचस्प है कि किस तरह से एसीपी भवानी सिंह इस मर्डर मिस्ट्री को सुलझाते हैं और इसके साथ कई और राज से भी पर्दा उठाते हैं। फिल्म मल्टीस्टारर है, फिल्म में काशी (विजय वर्मा) और बांबी तोड़ी (सारा अली खान) की लव स्टोरी भी देखने मिलती है। इसके साथ ही फिल्म में टिस्का चोपड़ा, संजय कपूर, डिंपल कपाड़िया और लंबे वक्त बाद करिश्मा कपूर भी देखने को मिलेंगी। हालांकि, इस बार भी पंकज त्रिपाठी ने अपनी शानदार एक्टिंग से लाइमलाइट लूट ली है। पूरी फिल्म में पंकज त्रिपाठी आपको अपने अनोखे अंदाज से हंसने के साथ केस में दिलचस्पी बनाए रखने को मजबूर करते हैं। होमी अदजानिया फिल्म के डायरेक्टर हैं। उन्होंने फिल्म को शुरू से लेकर अंत तक क्रिस्प बनाए रखा है। गजल धालीवाल और सुप्रोतिम सेनगुप्ता की लिखी कहानी अलग है और खुद के साथ बांधे रखती है। फिल्म की शुरूआत में ही बोल्ड सीन्स हैं, जो दर्शकों को खटक सकते हैं। फिल्म में एक-दो सीन बेवजह रखे गए हैं। अगर इसे ट्रीम किया गया रहता तो फिल्म और भी क्रिस्प हो सकती थी।

होमी अदजानिया (बाएं) ने कॉकटेल और सास बहू और फ्लेमिंगो जैसी कई फिल्में और शोज का डायरेक्शन किया है। सस्पेंस और हल्की फुल्की कॉमेडी से भरपूर यह फिल्म मस्ट वॉच की कैटेगरी में आती है। फिल्म में अंत तक इंटरेस्ट बनाए रखने की कोशिश की गई है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई है, इसलिए इसे देखने के लिए आपको बाहर जाने की भी जरूरत नहीं है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com
C M Y K